मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 10:30 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 नवंबर 2024
वर्ष 34, अंक 300, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो 14

बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन 13

## एक नजर

### बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा का निधन

**रांची।** आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के प्रपौत्र मंगल मुंडा की शुक्रवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मंगल मुंडा (45) एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे और यहां राज्य के शीर्ष अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में उनका इलाज किया जा रहा था। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने रिम्स में रात साढ़े 12 बजे अंतिम सांस ली। झारखंड के खूंटी जिले में 25 नवंबर को एक यात्री वाहन की छत से गिरने के कारण मंगल मुंडा के सिर में गंभीर चोट आई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुंडा के निधन को झारखंड के आदिवासी समाज के लिए क्षति बताया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी शोक व्यक्त किया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी: पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम

**दुबई/कराची।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के कार्यकारी बोर्ड की चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम को लेकर बुलाई गई आपात बैठक में कोई सहमति नहीं बन पाई क्योंकि पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल में इस प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं करना चाहता है। बैठक शनिवार को फिर से होगी। इस बीच दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड के रुख को दोहराया कि भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है।

### मप्र में करंट लगने से हाथी की गई जान

**सतना।** मध्यप्रदेश के मैहर जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के कुंआ गांव में करेंट लगने से एक जंगली हाथी की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार 11 केवी की विद्युत लाइन के तार के छू जाने के कारण गुरुवार की रात एक जंगली हाथी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार हेतु हाथी को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

# निचली अदालत मस्जिद सर्वेक्षण पर आगे न बढ़े

## सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट जाने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- संभल सर्वे : तब तक यथास्थिति बरकरार रखने का दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने संभल की शाही जामा मस्जिद सर्वेक्षण विवाद के मामले शुक्रवार को जिला अदालत से कहा कि वह हाईकोर्ट में सुनवाई होने तक कोई कार्यवाही न करे। इसके साथ ही याचिकाकर्ता शाही जामा मस्जिद समिति को इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने और राज्य सरकार को इलाके में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने प्रदेश सरकार को उस क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने का निर्देश दिया, जहां भारी पथराव के दौरान पांच उपद्रवियों की पिछले दिनों मौत हो गई थी। पीठ ने आदेश दिया कि यदि कोई पुनरीक्षण आवेदन दाखिल किया जाता है, तो उस पर हाईकोर्ट में तीन दिनों के अंदर सुनवाई की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि अधिवक्ता आयुक्त की सर्वेक्षण रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में रखी जाए। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम नहीं चाहते कि इस बीच कुछ भी हो उन्हें (शाही जामा मस्जिद समिति) उचित उपाय करने दें। हम इसे लंबित रखेंगे। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने कहा कि यह सर्वेक्षण करने का आदेश जनता को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि देश भर में 10 ऐसे मुकदमे लंबित हैं, जिनमें सर्वेक्षण कराने की मांग की गई है। पीठ ने कहा कि हमें उम्मीद है और भरोसा है कि ट्रायल कोर्ट कोई कार्यवाही नहीं करेगा। हमने गुण-दोष के आधार पर कोई राय नहीं दी है।



### जनवरी में सूचीबद्ध करने का निर्देश

पीठ ने मामले को 6 जनवरी से शुरू होने वाले सप्ताह में विचार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। पीठ के समक्ष वादी हरि शंकर जैन और अन्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा था कि सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग) के समक्ष सुनवाई की अगली तारीख 8 जनवरी तय की गई है।

### मथुरा-शाही ईदगाह मामले में 9 दिसंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित हिंदू पक्ष के 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति की याचिका पर 9 दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इस पर विस्तार से सुनवाई होगी। हम इस पर 9 दिसंबर को दोपहर 2 बजे विचार करेंगे। हमें यह तय करना है कि कानूनी स्थिति क्या है।

### सर्वे मामले की सुनवाई अब 8 जनवरी को

**चन्दौसी।** कड़ी सुरक्षा के बीच जिला न्यायालय स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में शुक्रवार को जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा करने वाले मामले की सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट कमिश्नर ने सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए समय मांगा। इस पर न्यायालय ने 10 दिन का समय सर्वे रिपोर्ट पेश करने के लिए दिया। न्यायालय में आगामी सुनवाई 8 जनवरी को होगी।

### हाईकोर्ट में दो और याचिकाएं दाखिल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में संभल हिंसा को लेकर दो और याचिकाएं दाखिल की गई हैं। पहली याचिका हजरत ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता साहेर नकवी और मोहम्मद आरिफ के माध्यम से दाखिल हुईं। पुलिस गोलीबारी पर सवाल उठाते हुए नागरिक अधिकार संरक्षण संगठन द्वारा अधिवक्ता पवन यादव के माध्यम से एक अन्य याचिका दाखिल की गई।

# राज कुंद्रा-शिल्पा शेट्टी के घर ईडी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कानपुर

- कानपुर, गोरखपुर और कुशीनगर में भी छापेमारी
- पोर्नोग्राफी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा समेत कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की। मामला अश्लील कंटेंट (पोर्नोग्राफी) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का है, जिसे लेकर मुंबई के अलावा उत्तर प्रदेश में करीब 15 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। इस छापेमारी का उद्देश्य मोबाइल एप्लिकेशन और अन्य माध्यमों से अश्लील कंटेंट बनाने के साथ इसके प्रसार, खरीद-फरोख्त में संदिग्धों की भूमिका का राजफाश करना है।

उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को कानपुर, कुशीनगर समेत कई जिलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापेमारी की। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राजकुंद्रा बड़े कारोबारी हैं। राज कुंद्रा के खिलाफ ही मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की टीम राजकुंद्रा प्रोडक्शन का काम देखने वाले कर्मचारियों और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

राजकुंद्रा के एक करीबी अतुल श्रीवास्तव को गोरखपुर से ईडी ने हिरासत में लिया। अतुल के पडरौना बैंक खाते से लेन-देन के शक में जांच की जा रही है। सॉफ्टवेयर कंपनी चलाने वाले अतुल के पडरौना स्थित घर में पिता प्रमोद श्रीवास्तव और मां से पूछताछ की गई। राज कुंद्रा के पोर्नोग्राफी और मनी लांड्रिंग के मामले में राज प्रोडेक्शन का काम संभालने वाले अरविंद श्रीवास्तव के कानपुर में श्यामनगर स्थित सदन अपार्टमेंट के फ्लैट पर भी सुबह 8.30 बजे ईडी ने छापेमारी की। इस दौरान अरविंद मौके पर नहीं मिला, लेकिन टीम ने उसके पिता नर्वदा श्रीवास्तव से पूछताछ की। देर शाम 7 बजे तक पूछताछ और छानबीन जारी थी। अरविंद कानपुर आईआईटी से इंजीनियरिंग करने के बाद पत्नी हर्षिता के साथ सिंगापुर में रहता है। अरविंद सिंगापुर में रहकर राज कुंद्रा प्रोडक्शन का काम संभाल रहा था।

सूत्रों ने बताया कि अरविंद की पत्नी हर्षिता के बैंक खाते में मई 2019 से 2021 के बीच 2 करोड़ 33 लाख 222 रुपये आए थे। इसी के बाद हर्षिता और अरविंद की जांच चल रही है। वर्ष 2021 में मुंबई पुलिस ने एक लड़की की शिकायत पर कुंद्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### 40 से अधिक प्रतिष्ठानों पर आयकर का छापा

**लखनऊ/कानपुर :** आयकर विभाग की टीम कानपुर की एक बड़ी इस्पात कंपनी समेत उनसे जुड़े 40 से अधिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर रही है। कानपुर के साथ ही उन्नाव, हमीरपुर, गाजियाबाद, नोएडा समेत कई शहरों में आयकर टीमें जांच करती रहीं। कंपनी संचालक के आवास, अलग-अलग शहरों में संचालित फैक्ट्रियों के अलावा कारोबार से जुड़े कई व्यापारियों के ठिकानों पर भी टीमें पहुंचीं।

## डॉ. रतन पाल सिंह बने स्वास्थ्य महानिदेशक



**लखनऊ।** प्रदेश में महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. रतन पाल सिंह सुमन को नया स्वास्थ्य महानिदेशक बनाया गया है। विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी की ओर से जारी आदेश में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. सुषमा सिंह को महानिदेशक परिवार कल्याण बनाया गया है। साथ ही अन्य आदेश में बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण को महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अपर निदेशक अयोध्या मंडल डॉ. सुशील गुप्ता को बलरामपुर अस्पताल का निदेशक नियुक्त किया गया है।

## वे अब चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते : प्रधानमंत्री

भुवनेश्वर, एजेंसी

- ओडिशा में पार्टी के कार्यक्रम में मोदी ने कहा- सत्ता के लिए विपक्ष जनता को कर रहा गुमराह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी दलों पर सत्ता हासिल करने के लिए देश को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि सत्ता के भूखे ये लोग जनता से सिर्फ झूठ बोलते आए हैं। उन्होंने इस क्रम में साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस की ओर से चलाए गए चौकीदार चोर है अभियान का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जो चौकीदार 2019 में उनके लिए चोर था, वह साल 2024 आते-आते ईमानदार हो गया और अब वे एक बार भी चौकीदार को चोर नहीं बोल पाते। उन्होंने कहा कि विपक्ष का मकसद सिर्फ किसी तरह देश की जनता को गुमराह कर सत्ता पर कब्जा किया जाए, ताकि देश को लूटा जा सके। लगातार हो रही चुनावी हार ने विपक्षी दलों के भीतर इतना गुस्सा भर दिया है कि वे अब देश के खिलाफ साजिश करने में जुट गए हैं। भाजपा की ओडिशा इकाई के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी झूठ और अफवाह की दुकान 50-60 साल से चल रही है।

## संविदा बिजली कर्मियों ने हड़ताल की तो होंगे बर्खास्त

**लखनऊ।** पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के संविदा कर्मियों ने हड़ताल की तो उन्हें बर्खास्त किया जाएगा। ऊर्जा निगमों के निजीकरण को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच संविदा कर्मियों को यह चेतावनी मिलना शुरू हो गई है। संविदा कर्मियों के नेता देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि चेतावनी के बाद उनकी प्रबंधन स्तर पर वार्ता हो चुकी है। प्रबंधन ने संविदा कर्मियों के साथ कोई अन्याय न होने का दावा किया है। इस संबंध में 8 दिसंबर को संगठन कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में जो निर्णय होगा, उसी आधार पर संविदा कर्मी अपने आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे।



## महाकुंभ की तैयारी को लेकर मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की महातैयारी में दोनों उप मुख्यमंत्रियों समेत मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कहा कि महाकुंभ नव्यता, दिव्यता और भव्यता की मिसाल बनेगा। मंत्रीगण सभी विभागीय तैयारियों पर पूरा फोकस करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी प्रदेशों में महाकुंभ के पैवेलियन का नेतृत्व भी करेंगे। पैवेलियन में प्रदेश की हस्तशिल्प, लोक संस्कृति और पर्यटन का प्रदर्शन होगा। साथ ही, उन प्रदेशों के राज्यपाल, मुख्यमंत्रियों समेत खास अतिथियों को निमंत्रित किया जाएगा। बैठक में इसके लिए टीम भी बनाई गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर शुक्रवार को हुई बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत करीब सभी मंत्री शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी के 13 दिसबंर को आने से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के साथ तय हुआ कि प्रयागराज में महाकुंभ-2025 की थीम पर उप्र सरकार का पैवेलियन हर प्रदेश में बनेगा। इससे तीर्थयात्रियों और श्रद्धालुओं का आकर्षण बढ़ेगा।

# सर्जन बनने से कतरा रहे एमबीबीएस डॉक्टर

## वरिष्ठ चिकित्सकों ने रुचि कम होने के कारण को अमृत विचार से किया साझा

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**लंबी पढ़ाई और हाई रिस्क जोन बनी बड़ी वजह**

**अमृत विचार :** सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन की मांग के बावजूद एमबीबीएस डॉक्टर्स नॉन सर्जरी जैसे पाठ्यक्रम को अधिक महत्व दे रहे हैं। इस वर्ष नीट पीजी ऑल इंडिया काउंसलिंग में इसके प्रमाण मिले हैं। पहले राउंड में मात्र 14 प्रतिशत एमबीबीएस चिकित्सकों ने एमएस (सर्जरी की सभी शाखाएं) में दाखिला लिया है। ये डॉक्टर, विशेषज्ञ तो बनेंगे मगर सर्जन नहीं होंगे। विशेषज्ञों से इसका कारण पूछा गया तो किसी ने इसकी वजह अस्पतालों में तोड़फोड़, मरीज-तीमारदारों का अभद्र व्यवहार बताया तो किसी ने लंबी पढ़ाई व महंगे सेटअप का हवाला दिया। सर्जरी का भविष्य क्या होगा, अमृत विचार ने इस सवाल का जवाब वरिष्ठ चिकित्सकों से बातचीत कर समझा।



सर्जन ही नहीं, स्त्री रोग विशेषज्ञों को भी रात-दिन ड्यूटी करनी होती है। इमरजेंसी ड्यूटी का घर-परिवार पर खासा प्रभाव पड़ता है। प्रसव के दौरान ब्लीडिंग होने का खतरा ज्यादा होता है। दूसरा, अगर सुरक्षित प्रसव के लिए सिजेरियन किया तो रुपये कमाने के आरोप लगते हैं। हर डॉक्टर तनाव नहीं सुकून चाहता है। इसलिए टॉपर्स, जिसके पास विकल्प हैं, नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं।

– डॉ. अतुल कुमार अग्रवाल, बाल रोग विशेषज्ञ, बरेली



जनरल सर्जरी के बाद बाद सुपर स्पेशयलिटी करनी होती है। सर्जरी सीखने में समय अधिक लगता है। ओटी सेटअप लगाना अत्यधिक महंगा है। साथ ही इलाज से असंतुष्ट होने पर तीमारदारों के अभद्र व्यवहार की वजह से सर्जरी क्षेत्र हाई रिस्क जोन बन चुका है। इसलिए युवा डॉक्टर्स नॉन सर्जिकल ब्रांच को महत्व दे रहे हैं।

– प्रो. जेडी रावत, विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक सर्जरी केजीएमयू व अध्यक्ष आईएमए, लखनऊ



विशेषज्ञता कोई भी हो, सरकारी नौकरी में वेतन बराबर है। जबकि सर्जन को इमरजेंसी समेत हर स्तर पर सतर्क रहना पड़ता है। सर्जिकल ब्रांच में इमरजेंसी होती है, जिससे सर्जंस की निजी लाइफ खासी प्रभावित होती है। कम एडमिशन हो रहे हैं, भविष्य में इसका खास प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि सीटें सभी फुल होती हैं।

– प्रो. निशा सिंह, क्वीन मेरी, केजीएमयू



मेडिको लीगल मामले अधिक आते हैं, आएदिन मारपीट की घटनाएं हो रहीं हैं। सभी डॉक्टर अपनी जान बचाना चाहते हैं और सुरक्षित जोन चुन रहे हैं। विदेशों में टॉपर्स को सर्जरी में दाखिला मिलता है, भारत में उलटा है। टापर्स के पास विकल्प होता है, इसलिए नॉन सर्जरी ब्रांच अपना रहे हैं। इतना ही नहीं अच्छा सर्जन बनने में करीब 40 साल की उम्र बीत जाती है।

– डॉ. अंकित पचौरी, पूर्व उपाध्यक्ष आरडीए कैंसर इंस्टीट्यूट, लखनऊ

## जांच खत्म होते ही हिमांशु बने डीआईजी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभागीय जांच में बेदाग होते ही प्रदेश सरकार ने उप्र. कैडर के वर्ष 2010 बैच के आईपीएस हिमांशु कुमार को डीआईजी के पद पर प्रोन्नत कर दिया है। इसके पहले प्रोन्नत समिति की बैठक में विभागीय जांच की वजह से लिफाफा बंद रखा गया था। आईपीएस हिमांशु कुमार के खिलाफ चल रही विभागीय जांच 19 नवंबर को समाप्त कर दी गई थी, उनपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप सही नहीं पाए गए। इसके बाद गृह विभाग ने उन्हें डीआईजी के पद पर पदोन्नत करने का आदेश जारी किया है। उन्हें पहले का रोका गया 1 जनवरी 2023 से सेलेक्शन ग्रेड लेवल 13 समेत 1 जनवरी 2024 डीआईजी पद पर प्रोन्नति और वेतनमान पे मैट्रिक्स लेवल 13-ए देने का आदेश हुआ है। फिलहाल हिमांशु कुमार मणिपुर हिंसा की जांच के लिए भेजी गई सीबीआई की विशेष टीम के सदस्य हैं। डीआईजी बनने पर उनकी वापसी होनी है। इसके बाद उन्हें नई जगह तैनात किया जाएगा।

## एक नजर

### प्रो. शोभा गौड़ विंध्यवासिनी विवि की अंतरिम कुलपति बनीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्ष व डीन शिक्षा शास्त्र विभाग प्रोफेसर शोभा गौड़ को मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर का अंतरिम प्रथम कुलपति नियुक्त किया गया है। इस सिलसिले में शुक्रवार को शासन की ओर से प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल ने आदेश जारी किया।

### तीन सीएमएस नियुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के तीन अस्पतालों में नये मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) बनाए गए हैं। नये सीएमएस बनने वालों में कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय कानपुर में डॉ.नवीन चंद को, जिला अस्पताल चित्रकूट में डॉ. शैलेंद्र कुमार को और 50 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय प्रतापगढ़ का सीएमएस डॉ. अमरनाथ को बनाया गया है।

### बसपा प्रमुख आज करेंगी समीक्षा बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती 30 नवंबर को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करेंगी। बैठक में प्रदेश व उत्तराखंड के प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा के जिला अध्यक्ष भी शामिल होंगे।

### बिजली अभियंताओं ने मनाया संकल्प दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली अभियंताओं ने शुक्रवार को प्रदेशभर में संकल्प दिवस मनाया। लखनऊ मुख्यालय पर संकल्प दिवस का आयोजन हाइडिल फील्ड हॉस्टल में किया गया। इस दौरान अभियंताओं ने अभियंता समुदाय की प्रतिष्ठता व आत्म-सम्मान की रक्षा के लिए शपथ ली। कार्यक्रम में आल इंडिया पावर इंजीनियर फेडरेशन के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे समेत काफी संख्या में सदस्य शामिल हुए।

# विपक्ष भयभीत, अगली बार इससे भी बड़ी होगी जीत

**उप चुनाव में विजयी एनडीए के सात विधायकों का भाजपा के राज्य मुख्यालय में हुआ अभिनंदन**

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा, एकजुटता से भाजपा कार्यकर्ताओं ने असंभव को संभव बनाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उप चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गए हैं। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में इससे भी बड़ी जीत हासिल करेंगे। योगी ने कार्यकर्ताओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उप चुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय में उप चुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के भव्य अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां भाजपा ने न केवल जीत हासिल की बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है।

इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, सुरेश खन्ना, संजय निषाद, अनिल कुमार समेत जेपीएस राठौर, गुलाब देवी, दयाशंकर सिंह, कपिल देव अग्रवाल, संदीप सिंह, ब्रजेश सिंह, संतोष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, ब्रजबहादुर, गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, सुभाष यदुवंश, शंकर गिरि, शिवभूषण सिंह आदि मौजूद रहे।




लखनऊ स्थित प्रदेश पार्टी मुख्यालय में विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के अभिनंदन कार्यक्रम में मौजूद मुख्यमंत्री योगी।

### विधानसभा अध्यक्ष ने उप चुनाव में विजयी प्रत्याशियों को दिलाई शपथ



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

**अमृत विचार :** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानभवन के तिलक हाल में शुक्रवार को उप चुनाव में विजयी घोषित मीरापुर से मिथिलेश पाल (रालोद), कुंदरकी से भाजपा विधायक रामवीर सिंह, फूलपुर से दीपक पटेल, खैर से सुरेंद्र दिलेर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवां से सुचिष्मिता मौर्य को शपथ दिलाई। सतीश महाना ने नवनिर्वाचित विधायकों को सदन की कार्यवाही में अधिक से अधिक समय देने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही का अनुभव पुस्तकों से नहीं, बल्कि सदन में बैठकर और बहस में भाग लेकर ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा, सदन में उपस्थिति और योगदान से यह साफ हो जाएगा कि कौन विधायक कितनी गंभीरता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहा है।

### नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रहा विपक्ष : भूपेंद्र

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि विपक्ष अपनी पराजय सुनिश्चित मानकर नकारात्मक एजेंडे पर काम कर रहा है। हमें विपक्ष की झूठ और नकारात्मक राजनीति का मुंहतोड़ जवाब देना है, उनका पर्दाफाश करना है।

### फर्जी पीडीए की हार है उप चुनाव : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उपचुनाव की इस जीत ने 2027 का झंडा बुलंद कर दिया है। कार्यकर्ताओं के उत्साह और परिश्रम से एक बार फिर सपा को समाप्तवादी पार्टी बना देंगे। यह उप चुनाव फर्जी पीडीए की हार है। समरसता की जीत है।

### 2027 में 2017 से भी बड़ी जीत होगी : ब्रजेश

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सीसामऊ में कम अंतर से चुनाव हारे हैं, करहल में तो दांत खट्टे करने वाले अनुजेश यादव का भी अभिनंदन है। अगली बार 2027 में हम इन सीटों के साथ 2017 से भी बड़ी जीत भाजपा को मिलेगी।

# दलहन-तिलहन में आत्मनिर्भर बनेगा प्रदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 4 वर्षों की योजना तैयार क्रियान्वयन पर खर्च होंगे 236 करोड़ रुपये
- किसानों को मुफ्त मिलेंगे बीज कृषि वैज्ञानिक सिखाएंगे उन्नत तौर तरीके

**अमृत विचार :** दलहन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश अगले कुछ वर्षों में आत्मनिर्भर हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर कृषि विभाग ने चार साल की कार्ययोजना तैयार की है। इसके क्रियान्वयन पर करीब 236 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके तहत दलहनी व तिलहनी फसलों के बीज के मिनी किट का निःशुल्क वितरण, प्रगतिशील किसानों के यहां प्रदर्शन और किसान पाठशालाओं के जरिये विशेषज्ञों द्वारा खेती के उन्नत तौर-तरीकों की जानकारी देना शामिल है।

योजना के तहत प्रदेश के अलग-अलग कृषि जलवायु के अनुरूप तय समयावधि में संबंधित क्षेत्र के किसानों को दलहनी फसलों के लिए उर्द, मूंग, अरहर, चना, मटर, मसूर और तिलहनी फसलों में तिल, मूंगफली, राई/सरसों और अलसी के बीज निःशुल्क दिए जाएंगे। विश्व बैंक की मदद से चलने वाली यूपी एग्रीज योजना भी दलहन और तिलहन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में मददगार होगी। खासकर, झांसी और इससे सटे इलाकों में मूंगफली की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए क्लस्टर विकसित करने की योजना है।

**अभी मांग की तुलना में काफी पीछे प्रदेश :** फिलहाल खाद्य तेलों की आवश्यकता के सापेक्ष 30-35 फीसदी और दलहन की आवश्यकता के सापेक्ष प्रदेश में 40-45 फीसदी ही उत्पादन हो रहा है। दलहनी और तिलहनी फसलों में आत्मनिर्भर होने के बाद मांग एवं आपूर्ति में संतुलित होने पर ऐसा नहीं हो सकेगा।

**केंद्र सरकार ने भी चयनित किए हैं जिले :** दलहनी फसलों में सर्वाधिक खपत अरहर दाल की होती है, इसलिए केंद्र सरकार ने अरहर की खेती के लिए 35 और उर्द की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए 18 जिले चयनित किए हैं। प्रदेश सरकार पहले से दलहनी फसलों के प्रोत्साहन के लिए बुंदेलखंड को फोकस कर दलहन ग्राम योजना चला रही है।

## सपा का प्रतिनिधिमंडल आज जाएगा संभल

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय सपा का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को संभल जायेगा। संभल हिंसा की विस्तृत जानकारी लेकर रिपोर्ट तैयार करेगा और अध्यक्ष अखिलेश यादव को सौंपेगा। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव, सांसदों में हरेन्द्र मलिक, रूचि वीरा, इकरा हसन, जियाउर्रहमान बर्क, नीरज मौर्य, विधायकों में कमाल अख्तर, रविदास मेहरोत्रा, नवाब इकबाल महमूद, पिंकी सिंह यादव, साथ ही संभल के जिला अध्यक्ष असगर अली, मुरादाबाद के जयवीर सिंह यादव और बरेली के शिव चरण कश्यप शामिल हैं।

# कार्यवाहक डीजीपी के स्थायी होने का सवाल चर्चा में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य मंत्रिमंडल से बीते दिनों उप्र. में स्थायी डीजीपी की नियुक्ति संबधी प्रस्ताव पारित होने के बावजूद फिलहाल न तो नियमावली सार्वजनिक हुई है और न ही कोई कमेटी ही गठित हुई है। ऐसे में कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार राज्य के स्थायी डीजीपी बनेंगे या नहीं, इसको लेकर खासकर पुलिस महकमे में चर्चाएं तेज हैं। पारित प्रस्ताव के बिन्दु देखें तो इसके अनुसार अगर अगले दो दिन में इससे जुड़ी औपचारिकताएं पूरी नहीं होती हैं तो मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी के स्थायी होने की राह मुश्किल हो सकती है।

दरअसल, स्थायी डीजीपी के लिए जिस प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई गई है, उसमें कम से कम रिटायरमेंट को 6 महीने का कार्यकाल बाकी होना चाहिए। कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार 31 मई 2025 को रिटायर हो रहे हैं। ऐसे में सवाल चर्चा में यह है कि अगर उनकी स्थायी डीजीपी पद पर नियुक्ति 30 नवंबर तक नहीं हुई तो क्या उनका स्थायी डीजीपी बनना मुश्किल हो सकता है। क्या इसके लिए शीघ्र कमेटी का गठन और उसकी बैठक नहीं हो जानी चाहिए।

## प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल : अखिलेश



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वाधिक बदहाल बताते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में प्रशासनिक व्यवस्था एकदम चरमरा गई है। यही वजह है कि आग लगने से बच्चों और दूसरे मरीजों की मौतें हो रही हैं, मरीजों को दवा और इलाज मिलने में बाधाएं आ रही है। कहीं डॉक्टर और स्टाफ नहीं है तो कहीं जीवन रक्षा में काम आने वाले कीमती उपकरण तालों में बंद धूल खा रहे हैं। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि अस्पतालों में सीनियर डॉक्टर अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। रेजीडेंट डॉक्टरों के सहारे इलाज होता है।



मुख्यमंत्री योगी से उनके आवास पर मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले।

## केंद्र की योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जाएं : आठवले

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा है कि केंद्र की कल्याणकारी योजनाएं प्रदेश में प्रभावी ढंग से लागू की जायं। राज्यमंत्री शुक्रवार को समाज कल्याण व संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि देश में सभी धर्म व संप्रदाय के लोगों को केंद्रीय योजनाओं का लाभ समान रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले दस साल में काफी कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश में जनधन योजना के अंतर्गत 51 करोड़ से ज्यादा लोगों के खाते खुले हैं और वहीं मुद्रा योजना में 46 करोड़ लोगों को लाभ मिला है।

## गीडा के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) का 35वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में मनाया जाएगा। इस अवसर पर वर्तमान वित्तीय वर्ष में गीडा की तरफ से 1068 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के सापेक्ष 85 निवेशकों को हुए भूखंडों के आवंटन होंगे। विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के 209 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण के साथ गीडा के नाइलिट सेंटर से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को प्रमाणपत्र दिये जाएंगे। वहीं योगी गीडा में लगने वाले दो दिवसीय ट्रेड शो और निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं की भी शुरुआत करेंगे।

# तुलसियानी कंस्ट्रक्शन की डेढ़ करोड़ की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रवर्तन निदेशालय ने लखनऊ में की कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्रा. लि. के निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी की डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी। ईडी ने यह कार्रवाई शुक्रवार सुबह की। कंपनी के निदेशकों ने निवेशकों के कई सौ करोड़ रुपये हड़पे हैं। वहीं, बैंक से करोड़ों रुपये का लोन करा लिया था। जिसे वापस नहीं किया है। कुर्क की संपत्ति में फ्लैट है।

ईडी के मुताबिक, मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों अनिल कुमार तुलसियानी और महेश कुमार तुलसियानी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी से संबंधित धाराओं के तहत लखनऊ के हजरतगंज में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इसी के आधार पर ईडी ने अपनी जांच शुरू की। आरोप लगाया गया कि तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, साइबर टावर, प्रथम तल, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, जो फ्लैटों के निर्माण और बिक्री के व्यवसाय में है। उन्होंने चार खरीदारों को धोखा दिया था। जिन्होंने पंजाब नेशनल बैंक, लखनऊ से कुल 4.63 करोड़ रुपये का गृह ऋण लिया था, जिसे चुकाया नहीं गया।

## सार-संक्षेप

### केंद्र की कंपनियों में प्रतिनियुक्ति पर जा सकेंगे बिजली अभियंता

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन व पारेषण निगमों के बिजली अभियंता उप्र. राज्य विद्युत उत्पादन निगम के साथ ही, केंद्र सरकार की बिजली उत्पादन कंपनियों में प्रतिनियुक्ति पर जा सकेंगे। शुक्रवार को राज्य विद्युत उत्पादन निगम की निदेशक मंडल की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। निर्णय के तहत अब बिजली अभियंता एनटीपीसी, एनजीएल और एनएलसी आदि के साथ की निर्माणाधीन तापीय परियोजनाओं में अपनी योग्यता के आधार पर 50 प्रतिशत तक प्रतिनियुक्ति पर जा सकेंगे। प्रतिनियुक्ति को लेकर उत्पादन निगम की ओर से जल्द ही केंद्रीय कंपनियों को पत्र लिखा जाएगा। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि इससे निगमों के कार्मिकों की योग्यता व अनुभव में बढ़ोतरी हो सकेगी, जिसका लाभ प्रदेश के ऊर्जा निगमों को मिलेगा।

### नए जेल अधिकारी मजबूत करेंगे सुरक्षा : डीजी जेल



पीवी रामाशास्त्री, डीजी जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** जेल की सुरक्षा व अनुशासन को नये अधिकारी और अधिक मजबूत करेंगे। नये अधिकारियों में उत्साह और ऊर्जा है। इस व्यवस्था को सुचारू करने में पूरा योगदान देंगे। ये बातें डॉ. संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण सस्थान में शुक्रवार को 118वें दीक्षांत समारोह में डीजी जेल पीवी रामाशास्त्री ने कहीं। समारोह के दौरान तीन जेल अधीक्षक और 17 डिप्टी जेलर की पासिंग आउट परेड का भी आयोजन किया गया। संस्थान के डायरेक्टर डीआईजी आरएन पांडेय ने प्रशिक्षु अफसरों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर एआईजी धर्मेन्द्र सिंह, डीआईजी हेमंत कुटियाल, सुभाष चन्द्र शाक्य, वरिष्ठ अधीक्षक शशिकांत सिंह, एफसी आबिद अली समेत प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारी-कर्मचारी और प्रशिक्षु अधिकारियों के परिजन उपस्थित थे।

### साढ़े 7 करोड़ खर्च कर फूलों से सुगंधित होगा महाकुंभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** महाकुंभ शुरू होने से पहले इस बार पूरे प्रयागराज को फूलों की खुशबू से महकाने की योजना है। इसके लिए 7 करोड़ 55 लाख 18 हजार रुपये का बजट रखा गया है। 26225 गमलों में मौसमी फूल सजाए जाएंगे। इसके अलावा बड़े पैमाने पर फ्लावर बेड तैयार कर उनकी प्रदर्शनी लगाई जाने की योजना है। मेला क्षेत्र में गंगा किनारे विशेष सजावटी पौधे लगाए जाने का काम शुरू हो गया है। अयोध्या और काशी की नर्सरियों को बड़े पैमाने पर फूलों और सजावटी पौधों के ऑर्डर दिए गए हैं। इस समय मेला के अलावा शहर के प्रमुख स्थलों, पार्कों, सड़कों, चौराहों, एयरपोर्ट और हाईकोर्ट की सजावट में इन पौधों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही देश विदेश से आने वाले सैलानियों के आकर्षण के लिए प्रयागराज की गली-गली में सजावट के लिए फूलों के गमले रखने का काम भी शुरू हो गया है।

### रोहिंग्या और बांग्लादेशी को घुसपैठ कराने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश में घुसपैठ और मानव तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य को एटीएस ने वाराणसी रेलवे स्टेशन से गुरुवार देर शाम को पकड़ लिया। बांग्लादेश और रोहिंग्या को भारत में गैरकानूनी तरीके से प्रवेश कराने, उनके पहचान पत्र बनवाने का काम एक सिंडिकेट द्वारा किया जा रहा है। इस सिंडिकेट के 11 सदस्य पहले से ही गिरफ्तार किए गए है। पकड़े गये आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है। एटीएस के अधिकारी के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी मो. अब्दुल्ला उर्फ अबू सालेह मंडल उर्फ अब्दुल्ला गाजी है। वह म्यांमार के अकयाब मांगडू स्थित दामनखाली का रहने वाला है। पूछताछ में उसने कुबूल किया कि उसने कई नाम से अपना भारतीय पहचान पत्र व अन्य दस्तावेज बनवाए हैं।

# निजी बिजली घरानों को लाभ पहुंचाने की कोशिश तो नहीं..

## दो ऊर्जा निगमों की निजीकरण प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल, प्रबंधन का दावा : विभाग व उपभोक्ताओं को होगा फायदा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन की दो सहायक कंपनियों पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों को खत्म कर पांच नई कंपनियां बनाने के प्रस्ताव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वजह यह है कि पूर्व में आगरा शहर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था निजी कंपनी टोरेंट को दिये जाने का प्रयोग फेल हो चुका है। ऐसे में पूर्व की तरह इस बार भी निजी घरानों को लाभ पहुंचाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, प्रबंधन की ओर से दावा किया जा रहा है कि नई कंपनियां बनने से विभाग व उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, 1 अप्रैल 2010 में तत्कालीन सरकार ने आगरा की बिजली आपूर्ति टोरेंट कंपनी के हवाले कर दी थी। इस दौरान विभाग ने पुराना बकाया वसूल करने पर निजी कंपनी को 10 प्रतिशत 'इन्सेंटिव' देने की व्यवस्था की थी, इसके बाद भी बकाया रकम वसूल नहीं हो सकी।

वर्तमान में पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का कुल घाटा एक लाख 10 हजार करोड़ बताया जा रहा है, जबकि उपभोक्ताओं पर एक लाख 15 हजार 825 करोड़ रुपये बकाया चल रहा है। अगर पूरी धनराशि वसूल कर ली जाय तो कंपनियों को पांच हजार 825 करोड़ का लाभ होना तय है।

अभियंताओं का कहना है कि शीर्ष स्तर पर बकाया वसूली में फेल होने के बाद अब घाटा बताकर निजीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई है।

### विरोध सभाएं कर बिजली कर्मियों ने जताया विरोध

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र के आह्वान पर राजधानी समेत पूरे प्रदेश में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर सभाएं हुईं। बिजली कर्मियों ने निजीकरण प्रक्रिया का विरोध किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि निजीकरण की कोई भी एकतरफा कार्रवाई की गई तो बिजली कर्मचारी लोकतांत्रिक ढंग से संघर्ष करने के लिए विवश होंगे। राजधानी में हुई सभा में संघर्ष समिति के पदाधिकारियों राजीव सिंह, जितेंद्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, सुहैल आबिद, पीके दीक्षित, राजेंद्र घिल्डियाल, चंद्र भूषण उपाध्याय, आरवाई शुक्ला, छोटे लाल दीक्षित आदि शामिल हुए।


### एससी-एसटी आयोग व सांसद ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

ऊर्जा निगमों के निजीकरण प्रकरण को लेकर पावर ऑफिसर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल उप्र. अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने निजीकरण के बाद अनुसूचित वर्ग को आरक्षण के लाभ से वंचित हो जाने की बात कही। इस पर अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को भेजकर समाधान निकालने के लिए पत्र भेजा। दूसरी ओर, एसोसिएशन के पत्र का हवाला देते हुए नगीना के सांसद चन्द्रशेखर ने भी मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर प्रकरण का निराकरण करने की मांग की है।

### कई जिलों को मिलाकर बनेंगी नई बिजली कंपनियां

बिजली सुधार को लेकर प्रस्तावित नई बिजली कंपनियों में पूर्वांचल निगम को खत्म कर वाराणसी व आजमगढ़ मंडलों को मिलाकर एक कंपनी बनेगी। इसी तरह, प्रयागराज व मिर्जापुर मंडलों के छह जिलों की अलग कंपनी बनेगी। गोरखपुर व बस्ती मंडलों के सात जिलों को मिलाकर तीसरी कंपनी बनाई जाएगी। ऐसे ही दक्षिणांचल के आगरा व अलीगढ़ मंडल के आठ जिलों की एक कंपनी और कानपुर, झांसी व बांदा मंडल के 12 जिलों की दूसरी कंपनी बनाई जाएगी।

## भोजन की गुणवत्ता के लिए ग्लोबल गैप प्रमाणन आवश्यक : दिनेश प्रताप



**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि ग्लोबल गैप प्रमाणन कृषि उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक मान्यता प्राप्त प्रमाणन है, जो कि पर्यावरण के अनुकूल कृषि उत्पादों की गुणवत्ता के लिए समर्पित है। इससे कृषि उपजों में रसायनों के प्रयोग को कम करने को बढ़ावा मिलेगा। दिनेश प्रताप सिंह शुक्रवार को गोमती नगर के मण्डी परिषद सभागार में अंतराष्ट्रीय बाजार में लागू अच्छी कृषि पद्धतियों ग्लोबल गैप प्रमाणीकरण का हाईब्रिड मोड में आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।




मलिहाबाद से विधायिका श्रीमती जयदेवी कौशल हवन-पूजन कर साईं बाबा की अनुकम्पा की पात्र बनती हुईं।

नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10, 9839163047 / 9956384848


# कोहरा पड़ रहा, कर लें वाहन की रफ्तार नियंत्रित

## विगत वर्ष 8,191 हादसों में 4,408 लोगों ने गंवाई जान, फॉग लाइट जलाएं, ओवरटेक के समय गति पर रखें नियंत्रण

नीरज मिश्र, लखनऊ

**कैलेंडर वर्ष-2023**

| मौसम | हादसे | मौत | गंभीर घायल | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| कोहरा | 8,191 | 4,408 | 3,671 | 18 |

**अमृत विचार:** ठंड धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ने लगी है। कोहरा भी एक्सप्रेस-वे और हाइवे समेत विभिन्न मार्गों पर अपनी धुंधलकी चादर बिछाने लगा है। ऐसे में बेहतर होगा कि गाड़ी गति नियंत्रित कर लें। जरा सी असावधानी जान पर भारी पड़ सकती है। सड़कों पर बेतरतीब ढंग से वाहन चलाना और तेज गति के साथ ओवरटेक करना जोखिमभरा हो सकता है। प्रदेश में साल-2023 के दौरान कोहरे से हुए हादसों जो आंकड़े सामने आए हैं, वह चिंताजनक हैं। पिछले वर्ष कोहरे के दौरान प्रदेश के विभिन्न मार्गों पर 8,191 हादसे सिर्फ कोहरे के दौरान हुए। इसमें 4,408 लोगों ने अपनी जान गंवाई।

**कोहरा, बरसात और साफ मौसम में लापरवाही पड़ती है भारी**

लोगों का मानना रहता है कि कोहरा और बारिश के मौसम में ज्यादा हादसे और इनकी चपेट में आए लोगों मौत होती है। लेकिन सच यह नहीं है। मौसमवार ग्राफ देखा जाए तो सबसे ज्यादा घटनाएं चमकदार सूरज वाले साफ मौसम में होती हैं।

इस दौरान बीते साल 20,799 हादसे दर्ज किए गए। इनमें सर्वाधिक 11,108 लोगों की असमय जान चली गई। वहीं 13,981 लोगों गंभीर रूप से घायल हुए। दूसरे नंबर पर कोहरे वाला सीजन माना जाता है। आंकडे.इसकी पुष्टि करते हैं। सर्दी के मौसम में पड़ने वाले कोहरे के दौरान विगत वर्ष 8,191 दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 4,408 लोगों की जान गई तो 5,788 लोग गंभीर रूप से चोटिल हुए। इसके बाद तीसरे नंबर पर बरसात का मौसम माना जाता है। जिसमें हादसे 6,633 हादसों में 3,387 लोगों मौत के मुंह में समा गए और 5,026 घायल हुए।

> सर्दी का मौसम है। प्रदेश के सभी एक्सप्रेस-वे, हाइवे और राजमार्ग कोहरे की चपेट में आ जाते हैं। पश्चिमी यूपी में तो कोहरा ज्यादा देखने को मिलता है। ऐसे में चालक को सावधानी से ही वाहन को चलाना चाहिए। खासतौर पर रफ्तार में ओवरटेकिंग करना और ओवरस्पीडिंग से बचना चाहिए। सावधानी हटी दुर्घटना घटी के मूलमंत्र को ध्यान में रखते हुए गाड़ी आगे बढ़ानी चाहिए। कोहरे को देखते ही फॉग लाइट का इस्तेमाल शुरू करें और स्टेयरिंग पर नियंत्रण रखते हुए गाड़ी को आगे बढ़ाना चाहिए।
>
> –**पुष्पसेन सत्यार्थी**, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

# जाम खत्म करने को आईटी चौराहे पर आज से डायवर्जन

- 30 नवंबर से 5 दिसंबर तक की गई व्यवस्था, सफल रहने पर आगे भी रहेगी जारी
- पक्का पुल पर स्लाइड बैरियर लगा कर शुरू की गई व्यवस्था यहां भी मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आईटी चौराहे पर जाम खत्म करने के लिए यातायात पुलिस ने शनिवार से छह दिवसीय नया प्रयोग करने जा रही है। इसके लिए चौराहे पर यातायात संचालन में बदलाव किया गया है, जो पांच दिसंबर तक प्रायोगिक रूप से लागू रहेगा। सफल होने के बाद इसे आगे जारी रखा जाएगा। डीसीपी यातायात प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक पक्का पुल पर स्लाइड बैरियर लगाकर भी प्रयोग किया गया है। दोनों प्रयोग आम जन को राहत दिलाने के लिए किए जा रहे हैं।

डीसीपी यातायात के मुताबिक आईटी चौराहे के साथ-साथ पक्का पुल पर भी स्लाइड बैरियर लगाकर कर डायवर्जन व्यवस्था लागू की गई है। इससे आम जनतो पुराने लखनऊ में जाने में आसानी होगी। यही नहीं यह प्रयोग सफल होने पर बदलना भी नहीं पड़ेगा।

### यह रहेगी व्यवस्था

- सुभाष (परिवर्तन) चौराहा/विश्वविद्यालय से आइटी चौराहा होते हुए कपूरथला सीधे नहीं जा सकेंगे। बल्कि आईटी चौराहा से बांए मुड़कर आगे डिवाइडर से यू-टर्न लेकर आइटी चौराहा होते हुए जा सकेंगे।
- निराला नगर/कपूरथला से आईटी चौराहा होते हुए सुभाष परिवर्तन चौराहा/विश्वविद्यालय जानें वाले वाहन आईटी चौराहा से सीधे न जाकर आईटी चौराहा से बांए मुड़कर आइटी कालेज गेट के सामनें से यू-टर्न लेकर आइटी चौराहा होते हुए जा सकेंगे।
- डालीगंज से निशातगंज की तरफ से आने वाले वाहन आईटी चौराहा होते हुए सीधे जा सकेगा, लेकिन दाहिनें मुड़कर सुभाष परिवर्तन/विश्वविद्यालय की तरफ जानें वाले वाहन दाहिनें न मुड़कर आईटी चौराहा पार कर आगे डिवाइडर से यू-टर्न लेकर आईटी चौराहा से बांए मुड़कर जा सकेंगे।
- निशातगंज से डालीगंज जानें वाले वाहन आईटी चौराहा से सीधे जा सकेगा लेकिन दाहिनें मुड़कर निरालनगर/कपूरथला की तरफ जानें वाले वाहन आईटी चौराहा पार कर आगे डिवाइडर से यू-टर्न लेकर आइटी चौराहा होते हुए जा सकेंगे।


卐 पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

### मौसम

कोहरा छाने और ठंड बढ़ने की संभावना है।

| 23.0° | 10.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

### शहर में आज

- मलिहाबाद के ग्राम महमूदपुर ढाल में मंडलीय पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला– 8:00 बजे।
- विभूति खंड स्थित न्यरोन ब्रेन एवं स्पाइन सेंटर में राजभारती मेडिकल फाउंडेशन की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर– 9:00 बजे।
- लविवि के द्वितीय परिसर के विश्वकर्मा सभागार में योग और प्राकृतिक चिकित्सा को लेकर 20 वां राष्ट्रीय सेमिनार– 10:00 बजे।
- गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में भक्तमाल कथा का आयोजन– 3:00 बजे।
- कैसरबाग स्थित इप्टा दफ्तर में जन संस्कृति मंच (जसम) की ओर से याद ए मकबूल जायसी का आयोजन– 4:00 बजे।

### मीडिया कार्यशाला 5 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी स्थित दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के बुद्धा सभागार में महानिदेशक एल वेंटेश्वर लू की अध्यक्षता में 5 दिसंबर को मीडिया कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य, क्षेत्रीय व जिला ग्राम्य विकास संस्थानों द्वारा आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता अभियान, मूल्यांकन व शोध आदि गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा सके।

# लोहिया से निजी अस्पताल भेजे जा रहे मरीज

## कैंसर के मरीज को पांच दिन बाद भी आईसीयू में नहीं मिला बेड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में मरीजों को न ही आईसीयू में बेड मिल पा रहे हैं और न ही ऑपरेशन की तारीख। सांठगांठ के चलते मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजा जा रहा है। प्राइवेट एंबुलेंस संस्था परिसर से मरीजों को निजी अस्पताल ले जा रही हैं। शुक्रवार को तीमारदारों को बरगला कर कैंसर पीड़ित मरीज को प्राइवेट एबुलेंस से निजी अस्पताल भेज दिया गया। कई मरीज ओपीडी के बाहर कराह रहे हैं।

महाराजगंज जिले के रहने वाले तेजपाल (65) बल्ड कैंसर से पीड़ित हैं। लोहिया संस्थान में उनका इलाज

**केस-1** चल रहा था। परिजनों ने बताया पांच दिन पहले हालत गंभीर होने पर लोहिया संस्थान लाए थे। उन्हें जनरल वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। डॉक्टर ने आईसीयू में भर्ती करने की जरूरत बताई लेकिन पांच दिन बाद भी आईसीयू बेड नहीं मिला। आरोप है किसी स्टॉफ ने तीमारदार को समझाकर मरीज को शहीद पथ स्थित एक नेता की बेटी के अस्पताल ले जाने की सलाह दी। शुक्रवार दोपहर लोहिया संस्थान परिसर में निजी एंबुलेंस आई और मरीज को परिजन निजी अस्पताल लेकर चले गए।

लोहिया संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों के हिसाब से इलाज दिया जा रहा है। कोशिश रहती है कि कोई भी मरीज बिना इलाज के वापस न लौटने पाए। निजी एम्बुलेंस से मरीजों के शिफ्टिंग कराने के प्रकरण की जानकारी नहीं है। इसकी जांच कराई जाएगी।



एंबुलेंस में शिफ्ट करने से पहले स्ट्रेचर पर पड़े मरीज को इंजेक्शन देता स्वास्थ्य कर्मी।



लोहिया संस्थान परिसर में निजी एंबुलेंस में मरीज को शिफ्ट कराते स्वास्थ्य कर्मचारी और मरीज के परिजन। अमृत विचार

### तीन दिन से परिसर में डेरा डाले मरीज

**केस-2** बस्ती जिले के निवासी रामसागर (62) को चलने-फिरने में दिक्कत होती है। निजी अस्पताल में दिखाने पर पैर की हड्डी का ऑपरेशन करने की सलाह दी गई। बेटे दीपक के मुताबिक मंगलवार को वह पिता को लेकर लोहिया संस्थान पहुंचे और ओपीडी में डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने ऑपरेशन करने की सलाह दी, लेकिन बेड खाली न होने का हवाला देकर टरका दिया गया। परिजन मरीज को लेकर तीन दिनों से संस्थान परिसर में पड़े हैं और ऑपरेशन के लिए चिकित्सकों से मिन्नतें कर रहें। परिजनों का कहना है कि आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराने में सक्षम नहीं हैं।

### ऑपरेशन को भटक रही बेटी

**केस-3** चंदौसी निवासी बीमार लोकपाल (61) को लेकर भी परिजन ओपीडी के बहार पड़े हैं। लोकपाल को लंग कैंसर है। बेटी दुर्गेश कुमारी के मुताबिक ऑपरेशन की तारीख लेने के लिए भटक रही हैं।

### एंबुलेंस का वीडियो वायरल

उपमुख्यमंत्री कर सख्त निर्देश है कि कोई भी खाली निजी एंबुलेंस सरकारी अस्पताल-संस्थान में प्रवेश नहीं करेगी। लोहिया में शुक्रवार को भी एक मरीज को निजी अस्पताल शिफ्ट कराया गया। ताजुब की बात यह है कि मरीज को लेने के लिए करीब आधे घंटे तक एम्बुलेंस परिसर के अंदर ही खड़ी रही। किसी भी सुरक्षा कर्मी ने उससे कोई पूछताछ तक नहीं की। इस मामले का एक वीडियो भी वायरल हुआ है।



लोहिया संस्थान के परिसर में पड़े मरीज के पास बैठी पुत्री दुर्गेश कुमारी।

# मेट्रो में छूटा यात्री का बैग लौटाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीसीएस मेट्रो स्टेशन पर एक यात्री अपना बैग बैगेज स्कैनिंग मशीन में भूल था। याद आने पर दूसरे दिन यात्री ने स्टेशन पर सूचना दी। जांच पड़ताल कर यात्री को उसका बैग लौटा दिया गया। बैग में 50,020 रुपये और दो पासपोर्ट, एक हेडफोन, एक चश्मा और एक चार्जर मौजूद था।

# पत्नी ने प्रताड़ित किया तो रेलकर्मी ने छोड़ा घर, 3 वर्ष की प्राइवेट नौकरी

- पत्नी ने दर्ज करा दी थी अपहरण कर हत्या की आशंका की रिपोर्ट

संवाददाता, लखनऊ/आलमबाग

**अमृत विचार:** रेलकर्मी पत्नी की प्रताड़ना से इस कदर परेशान हुआ कि नौकरी छोड़कर गायब हो गया। करीब 3 वर्ष बाद पत्नी ने अपहरण और हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की और लापता अमित को बरामद कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को पत्नी द्वारा प्रताड़ित करने की बात बताई। पुलिस पीड़ित का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने की तैयारी कर रही है।

इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि मूलरूप से बछरावां रायबरेली निवासी अमित कुमार (32) आलमबाग स्थित सीएनडब्लू कारखाना में तृतीय श्रेणी का कर्मचारी था। सितम्बर 2021 में अमित घर से कारखाना जाने के मूल निवास से निकला था, इसके बाद लापता हो गया। पत्नी स्वर्णिमा देवी ने कोर्ट के माध्यम से जनवरी 2024 थाना बछरावां में अपहरण कर अमित की हत्या की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अमित का कार्यालय लखनऊ के आलमबाग में स्थित था, जिसके चलते बछरावां पुलिस ने जांच आलमबाग पुलिस को ट्रांसफर कर दी।

आलमबाग पुलिस ने अमित की फोटो की मदद से जांच शुरू की। इसमें करीब एक माह पहले आशियाना में देखे जाने की जानकारी मिली। जांच के दौरान पुलिस को खबर मिली कि अमित निजी बस का हेल्परी कर रहा है। बस मालिक से संपर्क करने पर पता चला कि अमित नाम का युवक डेढ़ वर्ष से काम कर रहा है। पुलिस ने आशियाना के सेक्टर-जी से अमित को बरामद कर लिया।

**परिवार के पास नहीं जाएगा वापस**

पूछताछ में अमित ने बताया कि वर्ष 2010 में उसकी शादी हुई थी, कोई संतान नहीं है। पत्नी प्रताड़ित करती। इससे परेशान होकर घर से भाग गया था। पिछले 3 वर्ष लखनऊ, हरदोई और अयोध्या में छोटी-मोटी नौकरी की। अमित ने पुलिस से गुजारिश की कि परिवार के पास नहीं जाएगा। नौकरी दोबारा पाने का प्रयास करेगा।



अमित कुमार।

**गृहकर समाधान दिवस** | महापौर ने सुनीं समस्याएं, सभी 48 आपत्तियां निस्तारित

# 14,580 से 7,020 रुपये हुआ गृहकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम में आयोजित जीआईएस समाधान दिवस में बढ़े गृहकर की आपत्तियां मौके पर निस्तारित की गईं। एक भवन स्वामी का जीआईएस सर्वे की गड़बड़ी से 14,580 रुपये हुआ गृहकर 7,020 में निस्तारित हुआ।

त्रिलोकीनाथ हॉल में शुक्रवार को समाधान दिवस की अध्यक्षता महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के साथ की। सभी आठ जोन से 48 आवासीय व व्यवसायिक बढ़े गृहकर की आपत्तियां भवन स्वामी लेकर पहुंचे। महापौर ने एक-एक करके सभी आपत्तियां सुनीं और संबंधित जोन के अधिकारियों व जीआईएस टीम से भवन की फोटो व साक्ष्य का परीक्षण करके निस्तारित कराईं। इनमें अलीगंज सेक्टर-एम, वार्ड लाला लाजपत राय निवासी तनु पांडेय का जीआईएस सर्वे से आवासीय वार्षिक गृहकर 14,580 आया था, जो संशोधित करके 7,020 रुपये किया गया। इसी तरह एच, निशातगंज लेन काल्विन कालेज के पास रहने वाले राम कुमार खन्ना का गलत मूल्यांकन से 14,480 वार्षिक गृहकर 11,520 रुपये किया गया। एल्डिको-1, शारदा नगर प्रथम वार्ड निवासी जानकी बल्लभ दुर्गापाल का 28,350 से 21,600 रुपये गृहकर किया गया।



समाधान दिवस में बढ़े गृहकर को लेकर शिकायतें सुनतीं महापौर सुषमा खर्कवाल।

### नगर निगम की भूमि पर बनी कॉलोनी ध्वस्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनी नगर में नगर निगम की जमीन पर बिल्डरों द्वारा किया गया अवैध निर्माण ध्वस्त किया गया। शुक्रवार को नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह व अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी संपत्ति ने सरोजनी नगर तहसील अंतर्गत ग्राम अहमामऊ में विभागीय भूमि की पैमाइश कराई। इस दौरान नगर निगम की 14 हजार वर्गफीट तालाब में दर्ज जमीन पर बिल्डरों द्वारा कॉलोनी निर्माण करना पाया गया। टीम ने बुलडोजर से बाउंड्रीवाल, नींव, सड़क, पोल, साइट आफिस, नाली सभी निर्माण तोड़ दिया। तहसीलदार अवरिंद कुमार व संजय कुमार की उपस्थिति में कार्रवाई की गई।


CENTRAL PUBLIC SCHOOL

KHEL UTSAV
The Grand Finale 2024

ADMISSION OPEN

Purpose of event
Felicitation of Students foe their achievements in Sports events

Saturday, 30th November 2024 - 3:30 P.M.
Sec - 08 Rajni Khand, Sharda Nagar Yojna, Lucknow
Mob.No. 9005742343, 9369132343

Chief Guest

Dr. Mahendra Singh
Vidhan Parishad Sadasya
Former Cabinet Minister
U.P. Government

Mrs. Shushma Kharakwal
Mayor

Mr. Sudhakar Tripathi
Former Chairman
Ministry of Science & Technology,
U.P.Government

Dr. Mukesh Kumar Singh
Deputy Director
Education Samgra Shiksha
Government of U.P.

Our Guests
- **Mr. Sunil Babu**, Associate Professor, BBAU
- **Shri Youjin Pal**, General Secretary, U.P. Fencing Association.
- **Shree Rakesh Pal**, P.S. To Chief Standing Council Government of U.P. At High Court.

# निजी विद्यालयों की तरह प्राथमिक विद्यालयों में भी बनेंगे बच्चों के क्लब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को गणित, भाषा, तकनीक, संगीत पेंटिंग में बनाया जाएगा दक्ष

**अमृत विचार:** शहर के महंगे और भव्य इमारतों वाले निजी स्कूलों के बच्चों को अपने ज्ञान और कौशल से मात देने वाले छात्र अब प्राथमिक विद्यालयों में भी तैयार होंगे। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग नए-नए प्रयोगों का बढ़ावा दे रहा है। प्राथमिक विद्यालयों समेत कंपोजिट और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बच्चों के बीच बेहतर सामाजिक कौशल, तार्किक सोच और टीम भावना जैसे गुणों का विकसित करने के लिए प्रति सप्ताह विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए बच्चों के अलग-अलग क्लब बनाएं जाएंगे।

अब प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बच्चों के बीच इको क्लब, ज्योग्राफी क्लब, स्पोर्ट्स क्लब, सिविक सेंस क्लब, गणित क्लब, विज्ञान क्लब, रीडिंग क्लब, डिजिटल इनिशिएटिव क्लब सहित कला व संगीत में भी दक्ष बनाने के लिए समूहों का गठन किया जाएगा। साथ ही बच्चों को स्वच्छता के महत्व, स्वास्थ्य जागरुकता, योग प्राणायाम आदि में भी आगे ले जाने की योजना है। इस लेकर बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डा. एमके शन्मुगा सुन्दरम ने सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों के नाम सर्कुलर जारी कर दिया है।

आज होगी क्लब की गतिविधि : बच्चों के बीच गठित होने वाले क्लबों की गतिविधि प्रत्येक शनिवार को अंतिम दो कक्षाओं के दौरान की जाएगी।

वैसे तो रोज ही बच्चों को कुछ न कुछ सीखाया जाएगा लेकिन शनिवार को मुख्य गतिविधि की जाएगी। इस दौरान खेल प्रतियोगिताएं, योगाभ्यास, गणितीय पहेलियां, गणित किट, विज्ञान किट और आईसीटी का प्रयोग किया जाएगा। शिक्षकों द्वारा बच्चों को सरल भाषा में समसामयिक घटनाओं से भी अवगत कराया जाएगा। जिससे वह सामान्य ज्ञान और देश-दुनिया में होने वाली गतिविधियों को भी समझ सकें।

## बच्चों को दी अवसर पहचानने की सीख

**अमृत विचार, लखनऊ :** बच्चों को प्रेरक कथा के माध्यम से नैतिक शिक्षा प्रदान करने के अभियान के तहत पुरनिया स्थित हजारीलाल माध्यमिक विद्यालय में बच्चों ने कहानी सुनी। लोक संस्कृति शोध संस्थान की श्रृंखला दादी नानी की कहानी के 63वें आयोजन में स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने बच्चों को अवसर को पहचानों नामक कहानी सुनायी और उस पर आधारित प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम की शुरुआत कठिन वाक्यों के उच्चारण अभ्यास से हुई। कथा के माध्यम से बच्चों को बताया गया कि मनुष्य की सहायता करने के लिए ईश्वर अवसर के रूप में सामने आते हैं। अवसर का लाभ उठाने से जो चूक जाते हैं उन्हें सफलता नहीं मिलती। लेखक राजनारायन वर्मा ने बच्चों को निरंतर अभ्यास से होने वाले लाभ बताये। हजारीलाल माध्यमिक विद्यालय के पूर्व छात्र व समाजसेवी शैलेन्द्र मौर्य ने भी अपने विचार साझा किये। इसके पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्य चन्द्रप्रभा सिंह, उपप्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र मौर्य ने कथा प्रस्तोता समूह का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी, कैप्टन प्रखर गुप्त, डॉ. एस.के.गोपाल के साथ ही विद्यालय के अध्यापकगण सद्गुरु प्रसाद वर्मा, मंजू सिंह, सुषमा श्रीवास्तव, सुनील वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## महिलाओं को स्वावलंबी बनाने पर किया मंथन

**अमृत विचार, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने प्रदेश की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने, उनके सम्मान और सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति के पांचवें चरण के अंतर्गत उद्यमिता व कौशल विकास पर कार्यशाला का आयोजन किया। मुख्य वक्ता के रूप में इनर सोल वेल बीइंग प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ व संस्थापक गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि स्टार्ट-अप और व्यवसाय के बीच का अंतर है। देश में स्टार्ट-अप की आवश्यकता पर बल दिया। स्वागत भाषण वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन ने प्रस्तुत किया। संचालन विभाग में मिशन शक्ति की समन्वयक डॉ. आकृति जायसवाल ने किया।


**SHIVAJI GRAMUDYOG SAMITI**
15/45, INDIRA NAGAR LUCKNOW-226016 (UP)

**Corrigendum**

Please refer to the **Tender Reference No. SFURTI-I/-ZARI ZARDOSI-CHIKANKARI CLUSTER, LUCKNOW,** UP/SFURTI/02/2023-24 tender released 24.10.2024.

In the tender Last Date & Time for **Submission of Bid 13.12.2024** by **5 P.M.** Date & Time of **Opening of Bid 16.12.2024 by 2 P.M.**

The above Date extension may please be noted. Other terms & Conditions will remain the same.

**SHIVAJI GRAMUDYOG SAMITI**
15/45, INDIRA NAGAR LUCKNOW-226016 (UP)

**Corrigendum**

Please refer to the **Tender Reference No. SFURTI-II/-ZARI ZARDOSI-CHIKANKARI CLUSTER, LUCKNOW,** UP/SFURTI/02/2023-24 tender released 24.10.2024.

In the tender Last Date & Time for **Submission of Bid 13.12.2024** by **5 P.M.** Date & Time of **Opening of Bid 16.12.2024 by 2 P.M.**

The above Date extension may please be noted. Other terms & Conditions will remain the same.


## एक नजर

### बीबीएयू के कुलसचिव को कोर्ट से मिला स्थगन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने अपने निलंबन के खिलाफ उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ के समक्ष याचिका दायर की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि कार्यवाहक कुलपति को निलंबित करने तथा चार्जशीट जारी करने का अधिकार नहीं है। निलंबन व चार्जशीट दुर्भावना से प्रेरित है। उच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए निलंबन व चार्जशीट दोनों के लिए स्थगन आदेश जारी किया है, साथ ही विश्वविद्यालय को जवाब देने का आदेश दिया है।

### एमयूआईटी ने ग्वालियर के विवि के साथ किया एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** विक्रांत यूनिवर्सिटी ग्वालियर और महर्षि युनिवर्सिटी ऑफ इनफॉर्मेशन टैक्नोलॉजी लखनऊ के बीच उच्च और तकनीकी शिक्षा में सहयोग के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। एमओयू दोनों विवि के बीच महत्वपूर्ण कदम है। समझौते पर दोनों विश्वविद्यालयों के कुलपति प्रो. अमेरिका सिंह (विक्रांत यूनिवर्सिटी, ग्वालियर) और प्रो. भानू प्रताप सिंह (महर्षि युनिवर्सिटी ऑफ इनफॉर्मेशन टैक्नोलॉजी, लखनऊ) की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

### तीन छात्र-छात्राओं का बिहार लोक सेवा आयोग में चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधि विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन छात्र-छात्राओं अभिषेक सिंह, प्रकाश कुमार और शिवानी श्रीवास्तव का बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप में चयन हुआ है। कुलपति और विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर बंशीधर सिंह व अन्य सभी शिक्षकों द्वारा चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई दी गई।

### छोटे बच्चों ने देखे बड़े सपने

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि में शुक्रवार को राजकीय हाईस्कूल भिटपुरा सीतापुर के नौवीं और दसवीं के छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने थ्री डी प्रिंटिंग लैब, गूगल कोडिंग लैब, रोबोटिक्स, इंडस्ट्रीयल ऑटोमेशन लैब, एआई लैब, साइबर सिक्योरिटी लैब, कैरेक्टराइजेशन नैनो लैब आदि देखा। बच्चों ने थ्री डी प्रिंटिंग से मॉडल बनाने की जानकारी भी ली।

### अनुसंधान और नवाचार को लेकर सम्मेलन आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनुसंधान और नवाचार पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन आईआईएसई और इंटीग्रल एंड इनोवेटिव सस्टेनेबल एजुकेशन कॉलेज द्वारा किया गया। संजय उप्रेती, प्रो. अशोक कुमार सिंह, प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. एस.पी. त्रिपाठी, सीएमडी फिरदौस सिद्दीकी, निदेशक डॉ. अरुण कुमार शुक्ला, प्राचार्य डॉ. शैल मिश्रा उपस्थित रहे।

# 10 तक भरे जाएंगे फार्म, 17 से परीक्षाएं

## लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किया कार्यक्रम, कॉलेजों में पोर्टल की दिक्कतों से हुई देरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय ने परीक्षा फार्म जारी कर दिया है। पोर्टल पर डाटा अपलोड नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय का परीक्षा कार्यक्रम में विलंब हो रहा था। अब इसे जारी कर दिया गया है। 10 दिसंबर फार्म भरने की अंतिम तिथि है, परीक्षाएं 17 दिसंबर से शुरू कर दी जाएंगी। राजधानी के दूसरे विवि पहले ही परीक्षाओं की प्रक्रिया शुरु हो कर चुके हैं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में परीक्षा फॉर्म भरना पहले ही शुरू हो गए थे। भाषा विवि व शकुंतला विश्वविद्यालय में भी परीक्षा फार्म भरे जा चुके हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालयों के स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा आदि की विषम सेमेस्टर दिसंबर-2024 के बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के नियमित छात्रों के ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 दिसंबर है। इन छात्रों को अपना परीक्षा फार्म एलयूआरएन पर रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही भरना है। विश्वविद्यालय के छात्रों को परीक्षा फार्म भरने के बाद कोई भी शुल्क नहीं देना है बल्कि सेमेस्टर की शुल्क रसीद अपने संबंधित संकायों में जमा करना है।

सहयुक्त महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन परीक्षा फार्म के साथ विश्वविद्यालय का निर्धारित शुल्क अपने महाविद्यालयों में जमा करना होगा।

### फार्म में गलती सुधार के लिए हेल्प लाइन

छात्र-छात्राओं को परीक्षा फॉर्म भरते समय गलती होने या सुधार करने के लिए 7897992062, 7897999211, 7897992064, 0522 4150500 पर संपर्क कर सकते हैं।

### परीक्षा कार्यक्रम

बीए- सेमेस्टर तीन व पांच (नियमित) की परीक्षाएं आगामी 17 दिसंबर से शुरू होकर 28 जनवरी तक चलेंगी। बीकॉम सेमेस्टर तीन व पांच की परीक्षाएं 18 दिसंबर से प्रांरभ होकर 28 दिसबर को समाप्त हो रही हैं। इसीप्रकार बीएससी सेमेस्टर तीन और बीए सेमेस्टर तीन (सांख्यिकी, गणित, एंथ्रोपोलाजी) की परीक्षाएं 17 दिसंबर से शुरू होकर 6 जनवरी तक चलेंगी। बीएससी सेमेस्टर पांच और बीए सेमेस्टर पांच (गणित, सांख्यिकी और एंथ्रोपोलाजी) की परीक्षाएं 17 दिसंबर से शुरू होकर 15 जनवरी तक चलेंगी। छात्र अपने विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।



### एकेटीयू में 5 दिसंबर तक भरना होगा फार्म

एकेटीयू की ओर से पिछले शनिवार को ही परीक्षा फार्म जारी कर दिया गया। इसके अनुसार 5 दिसंबर तक छात्र विवि के ईआरपी पोर्टल पर परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा फॉर्म के साथ ही अभ्यर्थियों को शुल्क जमा करने के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। जबकि दिसंबर में परीक्षाएं ले ली जाएंगी।

### बीबीएयू में प्रवेश पत्र 30 तक

बीबीएयू में भी परीक्षा फॉर्म जारी कर दिए गए हैं। 25 नवंबर तक सभी को परीक्षा फॉर्म भरना था। 30 नवंबर के बाद अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट से ऐडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। इसके बाद परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी।

### भाषा विवि में परीक्षा कार्यक्रम जारी

ख्वाजा मोईनुददीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की ओर से सबसे पहले परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया गया। यहां पर 16 दिसंबर से विवि की परीक्षाएं प्रस्तावित की गई हैं। जिसका कार्यक्रम विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड भी कर दिया गया है।

### पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 7 व 8 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विवि में सत्र 2024-25 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन आगामी 7 व 8 दिसंबर को किया गया है। परीक्षा लविवि परिसर में आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की बेवसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

## कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊः** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. जे. पी. पाण्डेय के मार्ग दर्शन में अधिष्ठाता ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग की ओर से साफ्टप्रो इण्डिया प्रा. लि. कौशल विकास के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। 30 नवंबर तक चलने वाले इस कार्यशाला फ्री इम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स एनहैंस्मेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन वेब टेक्नोलॉजी पर आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध संस्थाओं के लखनऊ की संस्थाओं के कम्प्यूटर साइंस एवं आईटी के 160 छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। जिसमें ट्रेनर रोहित द्वारा छात्रों को वर्तमान समय में एचटीएमएल, सीएसएस, जेएस और बूस्ट स्टेप के विषयों की उपयोगिता एवं उसके विभिन्न प्रकार के प्रयोग के विषयों पर जानकारी दी जा रही है। शुरुआत प्रो. नीलम श्रीवास्तव, अधिष्ठाता ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट ने की। यशी अस्थाना सीईओ, ट्रेनर रोहित सीटीओ, अनफ़ फरज़ान, आरिफ सिद्दीकी, हरीश चन्द्रा, शिशिर द्विवेदी एवं प्रतिभा शुक्ला उपस्थित थे।


**आर्यावर्त बैंक**
क्षेत्रीय कार्यालय, 569/20/के/1, स्नेह नगर, वी0आई0पी0 रोड, आलमबाग, लखनऊ-226005

आर्यावर्त बैंक, मऊ मोहनलालगंज, लखनऊ में अपनी शाखा स्थानान्तरित करने हेतु लीज पर बिड सिस्टम के अन्तर्गत भूतल पर समुचित वाहन पार्किंग व्यवस्था के साथ परिसर हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करता है। प्रस्तावक के पास परिसर में व्यवसायिक गतिविधि हेतु सक्षम निकाय की स्वीकृति आवश्यक है।

**मऊ मोहनलालगंजः 1200 वर्गफुट से 1500 वर्गफुट तक**

बिड डॉक्यूमेन्ट (1. टेक्निकल बिड, 2. फाइनेन्सियल बिड) हमारे उपरोक्त वर्णित पते पर क्षेत्रीय कार्यालय से दिनांक 30.11.2024 से दिनांक 05.12.2024 तक प्राप्त किये जा सकते है। क्षेत्रीय कार्यालय में प्रस्ताव दिनांक 07.12.2024 को सायंकाल 04:00 बजे तक प्राप्त हो जाने चाहिये।

दिनांक: 30.11.2024
स्थानः लखनऊ

क्षेत्रीय प्रबंधक
लखनऊ परिक्षेत्र

**उत्तर रेलवे**
**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OH-537-24-1 (Advertising Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OSD-539-24-1 (Advertising on station Premise (Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.12.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3686/2024

**उत्तर रेलवे**
**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-JNU-MX-153-24-1 (Parking-Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-AME-TW-4-24-1 (Parking-Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 16.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 16.12.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी की प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3695/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

उप-मुख्य अभियन्ता/नि.-चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **ई-निविदा एकल पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थान :** उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण-चतुर्थ/उत्तर रेलवे, लखनऊ के अधीन चारबाग रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप के अन्दर ई.एल.पी.ओ.एच. शॉप में ओवरहॉलिंग सुविधा के लिए स्टील रूफ ट्रस शेड, बिल्डिंग, रोड नाली एवं जल निकासी सुविधा का निर्माण तथा अन्य विविध सिविल कार्य। |
| 2 | **कार्य पूरा करने की अवधि :** 07 (सात) माह |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 480.10 लाख |
| 4 | **धरोहर राशि :** रु. 3,90,100.00 |
| 5 | **ई-निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख :** निविदाएँ दिनांक 26.12.2024 को 11.30 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक 26.12.2024 को समय 11.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | **विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र :** विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 04.12.2024 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक 12.12.2024 से 26.12.2024 तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है। |

सं.: 73-टेण्डर/उप-मुख्य अभियन्ता/नि.-चतुर्थ/लखनऊ दिनांक: 28.11.2024 3678/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




प्रतिष्ठान पर सैंपल लेते टीम के सदस्य। अमृत विचार

# 11 प्रतिष्ठानों से लिए दूध व पनीर के नमूने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने शुक्रवार को अभियान चलाकर 11 प्रतिष्ठानों से दूध व पनीर के नमूने लिए। नमूने परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार के निर्देश पर मिलावटी दूध व उससे बने पदार्थों की बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मोहित डेयरी चारबाग, खाद्य कारोबारी नसीम मलिहाबाद, राजू डेयरी टुडियागंज, आर्यन दूध डेयरी नरपतखेड़ा पारा, मधु डेयरी राजाजीपुरम, कृष्णा डेरी आलमबाग, अवध दूध डेयरी व खाद्य कारोबारी प्रमोद कुमार सिटी स्टेशन रोड से गड़बड़ी की आशंका पर दूध का एक-एक नमूना लिया।

इसके अलावा खाद्य कारोबारी आबिद अली सिटी स्टेशन रोड, भोला डेयरी तालकटोरा रोड आलमबाग, लखनऊ डेरी आदर्श नगर आलमबाग से एक-एक पनीर का नमूना लिया।

सहायक आयुक्त (खाद्य) विजय प्रताप सिंह ने बताया कि सभी नमूने प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे हैं। नमूने अगर अधोमानक होंगे तो कार्रवाई करेंगे।

## किसानों को देंगे नवीन तकनीक की जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** किसान पाठशाला में किसानों को अच्छे उन्नतशील नवीन प्रजाति के बीजों को सही समय पर बुवाई के लिए प्रेरित करें। रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में जैविक खाद एवं कृषि रक्षा आदि के प्रयोग बताएं। यह बातें प्रदेश में 4 से 20 दिसंबर तक आयोजित होने वाले किसान पाठशाला के प्रशिक्षण में अपर कृषि निदेशक प्रसार आरके सिंह ने कही।

शुक्रवार को कृषि निदेशालय के सभागार में ''द मिलियन फार्मर्स किसान पाठशाला'' संस्करण 8.0 का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। अपर कृषि निदेशक प्रसार आरके सिंह ने अध्यक्षता की और सभी प्राविधिक सहायक, बीटीएम, एटीएम को प्रशिक्षित किया। कहा, अपनी न्याय पंचायत में इसी तरह किसानों को पाठशाला में प्रशिक्षित करेंगे। लाइन से बुवाई करने के लिए प्रेरित करेंगे। सहायक निदेशक प्रसार संजेश श्रीवास्तव ने बताया गया कि अच्छी गुणवत्ता के प्रशिक्षण की वीडियो क्लिप तैयार करके विभागीय वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

# ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में समितियां बनीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



डॉ. रुचिता।



डॉ. तनवीर।

**अमृत विचारः** ख्वाजा मोइनुददीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों के स्वयं (स्टडी बेवस ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एसपायरिंग माईंड) और मूक (मैसिव ओपेन आनलाइन कोर्स) को बढ़ावा देने के लिए और इससे संबंधित कार्यों के निर्वहन के लिए कुलपति ने डॉ. रुचिता सुजय चौधरी को समन्वयक नियुक्त किया है। इसी प्रकार नई शिक्षा नीति को लेकर प्रदेश के सरकार के निर्देश के अनुपालन के लिए डॉ. तनवीर खदीजा को समन्वयक नियुक्त किया गया है। नई शिक्षा नीति संबंधित कार्यो का वह समन्वय करेंगी।

इंटर्नशिप और अप्रेंटिंशिप इंबेडेड प्रोग्राम से संबंधित कार्यों के लिए प्रो. सैयद हैदर अली को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वह नई शिक्षा नीति के तहत इंटर्नशिप और अप्रेंटिंशिप कार्यक्रमों का देखेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने सभी विश्वविद्यालय को इस बारे में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने का आदेश दिया है, जहां पर नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत छात्रों का क्रेडिट बैंक भी बनाया जा रहा है, जिससे छात्र एक्जिट प्रोग्राम का लाभ उठाना चाहे तो उनका कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### भक्त सम्राट हैं तुलसीदास : रमाकांत गोस्वामी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राधा स्नेह दरबार की ओर से आयोजित भक्तमाल कथा के द्वितीय दिवस पर शुक्रवार को कथा प्रवक्ता रमाकान्त गोस्वामी ने कहा कि तुलसीदास भक्त सम्राट हैं। जैसे कामी को स्त्री, लोभी को धन प्रिय है वैसी प्रियता रघुनाथ से हो वे ऐसे प्रार्थी हैं। नाभादास ने उन्हें भक्तमाल का सुमेरू कहा है। रमाकान्त गोस्वामी ने गोमती तट स्थित खाटूश्याम मन्दिर में श्रद्धालुओं को संत तुलसीदास का चरित्र सुनाया। जन्म, शिक्षा, वैराग्य और उनके जीवन के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके जैसा समन्वय कहीं नहीं है। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रभु राम के चार मित्रों में भरत क्षत्रिय हैं, निषादराज शूद्र, सुग्रीव वैश्य और विभीषण ब्राह्मण हैं।

# सनातन धर्म के समर्थक अधिवक्ताओं पर टिप्पणी निंदनीय

## अवध बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व संयुक्त सचिव ने प्रेसवार्ता कर जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

▶▶ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने की थी वरिष्ठ अधिवक्ता हरि शंकर जैन और उनके पुत्र पर टिप्पणी

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव हिंदू और सनातन धर्म के वरिष्ठ अधिवक्ता हरि शंकर जैन और उनके पुत्र विष्णु शंकर जैन पर की गई टिप्पणी पर वकीलों ने नाराजगी जाहिर की है। अवध बार एसोसएशन के उपाध्यक्ष गणेश नाथ मिश्रा व संयुक्त सचिव प्रशासन देवकी नंदन पांडेय ने इसका कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

दोनों अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता मे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा सनातन और हिंदू हितों की रक्षा में कार्यरत अधिवक्ताओं पर अशोभनीय टिप्पणियां की जा रही हैं। उनके खिलाफ आम जनमानस को भड़काया जा रहा है। अधिवक्ता अपने मुवक्किल की पैरवी करता है और न्यायालय में वह तथ्यों और कानून के आधार पर अपनी बात रखता है।

इसके बाद न्यायालय उचित निर्णय सुनाता है। कहा कि अखिलेश यादव द्वारा सोशल मीडिया पर विष्णु शंकर जैन का चित्र साझा कर जनपद - संभल में हुए विवाद के लिए जिम्मेदार ठहराना पूरी तरह गलत है। कहा कि राजनीतिक फायदे के लिए न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करते हुए अधिवक्ताओं की व्यक्तिगत आलोचना की जा रही है। अधिवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार, केन्द्र सरकार और बार काउंसिल से कठोर कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो समस्त अधिवक्ता आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।



प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते अवध बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गणेश नाथ मिश्रा, सयुक्त संचिव देवकी नन्दन पाण्डेय और शिशिर चतुर्वेदी। अमृत विचार


**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन 6, बालागंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांकः- 641/ई0ई0-6/एल0जे0एस0 दिनांक: 29/11/2024

**अल्प कालीन निविदा-सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 06/12/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन 6 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनाँक 06/12/2024 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगीं। प्राप्त सभी निविदायें दिनाँक 06/12/2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Reboring of 1.50 HP Submersible pump 02 Nos at Bagh Maha Narain and at Nai Bada, Chowk Ward, Lko | 6600.00 | Rs. 400 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ

## एक नजर

### आज पशुओं का कराएं परीक्षण, होगी सर्जरी

अमृत विचार, लखनऊ : पशुपालन विभाग की तरफ से शनिवार को मलिहाबाद ब्लॉक के ग्राम महमूदपुर ढाल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेला/शिविर आयोजित होगा। मेले में मंडलीय जिलों के पशुओं की गंभीर बीमारियों का उपचार, स्वास्थ्य परीक्षण के साथ विशेषज्ञों द्वारा सर्जरी की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि वृहद मेले में लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर के पशुओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, गंभीर बीमारियों का उपचार, सर्जरी आदि की जाएगी। सभी मंडल के अस्पतालों के साथ निदेशालय तक के अनुभवी चिकित्सक बुलाए हैं। शिविर सुबह 8 बजे से आयोजित होगा। इसका उद्घाटन विधायक मलिहाबाद जय देवी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष सचिव देवेंद्र पांडे, निदेशक डॉ. पीएन सिंह, अपर निदेशक डॉ. एके वर्मा समेत निदेशालय के अन्य अधिकारी रहेंगे।

### हिन्दी प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस के मेधावी छात्रों वाची सिंह, अर्णव पाण्डेय, मोहम्मद जेन तारिक खान व आराध्या अवस्थी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 'इण्डिया हिन्दी स्पेलिंग बी प्रतियोगिता-2024' में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में वाची सिंह ने 5वीं नेशनल रैंक अर्जित की तो अर्णव पाण्डेय ने 8वीं नेशनल रैंक, जबकि मोहम्मद जेन तारिक खान व आराध्या अवस्थी ने 9वीं नेशनल रैंक अर्जित कर अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहराया। प्रतियोगिता का आयोजन शैक्षिक संस्था इण्डिया स्पेलिंग बी के तत्वावधान में किया गया।

# वेटलैंड में प्रकृति का अद्भुत नजारा, दूरबीन से प्रवासी पक्षियों को निहारा

## सीजी सिटी में 37 एकड़ में विकसित वेटलैंड से रूबरू हुए पर्यावरण व पक्षी प्रेमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इकाना स्टेडियम स्थित सीजी सिटी के 37 एकड़ में विकसित वेटलैंड में शुक्रवार को देश भर से आए पर्यावरण और पक्षी प्रेमी प्रकृति से रूबरू हुए। चहकते और पंख फैलाते पक्षियों को दूरबीन से निहारा और वेटलैंड की खासियत को जाना। यह दृश्य लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित ''विहंग उत्सव'' में देखने को मिला, मानों जैसे कोई शहर नहीं प्रकृति का मूल यही है।

सुबह 7 बजे पर्यावरण और पक्षी प्रेमियों के साथ पहुंचीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, वेटलैंड एक्सपर्ट बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रो. वेंकटेश दत्ता ने वाच टॉवर से वेटलैंड का नजारा देखा। दूरबीन से पंख फैलाती, पेड़ पर बैठी, चहकती चिड़ियां और डैने झुलाते उड़ते विदेशी पक्षियों को देखा। मोबाइल पर तस्वीरें लीं। झील में कई प्रजाति की मछलियां नजर आईं। उपाध्यक्ष ने बताया कि एलडीए द्वारा विकसित यह ईको टूरिज्म का केंद्र बन चुका है। इसके बनने से विदेशी पक्षियों के प्रवास को बढ़ावा मिला है।

छात्र-छात्राओं ने प्रवासी पक्षी किस देश के हैं, उनकी प्रजाति, उनका यहां का ठहराव, भोजन व सुरक्षा संबंधित तमाम प्रश्न दागे। तो इनका उत्तर शहर के सम्मानित पर्यावरण विद ने दिया और लोगों का ज्ञानवर्द्धन किया।


वेटलैंड में पेड़ पर बैठे प्रवासी पक्षी। अमृत विचार


वेटलैंड में दूरबीन से पक्षियों को देखते छात्र। अमृत विचार

### पक्षी सुर में गाते हैं, भंवरे गुनगुनाते हैं...

विहंग उत्सव में शाम को क्लासिकल संगीत समारोह की धूम रही। देश-विदेश में प्रस्तुति दे चुके ताल यात्रा ग्रुप के गायक व संगीतकार शास्त्रीय एवं लोक संगीत शैली का फ्यूजन किया। संस्थापक शेख मोहम्मद इब्राहिम के साथ 16 कलाकारों द्वारा गायन व संगीत प्रस्तुति दी गई। पक्षी सुर में गाते हैं, भंवरे गुनगुनाते हैं गीत गाकर समां बांधा। ताल यात्रा बैंड के कलाकारों ने राग जोग, राग किरवानी, राग पहाड़ी, दादरा, सूफी आदि शास्त्रीय संगीत की विधाओं की प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनकी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को तबला, सितार, बांसुरी, वायलन, गिटार, ढ़ोलक, ऑटोपैड आदि वाद यंत्रों की जुगलबंदी सुनने को मिली।


पर्यावरण थीम पर पेंटिंग बनातीं छात्राएं। अमृत विचार

### जयपुरिया स्कूल के भुविक सेठ ने जीता प्रथम पुरस्कार

विहंग उत्सव में दोपहर में टॉक शो व क्विज कान्टेस्ट, नुक्कड़ नाटक, पेन्टिंग एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता कराई गई। विभिन्न स्कूलों से आए 126 बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण थीम पर एक से बढ़कर एक आकर्षक पेंटिंग बनाई। निर्णायक मंडल द्वारा चार बेस्ट पेंटिंग को चुना गया। मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन पी. गुरु प्रसाद एवं विशिष्ट अतिथि मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार व प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने प्रतियोगिता के अंतर्गत सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के भुविक सेठ को प्रथम पुरस्कार, न्यू पब्लिक कॉलेज नीलमथा की प्रियांशी रावत को द्वितीय पुरस्कार, बाल निकुंज (बॉयज विंग) के छात्र शुभम कुमार को तृतीय पुरस्कार एवं बाल निकुंज गर्ल्स की दीपिका शर्मा को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शनिष को पहला स्थान

विहंग उत्सव में 26 नवंबर से शुरू हुई फोटोग्राफी प्रतियोगिता के प्रतिभागी शनिष कुमार मिश्रा को प्रथम पुरस्कार, प्रखर किशन को द्वितीय, सुनील कुमार रैदास को तृतीय एवं विवेक अवस्थी और आशुतोष त्रिपाठी को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### सांपों का न करें रेस्क्यू, बल्कि एक्सपर्ट को बुलाएं

विहंग उत्सव में पर्यावरण और जीव-जंतुओं से संबंधित एनजीओ द्वारा विशेष स्टॉल लगाए गए। पर्यावरणम् सोसाइटी की तरफ से सांप और अजगर का रेस्क्यू करने वालीं प्राची, जया व अपूर्व ने जहरीले सांपों से सुरक्षा संबंधित जानकारी दी। स्टॉल पर छात्र-छात्राओं को जया ने बताया कि उनकी संस्था वन विभाग के सहयोग से रेस्क्यू करती है। घर या आसपास कहीं सांप व अजगर दिखने पर खुद से रेस्क्यू न करें। बल्कि संस्था, विभाग या फिर अनुभवी को बुलाएं। प्राची ने जहरीले सांपों की प्रजाति, उनसे बचाव और संस्था द्वारा रेस्क्यू में इस्तेमाल करने वाले संसाधनों के मॉडल दिखाए। जया ने बताया कि सांप नाजुक होते हैं। उन्हें हुक से पकड़ते हैं। जबकि अक्सर बिना अनुभव के लोग दबाने वाली स्टिक से पकड़ते हैं। इससे दबकर मृत्यु हो जाती है। पकड़ने वालों को भी खतरा रहता है। सांप व अजगर को पकड़ने के बाद उन्हें किस तरह रखते और कहां छोड़ते इसके भी मॉडल दिखाए गए। इसी तरह टर्टल सर्वाइवल एलाइंस संस्था द्वारा टर्टल्स के मॉडल प्रदर्शित किए गए। स्वप्ना फाउंडेशन द्वारा चिड़ियों की वॉटर बॉल प्रदर्शनी लगाकर उनकी प्रजाति आदि की जानकारी दी गई।

### नुक्कड़ नाटक से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नुक्कड़ नाटक में पर्यावरण संरक्षण और लुप्त होती चिड़ियों से मानवता को हो रहे नुकसान को लेकर बेहद मार्मिक प्रस्तुति दी गई। सोमेंद्र प्रताप सिंह और उनकी टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया कि चिड़ियां अब केवल किताबों में रह गई हैं। जिन्हें सामूहिक रूप से संरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए घर पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं एवं घरों में चिड़ियां आयें इसके लिए टर्टल बॉल्स या किसी बर्तन में उनके लिए अनाज और पानी रखें। इसके साथ ही ओरी चिरैया गाने के माध्यम से गिटारिस्ट शिवम ने बेहतरीन गिटार की प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


विहंग उत्सव में प्रतिभागियों के साथ प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद, मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार। अमृत विचार

# जोन-2 के जोनल को फटकार, जोन 6 का वेतन काटने के निर्देश

## औचक निरीक्षण सफाई व्यवस्था मिली खराब, शौचालय भी देखे, बाजार खाला में जलता मिला कूड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शुक्रवार सुबह 7 बजे अचानक जोन-2 व 6 का निरीक्षण किया तो हकीकत सामने आई। वार्डों में नियमित सफाई व कूड़ा उठान न होने पर जोन-6 के जोनल अधिकारी मनोज कुमार व सफाई निरीक्षक का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। जोन-2 के जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी को फटकार लगाई।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने महापौर सुषमा खर्कवाल व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के साथ अंबेडकर नगर वार्ड, मालवीय नगर वार्ड, कल्बे आबिद वार्ड व ऐशबाग वार्ड का निरीक्षण किया। नगर निगम के शौचालयों भी अंदर जाकर देखे। वार्डों में सफाई व्यवस्था ठीक न मिलने पर नाराजगी जताई। दोनों को वार्डों में सफाई का नियमित निरीक्षण करने को कहा। निर्देश दिए कि सफाई और पानी के सही निकास के लिए नालियों से अतिक्रमण हटाएं और नालियों की नियमित सफाई करें। बाजार खाला में पुल के नीचे मुख्य मार्ग में जलता कूड़ा देख नाराजगी जताई। वहां पर नाली के ऊपर एलटी पैनल को तत्काल हटाने तथा जाम नाली की सफाई के निर्देश दिए। निरीक्षण में स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा साथ रहे।


नगर निगम के शौचालय का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना साथ में महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

▸▸ लापरवाही पर जोन-6 के सफाई निरीक्षक का भी कटेगा वेतन

### अवैध फूल मंडी हटाएं, वसूली पर कराएं एफआईआर

प्रभारी मंत्री ने नीबू पार्क के पास अवैध फूल मंडी को हटाते हुए अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ एफआईआर करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अब्दुल अजीज रोड चौपटिया मुख्य मार्ग पर जमा सिल्ट और मौरंग व बालू हटाकर सफाई कराएं। संदोहन देवी मंदिर के पास व पड़ाव घर के पास इकट्ठा गंदगी व कूड़ा देखकर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। संबंधित कूड़ा एजेंसी को प्रतिदिन कूड़ा उठाने के लिए निर्देशित करने के कहा। इसकी नियमित इसकी मॉनिटरिंग भी की जाए।

# पाइप लाइन डालने का विरोध, काम रुकवाया

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनी नगर प्रथम वार्ड के पंडित खेड़ा में पाइप लाइन डालने का लोगों ने विरोध किया। गड़बड़ी का आरोप लगाकर प्रदर्शन करके नारेबाजी की और काम रुकवा दिया। शुक्रवार को नगर निगम द्वारा पंडित खेड़ा में पाइल लाइन डालने का कार्य किया गया। स्थानीय लोगों ने 100 मीटर आरसीसी नाला बनाने के बाद शेष नाला में पाइप डालने का आरोप लगाकर विरोध किया। कहना है कि आरसीसी नाला तीन करोड़ रुपये का पास हुआ। डेढ़ किमी के नाले का निर्माण 6 फरवरी को शुरू हुआ था। पूर्व में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब से शिकायत थी। अधूरे नाले के कारण पंडित खेड़ा में जगह-जगह जलभराव की समस्या बनी रहती है।

# प्रिसीजन मेडिसिन के इस्तेमाल से 3 फीसदी मृत्युदर में आई कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रिसीजन मेडिसिन के इस्तेमाल से गंभीर मरीजों की जान बचाने में मदद मिल रही है। वेंटिलेटर पर भर्ती मरीजों की मृत्यु दर में 3 फीसदी तक कमी आई है। यह जानकारी किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अविनाश अग्रवाल ने दी। वह शुक्रवार को शताब्दी फेज दो के प्रेक्षागृह में विभाग के 8वें स्थापना दिवस समारोह में जानकारी साझा कर रहे थे।

डॉ. अविनाश अग्रवाल ने कहा कि प्रिसीजन मेडिसिन में व्यक्ति आधारित इलाज मुहैया कराया जाता है। इसका फायदा मरीजों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रिसीजन मेडिसिन व्यवस्था लागू होने से पहले वेंटिलेटर पर भर्ती मरीजों की मृत्युदर करीब 36 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 33 प्रतिशत हो गई है। इसमें धीरे-धीरे और सुधार की उम्मीद है। उन्होंने कहाकि विभाग में मरीजों की दुश्वारियों को दूर करने के लिए अहम कदम उठाए गए हैं। पैथोलॉजी की बड़ी जांचें विभाग में कराई जा रही है। मॉलीक्यूलर जांचें भी कराई जा रही हैं। करीब 35 प्रकार की अहम जांच की सुविधा मरीजों को मुहैया कराई जा रही है। इन जांचें से मरीजों को कौन सी दवा दी जाएगी। इसका अंदाजा भी लगाया जा सकता है। पहले कल्चर जांच रिपोर्ट आने में 36 घंटे तक लग जाते थे। इससे गंभीर मरीजों का समय पर सटीक इलाज करने में दिक्कत आती थी। अब जांच रिपोर्ट महज चार घंटे में मिल जा रही है। उन्होंने कहा कि बेड पर ही ईसीजी जांच की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने की। समारोह में बेंगलुरु के सेंट जॉन मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. भुवना कृष्णा, डॉ. प्रवीन कुमार जैन, डॉ. बीके ओझा मौजूद रहे।


दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करतीं कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद। अमृत विचार

▸▸ केजीएमयू के क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के स्थापना दिवस पर विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी

### जांच से पता चलेगा हार्ट फेल्योर का खतरा

डॉ. अविनाश अग्रवाल ने बताया कि मौजूदा समय में लोगों में हार्ट फेल्योर का खतरा बढ़ गया है। लोग तेजी से इसके शिकार हो रहे है। अभी तक ईको, ईसीजी जैसी सामान्य जांचों से हार्ट की स्थिति जानी जा रही है। लेकिन बायोमार्कर के जरिए जांच कर आसानी से पता लगाया जा सकेगा कि किस व्यक्ति अथवा मरीज को हार्ट फेल्योर की संभावना अधिक है। इतना ही नहीं मरीजों पर कौन सा इलाज कारगर होगा यह भी बताना अब आसान है। इस तकनीक पर तेजी से काम किया जा रहा है। अभी तक मिले परिणाम भी संतोषजनक रहे हैं।

# कई इलाकों में आज रहेगा बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: इटौंजा, आशियाना और मुंशीपुलिया सहित शहर के कई क्षेत्रों बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मर और बिजली के तारों को बदलने का काम शनिवार को किया जायेगा। इसके चलते दो लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं के यहां बिजली संकट रहेगा। इटौंजा उपकेंद्र से पोषित 11 केवी महोना अमानीगंज पोषक के एचटी लाइन से पोषित इलाकों की बिजली सप्लाई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इंदिरानगर खंड के सेक्टर-25 के गोल चौराहा फीडर के शालीमार चौराहे पर स्थित 630 केवीए और ए-मार्ग के बस्तौली में इरम स्कूल के पीछे गुरुद्वारा के क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक ठप रहेगी। मुंशीपुलिया के सेक्टर-14 ओल्ड के सेक्टर-12 फीडर पोषक के साई प्लाजा सहित आसपास के इलाके में एसएमसी बॉक्स और एबीसी केबल को डालने का काम किया जायेगा। इसके चलते इससे पोषित इलाकों की बिजली सप्लाई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक गुल रहेगी।

# क्वीनमेरी में प्रति वर्ष हो रहे 9 हजार प्रसव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के क्वीनमेरी अस्पताल का शुक्रवार को 92वां स्थापना दिवस मनाया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. अंजू अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल की स्थापना 4 नवंबर 1932 को हुई थी। क्वीनमेरी अस्पताल देश के सबसे बड़े प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागों में से एक है, जो बड़ी संख्या में जटिल गर्भावस्था और स्त्री रोग संबंधी मामलों को देखता है, जिसमें प्रति वर्ष लगभग 9,000 प्रसव होते हैं।

प्रो. अंजू ने बताया कि लेबर रूम में महिलाओं को कई तरह कि सुविधाएं उपलब्ध कराने की तैयारी है। इसके लिए लेबर रूम में कुछ विशेष तरह की चेयर लगाई जाएंगी। जिसमें गर्भवतियों को अलग अलग पोजिशन में बैठना उठना और चलना होगा। फुटबॉल रखी जाएगी जिससे वह पैर चला सकेंगी। इसके माध्यम से उनकी डिलीवरी में और भी ज्यादा आसानी होगी। वहीं अस्पताल में आने वाली महिलाओं को अपनों की कमी न महसूस हो इसके लिए स्टॉफ को समय-समय पर मरीजों से अच्छा बरताव करने की ट्रेनिंग भी दी जाती है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने किया। इस मौके पर प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की पूर्व प्रमुख डॉ कल्याणी दास विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।


कार्यक्रम में शामिल कुलपति और चिकित्सक। अमृत विचार

▸▸ क्वीनमेरी अस्पताल का 92वां स्थापना दिवस मनाया गया

### बीएसएनएल आल लगायेगा ग्यारह स्थानों पर कैंप

अमृत विचार, लखनऊ : बीएसएनएल की विभिन्न सेवाओं को ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए बीएसएनएल लखनऊ व्यापार क्षेत्र की ओर से शनिवार को राजधानी के 11 स्थानों पर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। ये कैंप दारुलशफा, हुसड़िया चौराहा, कपूरथला, लोहिया हॉस्पिटल, पावर हाउस चौराहा, फीनिक्स मॉल, घंटाघर इसैलाबाट, बालागंज चौराहा, परिवर्तन चौक, सी पीएमजी ऑफिस, हजरतगंज निकट गेट और जनेश्वर मिश्रा पार्क, गोमती नगर मे आज लगाये जायेंगे। कैंप में टू-जी, थ्री-जी सिम को फोर जी सिम में फ्री बदला जायेगा। शिविर में नया मोबाइल कनेक्शन, मोबाइल सिम को बदलने, नया एफटीटीएच कनेक्शन की बुकिंग के साथ फोर-जी के अपग्रडेशन संबंधी सेवाओं को दिया जायेगा।

## प्राणि उद्यान का स्थापना दिवस — वन राज्यमंत्री मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना ने किया एंट्री प्लाजा का लोकार्पण, कार्यक्रम में शामिल हुए वन विभाग के अधिकारी और विभिन्न स्कूलों के बच्चे

# केक काटा, निकाली वन्य जीव और पर्यावरण रैली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


अमृत विचार : नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान का 103 वां स्थापना दिवस शुक्रवार को सारस प्रेक्षागृह में मनाया गया। इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि वन राज्यमंत्री मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना, विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री केपी मलिक के साथ प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुधीर कुमार शर्मा, वन संरक्षक वन्य जीव संजय श्रीवास्तव, वन निगम के एमडी सुनील चौधरी मौजूद रहे।

स्थापना दिवस समारोह की शुरूआत सीएमएस स्कूल बैंड की ओर से सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा की धुन बजाकर हुई। इसके बाद वन मंत्री ने दर्शकों के लिए एंट्री प्लाजा का लोकार्पण किया। एंट्री प्लाजा को प्राणि उद्यान और एनटीपीसी के संयुक्त तत्वाधान में तैयार किया गया है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने 103वें स्थापना दिवस को प्राणि उद्यान को जन्मदिन के रूप में केक काटकर मनाया। रिवर साइड एकेडमी, एमिकस एकेडमी के छात्र-छात्राओं की ओर से वन्य जीव और पर्यावरण रैली निकाली गई। इसे मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही जीव संरक्षण पर तैयार की गई रंगोली भी देखी। शिवम चौपड़ा की ओर से दिये गये सरोद वादन की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर मौजूद सभी अंगीकर्ताओं और एनटीपीसी के प्रतिनिधि, स्कूली बच्चे भी मौजूद रहे। साथ ही पूर्व प्रशासकों और पूर्व निदेशकों को योगदान के लिए उन्हें शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। एंट्री प्लाजा में सीएसआर फंड की ओर से सहयोग करने के लिए एनटीपीसी की स्नेहलता शांडिल्य को सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी दिनेश बडोला के साथ प्राणि उद्यान के सहयोग करने वाले प्रतिनिधि और स्कूली बच्चे मौजूद रहे।


प्राणी उद्यान के स्थापना दिवस पर केक काटते वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री डॉ. अरूण कुमार, राज्य मंत्री केपी मलिक और अधिकारी। अमृत विचार


चेहरे पर जानवरों की आकृतियां बनाए पर्यावरण रैली में शामिल बच्चे।


प्राणि उद्यान में टूटा झूला। अमृत विचार

### स्थापना दिवस पर किए गए कई बदलाव, लेकिन नहीं बदले टूटे झूले

स्थापना दिवस पर दर्शकों के लिए जहां नया सारस पेक्षागृह और एंट्री प्लाजा बनाकर चिड़ियाघर प्रशासन ने वाहवाही लूटी, वहीं महीनों से टूटे झूलों का प्रशासन पर कोई ध्यान नहीं दिया। बच्चे आज भी टूटे झूलों पर झूलने को मजबूर हैं। इनसे गिरकर वह कभी भी चोटिल हो सकते हैं।

### इंतजार में थक कर इधर-उधर बैठने को मजबूर बच्चे

समारोह में मुख्य अतिथि का स्वागत बच्चों को भारी पड़ गया। उनके स्वागत में बच्चे काफी पहले ही बैंड लेकर खड़े हो गये। मुख्य अतिथि काफी देर से पहुंचे। इस दौरान बच्चे कई बार थक कर इधर उधर बैठने को मजबूर हो गये, । लेकिन मुख्य अतिथि के आते ही बच्चों ने बैंड धमाकेदार प्रस्तुति से समां बांध दिया।


थककर बैठे बच्चे। अमृत विचार

# मणिपुर हिंसा को लेकर केंद्र से हस्तक्षेप की मांग करेगा एबीवीपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ संगठन के राष्ट्रीय मंत्री ने कहा शांति कायम करना राज्य और केंद्र दोनों की जिम्मेदारी

अमृत विचारः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि मणिपुर हिंसा को लेकर परिषद केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करता है। इसमें राज्य और केंद्र सरकार दोनों को मिलकर शांति बहाली का प्रयास करना चाहिए। देशभर के शैक्षणिक संस्थानों में संस्कार और मूल्यों से परिपूर्ण गुणवत्तायुक्त शिक्षा की बात विद्यार्थी परिषद करती है। अभाविप अवध प्रांत मंत्री पुष्पेंद्र वाजपेयी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद शैक्षणिक दूरदर्शिता के साथ आगामी दिनों में शिक्षा की गुणवत्ता व भारतीय ज्ञान परंपरा को विकसित करने के संदर्भ में वैचारिक विमर्श की दिशा में कार्य करेगी।

केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य शीतल कुमारी व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सृष्टि सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि छात्राओं के मध्य मिशन साहसी व ऋतुमति अभियान के माध्यम से उनके स्वावलंबन, स्वास्थ्य, सुरक्षा व सम्मान के लिए अभाविप निरंतर कार्य कर रही है। अधिवेशन में छात्राओं की उपस्थिति से देशभर की छात्राओं को आपस में मिलने का अवसर मिला है।

विद्यार्थी परिषद छात्राओं को नेतृत्व देकर उनके व्यक्तित्व निर्माण का कार्य करती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शुभम सिंह सेंगर, मयंक अग्रवाल, नवीन आजाद दूबे व फार्माविजन के राष्ट्रीय सह संयोजक आकाश पटेल भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### 8वीं की छात्रा से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** थाना क्षेत्र में आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल होने गयी 8वीं की छात्रा से डीजे बजाने आए युवक ने बाथरूम में दुष्कर्म किया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एक गांव में वैवाहिक समारोह था। कार्यक्रम में किशोरी भी परिवार संग गयी थी। देर रात किशोरी बाथरूम करने गयी। तभी डीजे बजाने वाले अभिषेक रावत ने उसे बाथरूम में खींच लिया और किशोरी से दुष्कर्म किया। घटना की सूचना परिजन ने गोसाईंगंज पुलिस को दी। निरीक्षक बलराम सिंह सेंगर के ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी अभिषेक को उसके घर रसूलपुर से गिरफ्तार कर लिया।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार,आशियाना :** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी को आशियाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बीते 6 नवंबर को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने छानबीन के दौरान शुक्रवार को आरोपी मोहित राजपूत निवासी ख्वाजापुर औरंगाबाद खालसा थाना आशियाना को गिरफ्तार कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से महिला हेड कांस्टेबल घायल

**अमृत विचार, मोहनलालगंजः** जैतीखेड़ा में स्थित आईटीबीपी के क्षेत्रीय मुख्यालय में तैनात महिला हेड कांस्टेबल पूजा पटेल 25 नवंबर को लखनऊ से स्कूटी से क्षेत्रीय मुख्यालय में ड्यूटी पर जा रही थी। जगंलीखेड़ा मोड़ के पास बेकाबू बाइक ने उनकी स्कूटी में सामने से टक्कर मार दी। हादसे में पूजा घायल हो गयी। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज अमर सिंह ने बताया पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# मारपीट कर रुपये लेने वाले कांस्टेबल को चार वर्ष की सजा

विधि संवाददाता,लखनऊ

▸▸ 1991 में अलीगंज की चांदगंज चौकी में था तैनात, एक अन्य अभियुक्त की हो चुकी है मौत

**अमृत विचारः** पुलिस चौकी के अंदर बंद करके मारपीट करने एवं छोड़ने के नाम पर तीन हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोपी अलीगंज थाने के तत्कालीन कांस्टेबल अशोक कुमार दुबे को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल ने चार वर्ष के कठोर कारावास एवं 21000 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता महेश कुमार त्रिपाठी ने अदालत को बताया कि आरोपी पुलिस कांस्टेबल अशोक कुमार दुबे एवं विदेश कुमार सिंह 25 जुलाई 1991 को अलीगंज थाने की चांद गंज चौकी में तैनात थे। अदालत को बताया गया कि शिकायतकर्ता प्रेम नारायण वर्मा के शिकायती प्रार्थना पत्र पर तत्कालीन सहायक पुलिस आयुक्त राजकुमार विश्वकर्मा ने जांच की थी। जांच के दौरान पाया गया कि घटना के दिन वादी प्रेम नारायण वर्मा अपने भतीजे राकेश कुमार वर्मा की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी करने के लिए चांदगंज चौकी गए थे। जहां पर दो कांस्टेबल ने उन्हें रोक कर बुरी तरह से मारा पीटा था। यह भी आरोप लगाया गया है कि दोनों पुलिस कांस्टेबल ने प्रेम नरायन वर्मा से तीन हजार रुपए लिए तथा दो हजार रुपए बाद में देने के वायदे के बाद छोड़ा।

### विवेचक ने दोनों कांस्टेबल को दे दी थी क्लीनचिट

इस मामले में पुलिस विवेचना के बाद विवेचक ने अभियुक्त के पक्ष में अंतिम रिपोर्ट लगाते हुए दोनों कांस्टेबलों को क्लीन चिट दे दी थी। लेकिन बाद में वादी प्रेम नारायन वर्मा की आपत्ति पर अदालत ने अंतिम रिपोर्ट को निरस्त करते हुए दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा चलाए जाने का आदेश दिया था। इस मामले में विचारण के दौरान कांस्टेबल विदेश कुमार सिंह की मृत्यु हो गई थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अभियुक्त द्वारा किया गया अपराध किसी तरह से क्षम्य नहीं है। जबकि अभियुक्त की ओर से कहा गया कि इस समय उसकी आयु 67 वर्ष हो रही है तथा उसके विरुद्ध वर्ष 1996 से मुकदमा चल रहा है लिहाजा उम्र और बीमारी को देखते हुए कम सजा दी जाए। अदालत में अपने आदेश में कहा है कि जुर्माने की धनराशि वसूले जाने पर आधी धनराशि पीड़ित राकेश कुमार वर्मा एवं शिकायतकर्ता को दी जाएगी।

# रिसेप्शन पार्टी से बाहर निकली महिला से चेन लूटी

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

▸▸ पीड़िता ने सरोजनीनगर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचारः** सरोजनीनगर में रिसेप्शन पार्टी में शामिल होकर घर जाने के लिए बाहर निकली महिला से बाइक सवार लुटेरों ने चेन लूट ली। पीड़िता ने सरोजनीनगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पारा स्थित राम विहार कॉलोनी में शोभा राज परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि बेटे सागर के साथ रिश्तेदार की रिसेप्शन पार्टी में शामिल होने कानपुर रोड मन्नत लॉन गई थी। रात करीब 11 बजे वह समारोह से घर लौटने के लिए बाहर निकलीं। बेटा सागर बाइक लेने गया था। तभी बाइक से उतर कर एक युवक उनकी तरफ आया। शोभा राज को लगा कि युवक मैरिज हाल में जा रहा था। अचानक से युवक उनकी तरफ दौड़ा और चेन लूट कर भाग निकला। पीड़िता के शोर मचाने पर बेटे सागर ने बदमाश को दौड़ाया तो वह आगे खड़े बाइक सवार साथी संग फरार हो गया।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

**अमृत विचार, नगरामः** नगराम क्षेत्र के हरदोईया स्थित पंचशील शांति शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में शुक्रवार को मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महिला उप निरीक्षक अल्का देवी ने इस मौके पर कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर है। छेड़खानी व कहीं किसी अनहोनी की आशंका हो तो तुरंत महिला हेल्प लाइन नंबर 1090, डायल 112, 1076 पर सूचना दें। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक उपेन्द्र यादव और उपनिरीक्षक संजय सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# बिल्डिंग में लगी आग, 20 कारीगरों को बचाया

## 12 दमकल वाहनों की मदद से ढाई घंटे में आग पर पाया काबू, गाजीपुर थाना क्षेत्र के शक्ति नगर की घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** गाजीपुर के शक्ति नगर स्थित उस्मानी ढाल पर बनी बिल्डिंग में चल रहे सोफा, गद्दा और फर्नीचर गोदाम में शुक्रवार देर शाम आग लग गई। लपटों व धुएं के बीच 20 कारीगर फंस गए। स्थानीय लोगों ने खिड़की तोड़कर अंदर फंसे सभी कारीगरों को बाहर निकाला। इसी दौरान बिल्डिंग में रखे तीन सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गए। पुलिस और दमकल कर्मियों ने आसपास के घरों को खाली करवा दिया। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब ढाई घंटे में आग पर काबू पाया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ)मंगेश कुमार ने बताया कि चौक के राजा बाजार निवासी प्रद्युम्न रस्तोगी की शक्ति नगर स्थित उस्मानी ढाल पर 3 मंजिला बिल्डिंग है।इसके बेसमेंट भी में अशरफ का गद्दे, रफीउल्ला का सोफे और रशीद का फर्नीचर का कारखाना है। तीनों कारखानों के अलावा बिल्डिंग परिसर में तीन दिहाड़ी मजदूर परिवार के साथ रहते हैं।

शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे सोफे के गोदाम में आग लगी थी। कारखाने में बड़ी मात्रा में फर्नीचर, स्पंज और लकड़ी होने के कारण आग फैलने लगी। बिल्डिंग में मौजूद 20 कारीगर फंस गए। चीख-पुकार सुनकर मोहल्लेवालों ने डंडे से खिड़की तोड़ी और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। आग की लपटों को देखते हुए बीआर सेट पहनाकर दमकल कर्मियों को अंदर भेजा गया। इसके बाद चार तरफ से टीम को लगाकर आग पर काबू पाया गया।



बिल्डिंग में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

### बिल्डिंग मालिक के पास नहीं है एनओसी

सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि बिल्डिंग मालिक प्रद्युम्न के पास फायर एनओसी नहीं थी। बिल्डिंग मालिक को नोटिस भेजी जाएगी। स्थानीय निवासी सुनील ने बताया कि बिल्डिंग में रोजाना करीब 30-35 लोग रहते हैं। जिस समय आग लगी, वहां सिर्फ 20 मजदूर थे।

▸▸ सोफा-गद्दे व फर्नीचर का गोदाम जला, फटे सिलेंडर

### गेट की तरफ से लगी आग

बिल्डिंग में अली हुसैन, पत्नी नूरबानो और बच्चे सोफिया बच्चों के साथ रहते हैं। जब आग लगी थी, तो अंदर ही थे। उन्होंने बताया कि आग सबसे पहले गेट की तरफ के हिस्से में लगी थी। कारखाना तक कब पहुंची, पता ही नहीं चला। ऊपरवाले ने सभी की जान बचा ली। स्थानीय लोगों ने उनके परिवार को बहार निकाला था।

▸▸ लोगों ने खिड़की तोड़कर कारीगरों को बाहर निकाला

### शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

स्थानीय निवासी राकेश ने बताया कि बिल्डिंग में अवैध तरीके से तीन कारखाने चल रहे थे। इसमें पहले भी कई बार छोटी मोटी आग लग लगी है। अनहोनी की आशंका के चलते स्थानीय लोगों ने कई बार बिल्डिंग मालिक, एलडीए, नगर निगम और पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

# शिक्षक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** गोमतीनगर में गुरुवार को निजी स्कूल के शिक्षक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी।

इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि विशालखंड-3 निवासी आरुणी मिश्रा (40) जयपुरिया स्कूल में पढ़ाते थे। वह करीब 8 माह से स्कूल नहीं जा रहे थे। साथ ही आर्थिक समस्या से परेशान थे। जिसके चलते वे तनाव में थे। गुरुवार दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। जब काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजन ने आवाज लगाई। जवाब नहीं मिलने पर परिजन कमरे में गए तो आरुणी फर्श पर पड़े थे। मुंह से झाग निकल रहा था। यह देख परिजन ने आनन-फानन में उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया, वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### सिरप की जगह छात्रा ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अमृत विचार, लखनऊः** पारा इलाके में रहने वाली कक्षा-9 की छात्रा ने गलती से खांसी के सिरप की जगह कीटनाशक पी लिया। हालत बिगड़ने पर छात्रा को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मायापुरम बुद्धेश्वर बिहार निवास अनूप चौरसिया ने बताया कि उनकी बेटी सृष्टि चौरसिया (15) कक्षा-9 की छात्रा थी। बेटी सृष्टि को कुछ दिनों से खांसी आ रही थी। 26 नवंबर को उसने घर में कीटनाशक दवा को खांसी की दवा समझकर पी लिया। कुछ देर के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन ने बिना देर किए सृष्टि को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। वहां शुक्रवार सुबह उसने दम तोड़ दिया।

# वायरलेस कालोनी में पुलिसकर्मी के मकान से चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** पुलिस आयुक्त कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर स्थित वायरलेस कालोनी में चोरों ने धावा बोला। चोरों ने दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़कर जेवर पर हाथ साफ कर दिया। महानगर पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल कर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वायरलेस कालोनी स्थित आवास संख्या एच-41 में रहने वाली सविता उपाध्याय रेडियो पुलिस शाखा में एसआईएम के पद पर हैं। रोजाना की तरह गुरुवार सुबह करीब 10 बजे सविता घर पर ताला लगाकर कार्यालय गई थी। दोपहर करीब 1 बजे खाना खाने वह घर पहुंची तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। अंदर गई तो सामान बिखरा और अलमारी खुली मिली। सविता ने चोरी की सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही अतिरिक्त निरीक्षक श्वेता द्विवेदी मौके पर पहुंची।पीड़िता ने बताया कि चोरों ने अलमारी से दो चांदी की पायल, सोने और चांदी का सिक्का चोरी किया है। पुलिस ने सविता की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अतिरिक्त निरीक्षक ने बताया कि सीसी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### वैवाहिक समारोह में घुसे चोर, उड़ाया बैग

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित वैवाहिक समारोह में मेहमान बनकर घुसे चोरों ने दुल्हन की चाची का बैग उड़ा लिया। बैग में लाखों के जेवर, 40 रुपये और मोबाइल था। विभूतिखंड पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर प्रतिष्ठान में लगे सीसी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी निवासी नीता श्रीवास्तवने बताया कि 24 नवंबर को भतीजी की शादी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में थी। नीता अपना बैग लेकर सोफे पर बैठी थी। इस दौरान करीबी रिश्तेदार डीजे पर नाच रहे थे। नीता बैग को सोफे पर छोड़कर दो मिनट के लिए डांस करने उठी। इसी दौरान चोरों ने बैग गायब कर दिया।

### प्राथमिक विद्यालय में चोरी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** चोरों ने प्राथमिक विद्यालय बेहसा -2 का ताला तोड़कर एक पंखा और बाथरूम के चार पल्ले चोरी कर लिए। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अर्चना सिंह के मुताबिक बीती 26 नवंबर को रोज की तरह सुबह करीब 9 बजे जब वह विद्यालय पहुंची तो एक कक्षा से पंखा और चारों बाथरूम के लोहे के पल्ले नदारद मिले। इसके अलावा समरसेबल का तार काटा पाया गया। सूचना पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मोबाइल छीन ट्रांसफर कराए 4.33 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर नई दिल्ली के क्रिप्टो ट्रेडर को बदमाशों ने लखनऊ बुलाया और उसका मोबाइल छीन करीब 4.33 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए।

बिंदापुर नई दिल्ली के रहने वाले राजेश शर्मा क्रिप्टो ट्रेडर हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्लेटफार्म पर राहुल से संपर्क हुआ था। उसने क्रिप्टो ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर लखनऊ बुलाया और राहुल ने दोस्त शिवम से क्रिप्टो ट्रेडिंग को लेकर मुलाकात कराई 20 नवंबर को शिवम ने उसे बीबीडी के पास बुलाया, और उनका मोबाइल छीन खाते से करीब 4.33 लाख रुपये ट्रांसफर हुए हैं। इसके साथ ही क्रिप्टो वॉलेट से 4100 ट्रांसफर कर लिए गए। शिकायत पर विभूतिखंड पुलिस ने राहुल और शिवम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# महिला को फर्जी मालकिन बना कराई रजिस्ट्री, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वजीरगंज कोतवाली में 4 नामजद और एक अज्ञात महिला पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** गोमतीनगर में जाली पेपर व महिला को फर्जी मालकिन बना जालसाजों ने एक कीमती प्लॉट को बेच दिया पीड़िता ने वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हजरतगंज स्थित नवल किशोर रोड इलाके में 61 वर्षीय सुनीता सिंह ने बताया कि अगस्त 1998 में विशेष खंड-2 स्थित 200 वर्गमीटर का प्लॉट खरीदा था। सुनीता ने बताया कि 22 नवम्बर को उनके प्लॉट के पड़ोसी ने प्लॉट बेचने की सूचना देते हुए क्रेता का नंबर दिया। पीड़िता ने सम्पर्क किया। उसने पीड़िता को भी प्लॉट खरीदने की जानकारी दी। उन्होंने रजिस्ट्री कार्यालय में जानकारी की। पता चला कि उनके प्लॉट की फर्जी रजिस्ट्री कर दी गई है। सुनीता ने बताया कि 22 नवम्बर को जालसाजों ने जाली पेपर बनाकर किसी महिला को सुनीता बनाकर प्लॉट की रजिस्ट्री सर्वेश कुमार गौतम और संगीता शॉ के नाम कर दी। रजिस्ट्री में अरविंद कुशवाहा और नायक नफीस अहमद गवाह बनाए गए हैं। वजीरगंज पुलिस ने सुनीता की शिकायत पर सर्वेश वासी भोपाल, संगीता शॉ निवासी पश्चिम बंगाल, अरविंद कुशवाहा निवासी देवरिया, नायक नफीस अहमद निवासी ओडियन सिनेमा के पास कैसरबाग और एक अज्ञात महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### गैंगस्टर की 35 लाख की सम्पत्ति होगी कुर्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** चोरी की लगभग 17 से अधिक वारदातों में शामिल गैंगस्टर आलम उर्फ कल्लू की करीब 35 .50 लाख रुपये की सम्पत्ति कुर्क करने का आदेश शुक्रवार को जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि ने दिया है। मूल रूप से सीतापुर के थानगांव स्थित बिसवां निवासी आलम उर्फ कल्लू (32) के खिलाफ पहली रिपोर्ट वर्ष 2011 में मड़ियांव थाने में दर्ज हुई थी। आलम ने मड़ियांव, हसनगंज, विकासनगर के अलावा सीतापुर के महमूदाबाद, थानगांव और बिसवां में भी चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है। 11 जून 2022 को तत्कालीन इंस्पेक्टर विकासनगर तेज बहादुर सिंह ने आलम उर्फ कल्लू के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गैंगस्टर एक्ट का रिपोर्ट होने के बाद से ही आरोपी आलम की सम्पत्ति को चिह्नित करने की कार्रवाई शुरू की गई।

### रजिस्ट्री के बाद भी नहीं दिया प्लॉट पर कब्जा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** पुलिस से शिकायत पर रियल इस्टेट कंपनी मालिक ने प्लॉट की रजिस्ट्री तो कर दी लेकिन कई साल बाद भी कब्जा नही दिया। डीसीपी साउथ केशव कुमार के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज ली है। गोरखपुर जनपद के शास्त्री नगर निवासी अशोक कुमार शुक्ल ने 2014 में एक्मे इंफ्रास्ट्रक्चर इण्डिया लिमिटेड प्लाटिंग कम्पनी की सिर्स गांव स्थित एक्मे रेजीडेसी साइड पर 2400 वर्गफीट प्लाट कम्पनी के मालिक राहुल श्रीवास्तव से एग्रीमेंट कराया था। 4 साल में पूरा पेमेंट राहुल श्रीवास्तव के खाते में किया, फिर भी रजिस्ट्री नहीं की गयी। शिकायत के बाद 9 जून2022 को रजिस्ट्री कर दी लेकिन ढाई साल बाद भी कब्जा नहीं दिया। लगातार टालमटोल देख पीड़ित ने डीसीपी से शिकायत की। जांच में आरोप सही मिलने पर मोहनलालगंज पुलिस ने राहुल श्रीवास्तव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नाले में काम कर रहा मजदूर मिट्टी में दबा

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर में शुक्रवार को कानपुर रोड किनारे निर्माणाधीन गहरे नाले के अंदर काम कर रहा मजदूर अरविंद कुमार (35) मिट्टी में दब गया। मजदूर को लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरोजनीनगर में कानपुर एलिवेटेड रोड का निर्माण का कार्य चल रहा है। बताते हैं कि 2 दिन पहले बुधवार को यहां गौरी बाजार के पास बने नाले को ढकने के लिए उसके ऊपर पत्थर की ढलाई की गई थी। शुक्रवार शाम करीब 4 :30 बजे 4 मजदूर इस नाले में घुसकर उसकी सफाई कर रहे थे। तभी पीएनसी कंपनी का डंपर वहां मलबा बराबर करने लगा, जिससे पत्थर टूट कर नाले के अंदर काम कर रहे एक मजदूर के ऊपर जा गिरा। साथ ही ढेर सारी मिट्टी भी उसी के ऊपर गिर गई। जिससे फिरोजाबाद के जसराना स्थित सेवरा गांव का अरविंद कुमार उसमें दबकर बुरी तरह घायल हो गया। आनन फानन जेसीबी मशीन से मिट्टी हटाकर मजदूर को गंभीर अवस्था में बाहर निकाला गया। इसके बाद एंबुलेंस बुलाकर उसे इलाज के लिए लोक बंधु अस्पताल भेज दिया गया है।

### ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** फिनाइल युक्त ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की तस्करी करने वाले गिरोह का शुक्रवार को पर्दाफाश हुआ है। एसटीएफ और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) की संयुक्त टीम ने छापा मारकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ ठाकुरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। टीम गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। एसटीएफ एएसपी अमित कुमार नागर के मुताबिक पकड़े गये, आरोपियों में बालागंज हुसैनबाड़ी निवासी शहजाद और ठाकुरगंज का इमरान शामिल है। आरोपियों के पास से 221960 एमएल आक्सीटोसिन बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 39,55,327 रुपये है। इस गिरोह में और लोग शामिल है। उनकी तलाश में टीम लगी हुई है।

### गैर समुदाय के युवक ने झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

**अमृत विचार,बक्शी का तालाब :** बीकेटी थाने में मूलत: सीतापुर के सिधौली युवती ने ठाकुरगंज के सलमान गार्डन निवासी गैर समुदाय के युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने गर्भवती होने पर उसका गर्भपात कर दिया। यही नहीं जबरदस्ती प्रतिबंधित मांस खिलाकर धर्मपरिवर्तन का दबाव बनाया। विरोध पर जान से मारने की धमी दी पीड़िता ने बीकेटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। युवती का वीडियो शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में हालांकि जांच की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया है। वहीं युवती का यह भी आरोप है कि बीकेटी थाने में तहरीर दी, इसके बाद भी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। उसके बाद युवती ने आलाधिकारियों से भी मदद की गुहार लगाई है।

### इंटरलॉकिंग रोड का किया शिलान्यास

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** नगर निगम अंतर्गत सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड के पार्षद रामनरेश रावत ने शुक्रवार अवध विहार कॉलोनी में 130 मीटर लंबे रास्ते में इंटरलॉकिंग सड़क और पक्की नाली का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा बूथ अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, जयराम यादव, अभय द्विवेदी, उमाशंकर वर्मा, रामगोपाल रावत, फूलचंद गौतम, इसरार अहमद, कुलदीप वर्मा, अनिल दुबे, राजू सिंह, रियाज, आरएस त्यागी, जमाल अहमद, अमन त्रिवेदी, अमरुद्दीन खानऔर मोहम्मद आसिफ सहित कॉलोनी के तमाम लोग मौजूद रहे।

### जंगली जानवर के पगचिन्ह से दहशत

**अमृत विचार, माल :** थाना माल के रघुनाथ पुर गांव में शुक्रवार कोबाग में जंगली जानवर के पगचिन्ह देखे जाने के बाद लोग दहशत में हैं।जानकारी पाकर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की। वन रेंजर आलोक तथा बीट प्रभारी दिलीप ने ग्रामीणों को एहतियात बरतने की सलाह दी है।काम्बिंग में जंगली जानवर का कोई पता नहीं चल सका। वन विभाग का दावा है कि पगमार्क तेंदुए के नहीं हैं।

# शादी के दिन गायब हुए दूल्हे की लोकेशन आलमबाग में मिली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दूल्हे, उसके पिता व एक अन्य पर चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** शादी के दिन कपड़े खरीदने के बहाने से गायब हुए दूल्हे अक्षय की आखिरी लोकेशन वजीरगंज पुलिस को आलमबाग में मिली है। उसके बाद से मोबाइल फोन स्विच ऑफ है। वहीं, दुल्हन के पिता ने दूल्हे, उसके पिता और मध्यस्थ के खिलाफ चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

एसओ चिनहट भरत पाठक ने बताया कि गुरुवार को मशकगंज निवासी अक्षय कुमार की बारात कमता स्थित गेस्ट हाउस आनी थी। इसी दौरान दूल्हे के गायब होने का पता चला। बारात भी नहीं पहुंची। लड़की के पिता ने अक्षय कुमार, उसके पिता राम मिलन और लाल बहादुर शर्मा पर आरोप लगाया है। जिसके आधार पर तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी और दहेज अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि गुरुवार रात करीब आठ बजे अक्षय के पिता राम मिलन कोतवाली आए थे। उन्होंने बताया कि बेटा कपड़े खरीदने की बात कह कर निकला था। फिर वापस नहीं आया। सर्विलांस की मदद से पुलिस ने पड़ताल की तो अक्षय की आखिरी लोकेशन आलमबाग के सवारी एवं डिब्बा कारखाने के पास मिली। इंस्पेक्टर ने बताया कि लापता दूल्हे को तलाशने का प्रयास पुलिस कर रही है।

# युवक की पीआरवी कर्मियों ने बचाई जान

**अमृत विचार, लखनऊः** फैजुल्लागंज में पत्नी की सूचना पर पहुंचे पीआरवी कर्मियों ने फंदे से लटक रहे पति की जान बचा ली।

फैजुल्लागंज में रहने वाली प्रतिमा ने बताया कि पति सोनू गौतम (40) नशे के आदी हैं। शुक्रवार दोपहर सोनू ने पत्नी से मारपीट की। फिर सोनू गौतम ने कम्बल का फंदा लगा लिया। प्रतिमा ने डॉयल 112 पर कॉल कर मदद मांगी। सूचना मिलने पर पीआरवी- 6373 पर तैनात सिपाही अक्षय भाटी और अजीत कुमार शुक्ल पहुंचे। दरवाजा तोड़ कर सोनू को फंदे से नीचे उतार कर अस्पताल के लिए ले गए। इलाज के बाद सोनू की काउंसलिंग भी की। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्र ने बताया कि सिपाहियों ने सराहनीय कार्य किया है।

# हेड कांस्टेबल समेत 4 के खाते से उड़ाए 2 .67 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दुबग्गा, आशियाना, नाका और पीजीआई थाना क्षेत्र से सामने आए मामले

**अमृत विचारः** साइबर जालसाजों ने हेड कांस्टेबल और बुजुर्ग समेत 4 के खातों से 2.67 लाख रुपये उड़ा लिए। साइबर ठगी के यह मामले दुबग्गा, आशियाना, नाका और पीजीआई के है। पुलिस चारों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

दुबग्गा के अवध इंक्लेव कालोनी निवासी सैय्यद नुजहत किश्वर ने बताया कि 24 नवंबर को इलेक्ट्रानिक एयर फ्रायर की शिकायत दर्ज करने के लिए गूगल पर शॉपिंग वेबसाइट का नंबर सर्च किया। कस्टमर केयर कर्मी बनकर जालसाज ने व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। पीड़िता ने डिटेल भरकर जैसे ही क्लिक किया तो खाते से 3 बार में 99,500 रुपये निकल गए।

वहीं, बंगला बाजार स्थित एल्डिको कालोनी उपहार निवासी 73 वर्षीय उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 24 नवंबर को साइबर जालसाज ने खाते से 73,030 रुपये पार कट दिए।

उधर, जीआरपी लाइन चारबाग में एचसीएमटी पद पर तैनात हेड कांस्टेबल तेज नारायण राय का बचत खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को अपॉइंटमेंट लेने के लिए गूगल पर अजंता अस्पताल का नंबर सर्च किया। कॉल करने पर जालसाज ने ओपीडी कर्मी बन 10 रुपये फीस ऑनलाइन जमा करने को कहा। पीड़ित ने यूपीआई से भुगतान करने का प्रयास किया, लेकिन नहीं हुआ। अगले दिन मैसेज आया कि खाते से 32 हजार गायब हैं।

इसके अलावा कल्ली पश्चिम के कान्हा नगर कालोनी निवासी आशीष सिंह का खाता एचडीएफसी बैंक में है। उन्होंने मकान किराए पर देने के लिए एड अपलोड किया था। उनके पास कॉल आई। जालसाज ने बैंककर्मी बनकर मकान लेने की इच्छा जताई। साथ ही आईडी व्हाट्सएप पर भेजी। कहा कि एचआरए 14 हजार है। किराया 7 हजार तय हुआ। फिर बोला कि एचआरए क्लेम के लिए पत्नी के खाते से एक साल का किराया भेज रहा हूं। आप एक माह का किराया और एक माह का एडवांस रखकर शेष वापस कर देना। जालसाज ने जाली मैसेज भेजकर आशीष से 63 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बंधक बनाए गए मजदूरों को कराया मुक्त

संवाददाता, मोहनलालगंज

**अमृत विचार :** जबरौली गांव में 15 दिनों से बंधक बनाए गए मजदूरों को जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों ने मुक्त करा घर भेजने की व्यवस्था की।

मोहनलालगंज क्षेत्र के जबरौली गांव में एलबीएफ ईट भट्ठे के मालिक अजय कुमार ने मुरादाबाद के रहने वाले रिजवान, फरमान, जुबैर, भुरा, तमकीन और समीर के परिवार सहित दो दर्जन मजदूरी करवाई जब सबने मजदूरी मांगी तो 15 दिनों तक बंधक बना उनसे जबरदस्ती काम करवाया। किसी तरह बंधकों ने फोन से इसकी सूचना परिजन को दी तो उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग व अनुसूचित जाति आयोग बंधक बनाये गये मजदूरों को छुड़ाने की गुहार लगायी। आयोग ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मजदूरों को मुक्त कराकर घर भिजवाये जाने के आदेश दिये। जिस पर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को नायब तहसीलदार भानु प्रकाश त्रिपाठी ने श्रम विभाग व पुलिस टीम के ईट भट्ठे पर पहुंचकर बंधक मजदूरों को मुक्त कराया। इसके साथ ही भट्ठा मालिक से बकाया मजदूरी दिलवा कर मजदूरों को ट्रेन से उनके गृह जनपद भेजने की व्यवस्था की।



बंधक बनाए गए मजदूरों से बात करते अधिकारी। अमृत विचार

▸▸ जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार व श्रम विभाग की टीम ने छुड़वाया

# जमीन के विवाद में महिला को पीटा, जलाने का आरोप

**अमृत विचार, बख्शी का तालाबः** इटौंजा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में महिला को प्रधान के भाई एवं बहनों ने मारपीट करते हुए आग से जलाने का प्रयास किया। शुक्रवार को महिला ने इटौंजा थाना में लिखित तहरीर दी है।

पीड़िता फूलमती रावत का आरोप है कि पृथ्वीनगर ग्राम पंचायत में सहन की जमीन के कब्जे को लेकर आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। थाना प्रभारी मार्कंडेय यादव ने बताया कि जांच की जा रही है। पीड़िता ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके पहले भी प्रधान ने उसकी सहन की जमीन कब्जा करने का प्रयास किया था। जिसकी शिकायत उसने थाने में की थी, लेकिन बाद में सुलह हो गयी थी।

# आत्मसर्मपण की फिराक में जालसाज, छापेमारी तेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ निशातगंज में फर्जी शिक्षा बोर्ड की मार्कशीट छापने का मामला

**अमृत विचारः** निशातगंज पेपर मिल कालोनी में फर्जी शिक्षा बोर्ड की मार्कशीट छापने के मामले में फरार सरगना मनीष उर्फ मांगे का 20 दिन बाद भी पुलिस की टीमें सुराग नहीं लगा सकी हैं। सूत्रों की मानें मांगे कोर्ट में सर्मपण करने की फिराक में है। उधर, पुलिस कोर्ट से एनबीडब्ल्यू लेने की तैयारी कर रही है।

पुलिस टीमें लगातार प्रयागराज, दिल्ली, बिहार समेत कई अन्य संभावित स्थानों पर मांगे की तलाश में दबिश दे रही हैं। पुलिस को उसके करीबियों से पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं। इसके साथ ही कैंट पुराना किला में और कैसरबाग समेत उसकी करीब दो करोड़ रुपये की संपत्ति भी चिंह्नित कर ली गई है। यह संपत्ति अपराध से अर्जित रुपयों से बनाए जाने की पुष्टि हुई है। बीते 7 नवंबर को पेपर मिल कालोनी में एक मकान में छापेमारी कर महानगर पुलिस ने फर्जी शैक्षिक बोर्ड मार्कशीट का राजफाश करते हुए राम प्रकाश वर्मा को गिरफ्तार किया था। गिरोह का सरगना मनीष उर्फ मांगे फरार हो गया था। जांच में पता चला था कि मनीष निशातगंज में अस्पताल खोलने की तैयारी में था।

## एक नजर

### जूडो टीम के लिए चयन ट्रॉयल आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालक और बालिका जूडो प्रतियोगिता कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में 6 से 8 दिसंबर तक खेली जायेगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली लखनऊ जूडो बालक-बालिका टीम के गठन को चयन ट्रॉयल हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट के जूडो एकेडमी में आयोजित होंगे। शनिवार को जिला स्तरीय ट्रायल होंगे। इनमें चयनित खिलाड़ी 2 दिसंबर को मंडल स्तरीय ट्रायल में शामिल होंगे। मंडल ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को लखनऊ टीम में जगह दी जाएगी।

### लखनऊ महिला हैंडबाल टीम के लिए चयन ट्रॉयल आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर खेल विभाग की देख-रेख में राज्य स्तरीय सीनियर महिला हैंडबाल प्रतियोगिता मुरादाबाद के सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 2 से 5 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली लखनऊ टीम के लिए चयन ट्रॉयल शनिवार को चौक स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। जिला और मंडलस्तरीय ट्रॉयल एक ही दिन में होंगे।

### 'याद ए मकबूल जायसी' का आयोजन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** जन संस्कृति मंच (जसम) की ओर से शनिवार को शाम 4 बजे से 'याद ए मकबूल जायसी' का आयोजन इप्टा दफ्तर, कैसरबाग में किया गया है। इसमें मकबूल जायसी की शायरी पर गुफ्तगू होगी और जाने-माने शायरों व गजलों का पाठ किया जाएगा। यह जानकारी जसम लखनऊ के सचिव फरजाना मेहदी ने शुक्रवार को साझा की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कवि और लेखक कौशल किशोर करेंगे। इस अवसर पर मकबूल जायसी की शायरी पर उर्दू लेखक डॉ. वज़ाहत हुसैन रिजवी और लेखक-इतिहासकार असगर मेहदी अपने विचार रखेंगे।

# लखनऊ के लक्ष्य, शौर्य और साक्षी बने चैंपियन

## 71वीं यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में अनिष्का, आर्यन और समृद्धि ने दर्ज की खिताबी जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में प्रतिभाग करते आर्यन व केशव। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 71वीं यूपी स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में शुक्रवार को लखनऊ के लक्ष्य कुमार, शौर्य गोयल और साक्षी तिवारी ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। यूपी टेबल टेनिस कॉम्पलेक्स में शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में प्रयागराज की अनिष्का गुप्ता, आर्यन कुमार और गौतमबुद्ध नगर की समृद्धि शर्मा ने खिताबी जीत दर्ज की।

होप बालक वर्ग (अंडर-11) के फाइनल में टॉप सीडेड लक्ष्य कुमार का मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त गौतमबुद्ध नगर के विक्रम दुबे से हुआ। इस मैराथन मुकाबले में लक्ष्य ने दमदार खेल दिखाते हुए सामने वाले खिलाड़ी को 11-4, 8-11, 9-11, 11-3, 11-5 से हराया। होप बालिका वर्ग (अंडर-11) में टॉप सीडेड प्रयागराज की अनिष्का गौतम ने तीसरी वरीयता गाजियाबाद की प्रिषा मनुजा को 9-11, 12-10, 11-9, 11-1 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की।

कैडेट अंडर -13 बालक वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त लखनऊ के शौर्य गोयल ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए इटावा के अनयराज वर्मा को 12-10, 6-11,11-9, 11-9 से हराया और खिताबी जीत दर्ज की। कैडेट अंडर-13 बालिका वर्ग में लखनऊ की साक्षी तिवारी ने गाजियाबाद की अवनीत कौर को 11-9, 11-7, 10-12, 7-11, 11-5 से शिकस्त दी। सब जूनियर बालक वर्ग (अंडर-15) में पहली वरीयता प्राप्त प्रयागराज के आर्यन कुमार ने आगरा के केशव खंडेवाल को 9-11, 11-8, 11-13, 11-7, 11-7 से हराया। इसी आयु वर्ग के बालिका वर्ग में गौतमबुद्ध नगर की टॉप सीडेड समृद्धि ने अपने ही शहर की अवनीत कौर को 11-5,11-9, 11-3 (सीधे तीन सेटों में) से हरा दिया। विजयी खिलाड़ियों को यूपी कोआपरेटिव शुगर फैक्टी के प्रबंध निदेशक और यूपीटीटीए के उपाध्यक्ष कुमार विनीत ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर टीटीएफआई के पूर्व महासचिव अरुण कुमार बैनर्जी मौजूद रहे।


गेंद पर कब्जे का प्रयास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

# विजय मित्र और जमन लाल शर्मा एकादश ने अगले दौर में बनाई जगह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केडी सिंह बाबू सोसाइटी की देख-रेख में खेले जा रहे प्रथम विजय मित्र द्विवेदी चकई दादा मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को जमन लाल शर्मा एकादश और विजय मित्र द्विवेदी एकादश ने अपने मुकाबले जीत कर अगले दौर में जगह बनाई। जमन लाल शर्मा एकादश ने केडी सिंह बाबू एकादश को 3-2 से हराया, वहीं विजय मित्र द्विवेदी एकादश ने रविंद्र पाल एकादश को 4-0 से शिकस्त दी।

विजय मित्र और रविंद्र पाल एकादश के बीच खेला गया मुकाबला एक तरफा रहा। विजय मित्र के खिलाड़ियों ने पहले क्वार्टर में दो गोल दाग कर रविंद्र पाल एकादश पर दबाव बना लिया। श्रेय ने 5वें और अहम ने 11वें मिनट में गोल कर विजय मित्र को 2-0 से बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में रविंद्र पाल ने मैच में वापसी के लिए रणनीति बदली और हमलों की रफ्तार बढ़ाई, लेकिन सफल नहीं हो सके। तीसरे क्वार्टर में विनायक ने 35वें मिनट में और चौथे क्वार्टर में अकमल ने 49वें मिनट में गोल कर टीम को 4-0 की बढ़त दिलाई, जो कि अंत तक कायम रही। जमन लाल शर्मा एकादश और केडी सिंह बाबू एकादश के बीच जीत के लिए जोरदार संग्राम देखने को मिला। मैच की शुरुआत से दोनों टीमों ने आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया। पहली सफलता जमन लाल शर्मा को मिली। कप्तान शाहिद ने पहले क्वार्टर फाइनल के 11वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में केडी सिंह के कप्तान शिवांशु ने जमन लाल शर्मा की रक्षा पंक्ति को भेद कर गोल किया और हिसाब 1-1 से बराबर किया।

तीसरे क्वार्टर टाइम में जमन लाल शर्मा के अभिजीत ने 34वें मिनट में गोल किया और 2-1 की बढ़त दिला दी, लेकिन यह बढ़त ज्यादा देर तक नहीं रही। आठ मिनट बाद ही केडी सिंह के तरुण ने गोल किया और मुकाबला 2-2 की बराबरी पर ला दिया। अंतिम क्वार्टर टाइम में जमन लाल के आमिर 51वें मिनट में गोल दागने में सफल रहे और टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी।

**आज के मुकाबले**

- केडी सिंह बाबू एकादश बनाम मो. शाहिद एकादश
- स्पोर्ट्स कॉलेज बनाम रविंद्र पाल एकादश

# पारा चिनार की घटना को लेकर शिया मुस्लिमों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ के पुराने शहर के बड़े इमामबाड़े में नमाज़े जुमा शिया समुदाय ने पारा चिनार में हुए आतंकी हमले व क़त्लेआम पर प्रदर्शन कर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि जब कभी कहीं भी शियों का क़त्लेआम होता है मुस्लिमों के सारे मसलक के लोग खामोश हो जाते हैं क्यों?

मौलाना ने कहा, सऊदी मुफ़्ती के फतवे को पढ़ कर सुनाया जिसमें शिया समुदाय के लोगों को नृशंसता से कत्ल करने को कहा गया है। मौलाना ने कहा जब मुफ़्ती का ऐसा फतवा होगा तो ऐसी घटनाएं तो होंगी ही। पारा चिनार की घटना यह कोई पहली घटना नहीं, इससे पूर्व भी इस तरह की घटनाएं होती रही हैं। मगर प्रशासन से लेकर शासन तक सब खामोश हैं। सभा को संबोधित करते मौलाना हैदर रज़ा ने फलस्तीन के मसले को लेकर कहा कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर शिया सुन्नी के बीच दूरियां बनाने के लिए इस तरह की घटना घटित कराई गई है, जिससे दोनों एक न हो सकें यह यहूदियों की बड़ी साज़िश है।

**▸▸ सारे मसलक के मुस्लिम शियों के क़त्लेआम पर खामोश क्यों: मौलाना कल्बे जवाद**

# केसीसी फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


दमदार प्रदर्शन को तैयार फाइटर्स। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले केसीसी फाइटनाइट को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

इस फाइट में चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर्स शुक्रवार को राजधानी पहुंच गए हैं। इनमें राना रुद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर शामिल हैं। 1 दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में मुकाबले होंगे। कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) की देख-रेख में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार की शाम सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे। इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों कराटे, किक बॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्वांडो के फाइटिंग स्टाइल और तकनीक का प्रदर्शन किया जायेगा।

# अटल रन के साथ शुरू होगा लखनऊ खेल महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


क्रीड़ा भारती के महानगर अध्यक्ष बने अनिल अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्रीड़ा भारती का लखनऊ खेल महोत्सव सीजन-2 अगले माह 14 दिसंबर को अटल रन के साथ शुरू होगा। इसके बाद जोनल प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। जिनके फाइनल मुकाबले 23 और 24 दिसम्बर के बीच केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेले जाएंगे। क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की।

इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ खेल महोत्सव का यह दूसरा संस्करण है। इसके तहत एथलेटिक्स, वालीबाल, फुटबाल, कबड्डी, रस्साकसी, बास्केटबाल और खो-खो की प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें नाकआउट आधार पर मुकाबले होंगे। प्रतियोगिताएं जूनियर व सीनियर महिला व पुरुष वर्ग में होंगी। हर स्पर्धा में पहले तीन स्थानों पर आने वाले खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। एथलेटिक्स में अटल रन के अलावा 100, 200 और 400 मीटर की दौड़, गोला फेंक और लांग जम्प की स्पर्धाएं होंगी। अटल रन में हिस्सा लेने को इच्छुक खिलाड़ी ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। क्रीड़ा भारतीय अखिल भारतीय स्तर पर आनलाइन क्रीड़ा ज्ञान परीक्षा का आयोजन 8 दिसम्बर को कर रहा है। इसमें 12 से 25 वर्ष के लोग ही हिस्सा ले सकते हैं। इसमें विजेता को एक लाख रुपये, दो उप विजेताओं को 50-50 हजार रुपये, चौथे से छठे स्थान पर रहने वाले को 25-25 हजार, 7वें से 11वें स्थान पर रहने वालों को 11-11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए भी ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था दी गई है।

**▸▸ 14 दिसंबर को 1090 चौराहे से शुरू होगी अटल रन**

### अनिल अग्रवाल बने क्रीड़ा भारती के महानगर अध्यक्ष

सेंट जोसेफ ग्रुप इंस्टीट्यूशन के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल को क्रीड़ा भारती का महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष और क्रीड़ा भारती अवध प्रांत के अध्यक्ष गोविन्द पाण्डेय ने अनिल अग्रवाल को क्रीड़ा भारती का अंगवस्त्र और कैप पहनाई।

# आयुष ने दिलाई यार्कर को जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आयुष पाण्डेय की घातक गेंदबाजी की बदौलत यार्कर क्रिकेट क्लब ने 20वीं बाबू बनारसी दास लीग ए डिवीजन के मैच में एनईआर को 98 रनों से हराकर पूरे अंक बटोरे। पहले बल्लेबाजी करते हुए यार्कर क्लब ने 30 ओवर में 8 विकेट खोकर 187 रन बनाए। ब्रजेंद्र सिंह ने 71 रन बनाए।

एनईआर की ओर से त्रिशाल त्रिवेदी ने 4 और शिवम दीक्षित ने 3 विकेट चटकाए। जवाब में एनईआर की टीम 10 विकेट खोकर 89 रनों पर सिमट गई। एनईआर की ओर से आकाश वर्मा ने 24 रनों की पारी खेली। यार्कर की ओर से आयुष पाण्डेय ने 5 ओवर में एक मेडन 10 रन देकर 5 विकेट चटकाए।

### राज बने मैन ऑफ द मैच

इसी टूर्नामेंट के बी डिवीजन के मुकाबले में मेगा ट्रेंड्स ने इंडियन इलेवन को 95 रनों से हरा दिया। मेगा ट्रेंडस के 246 रनों के जवाब में इंडियन क्लब की टीम 151 रन ही जोड़ सकी। मेगा ट्रेंडस की ओर से मैन ऑफ द मैच रहे राज नाविक ने 69 रनों की आतिशी पारी खेली और एक विकेट लिया।

### पार्थ अकादमी ने प्लेफिट को दी शिकस्त

सी डिवीजन के मुकाबले में पार्थ क्रिकेट अकादमी ने प्लेफिट क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से, अभिजीत सिन्हा क्रिकेट अकादमी ने नार्दर्न रेलवे क्रिकेट अकादमी को 44 रन से, आईपीआरके क्रिकेट क्लब ने सोनी क्रिकेट क्लब को 31 रन से और इकाना रेंजर्स ने संदीप क्रिकेट अकादमी को 8 रन से हरा कर पूरे अंक हासिल किए।

## सार-संक्षेप

### चयन ट्रॉयल कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजियाबाद में 11 दिसंबर से 15 दिसंबर तक 63वीं राज्य स्तरीय महिला बास्केटबाल चैंपिशनिशप आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाली लखनऊ महिला बास्केटबाल टीम के गठन को चयन ट्रॉयल अलीगंज सेक्टर ई स्थित मार्डन अकादमी में 1 दिसंबर को दोपहर में आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं।

### चार हजार से अधिक छात्रों ने खेलकूद में लिया हिस्सा

**अमृत विचार, लखनऊ :** 'संस्कृति सुरभि' के चौथे दिन का आगाज भी शानदार रहा। लविवि के दूसरे परिसर में चल रहे संस्कृति सुरभि कार्यक्रम के चौथे दिन खेलों में चार हजार से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। गायन के प्रतियोगियों ने भी अपना जलवा दिखाया। मैदान में उपस्थित श्रोता संगीत के सरगम से झूमते दिखे। हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं के सर्जनात्मक लेखन प्रतियोगिता के परिणाम भी शुक्रवार को जारी किए गए। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अलोक कुमार राय ने सभी प्रतियोगियों को बधाई व जीत की शुभकामनाएं दीं। कमेटी के निदेशक प्रो. सतीश चंद्र ने बताया कि सभी विजेताओं को मेडल व ट्रॉफी शनिवार शाम को वितरित कर दिए जाएंगे। लॉ फैकल्टी के डीन प्रो. बीडी सिंह ने जीते हुए सभी विजेताओं को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, कमेटी के अध्यक्ष डॉ. उग्रसेन वर्मा उपस्थित रहे। अंग्रेजी लेख सृजन में वैष्णवी कुमारी ने प्रथम, शक्लेन उल्लाह खान द्वितीय व श्रेया अग्रवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। हिंदी में मेघा कुमारी प्रथम, उत्कर्ष पाण्डेय द्वितीय व योगिता बिंद तीसरे स्थान पर रहीं।

### ओलंपिक के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं : प्रियांशु

**अमृत विचार, लखनऊ :** सैयद मोदी बैडमिंटन टूर्नामेंट में धमाकेदार प्रदर्शन कर सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ी भारतीय स्टार शटलर प्रियांशु रजावत ने कहा कि अभी तक मैंने सभी मुकाबले बिना किसी दबाव के खेले और जीत दर्ज की। पिछले वर्ष सैयद मोदी बैडमिंटन के दौरान अंतिम चार में हार मिली थी। इस बार कोई कमी नहीं छोड़ूंगा। सेमीफाइनल में सिंगापुर के चौथी वरीयता प्राप्त जिया हेंग जेसन तेह से मुकाबला है, उनके खिलाफ तीन वर्ष पहले खेला था और मैं मैच गवां बैठा था। इस बार मैं इस मुकाबले के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। मेरे लिए यह टूर्नामेंट बहुत अहमियत रखता है, ऐसे में यहां जीतने का पूरा प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि ओलंपिक के लिए भी तैयारी चल रही है। वहां भी पदक जीतना चाहता हूं। फिटनेस की समस्या के चलते पेरिस ओलंपिक में चूक गया था, लेकिन अगले ओलंपिक में खेलना लक्ष्य है। इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं।

### दरवाजे से स्कूटी चुरा ले गए चोर

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा के हमीरपुर में दरवाजे पर खड़ी स्कूटी चोरी हो गई। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। हमीरपुर निवासी अमरपाल रावत के मुताबिक 27 नवंबर को वह रात करीब 8 बजे अपनी स्कूटी दरवाजे पर खड़ी कर दी। गुरुवार को सुबह 5 बजे सो कर उठे तो स्कूटी वहां से गायब मिली। अमरपाल ने पुलिस कन्ट्रोल रूम को सूचना दी। बंथरा थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल व राष्ट्रीय एकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल व राष्ट्रीय एकता विषय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण, एक पात्रीय नाट्य प्रतियोगिता, कविता लेखन, निबंध लेखन व देश भक्ति गीत स्पर्द्धा संपादित हुआ। यह प्रतियोगिता का प्रथम चरण था, जबकि द्वितीय चरण का आयोजन 6 दिसंबर को किया जाएगा। तृतीय व अंतिम चरण का आयोजन राजभवन में 15 दिसंबर 2024 को किया जाएगा। भाषण में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से उवर्सी सिंह व निशा राठौर को, एक पात्रीय नाटक में अंकित कुमार यादव व विशाल राज को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, कविता लेखन में साक्षी अवस्थी, निबंध लेखन में सुमित सिंह व साक्षी आर्या को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान मिला। जबकि देश भक्ति गीत में साक्षी अवस्थी को प्रथम स्थान मिला।

### टेंट कैटर्स एसोसिएशन ने सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का किया आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** टेंट कैटर्स एन डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीसीपी ट्रैफिक अशोक कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में एसीपी ट्रैफिक आईपी सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर व कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम में 52 लोगों को हेल्मेट बांटे गए और बड़ी गाड़ियों पर रेडियम पट्टी लगायी गयी। जिसमें संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उदय मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष राजू चौधरी, उपाध्यक्ष संजय, नगर अध्यक्ष कीर्ति चौधरी, महामंत्री ऋतिक जायसवाल, ओंकार, मनोज सिंह समेत अन्न व्यापारी मौजूद रहे।

### युवक की पिटाई से टूटा हाथ

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** थाना क्षेत्र के रानी सुभद्राखेड़ा निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि 24 नवम्बर को रंजिश के चलते बाला मिश्रा निवासी सिसेंडी व ललित उर्फ लल्लू निवासी रानी सुभद्राखेड़ा ने मारपीट कर हाथ तोड़ दिया। पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सीएएल प्रेंसीडेंट व लखनऊ कमिश्नर एकादश के बीच मुकाबला कल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ कमिश्नर एकादश और सीएएल प्रेसीडेंट एकादश के बीच डेनाइट मुकाबला रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेला जाएगा।

सीएएल प्रेसीडेंट एकादश के कप्तान करण सिंह और लखनऊ कमिश्नर एकादश के कप्तान अक्शदीप नाथ होंगे।

**टीम इस प्रकार है**

**सीएएल प्रेसीडेंट एकादश :** करण सिंह, अली जाफर, आयुश पाण्डेय, विनायक निगम, प्रायांशु आनंद, मनीष शर्मा, रोहित द्विवेदी, निशेष, हसन अख्तर, अविरल कनौजिया, अजय सिंह, हिमांशु असनोरा, प्रिंस मौर्या, शुभ सिंह, आशुतोष, वसीम अहमद।

**लखनऊ कमिश्नर एकादश :** अक्शदीपनाथ, शिवम पाण्डेय, शुभांग राज, अजीत वर्मा, अभय द्विवेदी, नवनीत यादव, सूरज मिश्रा, कृतु राज सिंह, पवन सिंह, मुबाशिर इस्लाम, आंजेय सूर्यवंशी, अल्ताफ अक्रम, आतिफ साजिद, शुभांकर शुक्ला, स्वामित, मो. फहीमुद्दीन।

# औसत से कम सिजेरियन प्रसव पर रोकें वेतन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक करते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कमियां मिलने पर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने नाराजगी जताई। संस्थागत प्रसव की समीक्षा में वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष औसत से कम सिजेरियन प्रसव करने वाले चिकित्सकों के वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही अति गंभीर और मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चों की ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग करने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन के साथ मातृ स्वास्थ्य की समीक्षा की। सभी गर्भवती की चार प्रसव पूर्व जांच, एचआईवी और सिफलिस की जांच करने के निर्देश दिए। कहा सभी अति गंभीर और मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चों की ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग करें। नियमित टीकाकरण की गहन समीक्षा करते हुए कहा, जो भी अनियमितताएं हैं, उन्हें दूर करके 100 फीसद बच्चों का टीकाकरण करें। इसके अलावा संस्थागत प्रसव की समीक्षा में उन चिकित्सकों के वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिन्होंने वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष औसत से कम सिजेरियन प्रसव किए हैं।

**▸▸ अति व मध्यम गंभीर कुपोषित बच्चों की ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग के निर्देश**

# यूपी के विकास ने दर्ज की स्वर्णिम सफलता

## राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स अंडर-17 प्रतियोगिता, महाराष्ट्र ने चौथे दिन 5 स्वर्ण, 2 रजत व 2 कांस्य पदक जीते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


दौड़ में हिस्सा लेते खिलाड़ी। अमृत विचार


लंबी कूद में जोरआजमाइश करता खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** वाराणसी के विकास कुमार ने शुक्रवार को 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया। राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स अंडर 17 प्रतियोगिता में विकास ने यूपी को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। विकास ने बीते गुरुवार को 3000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता था। यूपी को एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अभी तक दो पदक मिले हैं, जो विकास के दमदार प्रदर्शन से संभव हो सका।

कुर्सी रोड स्थित गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के एथलेटिक्स मैदान पर 68वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता खेली जा रही है। प्रतियोगिता में शुक्रवार को महाराष्ट्र के बालक व बालिका वर्ग ने चौथे दिन 5 स्वर्ण, 2 रजत व 2 कांस्य पदक जीते। अंकतालिका में महाराष्ट्र 10 स्वर्ण, 2 रजत व 4 कांस्य के साथ पहले स्थान पर मौजूद है। प्रतियोगिता में शुक्रवार को मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट गुलाब चंद मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी सैय्यद अली, विशेष सचिव केके गुप्ता, संयुक्त सचिव माध्यमिक संदीप परमार व मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉ दिनेश कुमार भी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के बाद शाम को सांस्कृतिक संध्या में सांत्वना तिवारी, श्रेया तिवारी, डॉ. आशा मिश्रा व दामिनी ने शानदार गायन प्रस्तुति दी। प्रयागराज की तनु सोनकर ने मनमोहक ढेढ़िया लोकनृत्य की प्रस्तुत कर सभी का मन मोहा। अंत में मथुरा की दानी शर्मा द्वारा मयूर नृत्य व फूलों की होली की आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का मन मोहा।

**आज के परिणाम**

**बालक वर्ग**

- **ऊंची कूद :** सीबीएसई के देवक भूषण-स्वर्ण, हरियाणा के लक्ष्य-रजत, सीबीएसई के हिमांशु कुमार-कांस्य
- **1500 मीटर दौड़ :** यूपी के विकास कुमार-स्वर्ण, दिल्ली के बादल-रजत, हरियाणा के मोहित-कांस्य
- **200 मीट दौड़ :** सीआईएससीई के अर्जुन एस देशपांडे-स्वर्ण, कर्नाटक के आयुष प्रांजल-रजत, महाराष्ट्र के आदित्य-कांस्य

**बालिका वर्ग**

- **1500 मीटर दौड़ :** महाराष्ट्र की जाह्नवी-स्वर्ण, दिल्ली की माही-रजत, राजस्थान की खुशबू-कांस्य
- **400 मीटर बाधा दौड़ :** महाराष्ट्र की जाह्नवी-स्वर्ण, केरल की विष्णुश्री एनएस-रजत, महाराष्ट्र की श्रेया इथापे-कांस्य
- **200 मीटर दौड़ :** महाराष्ट्र की भूमिका नेहाटे-स्वर्ण, महाराष्ट्र की श्रेष्ठा शेट्टी-रजत, हरियाणा की प्रिशा मिश्रा-कांस्य

# बरात में वीडियोग्राफरों की बाइक चोरी

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई के वृन्दावन में इलाके में चोरी की घटनाएं नहीं रूक रहीं हैं। बदमाशों ने गुरुवार रात वृन्दावन में बारात में आये दो वीडियोग्राफर की बाइक चोरी कर ली। जानकारी शुक्रवार को हुई। पुलिस सूचना मिलने पर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

आलमबाग के अमरूदही बाग के रहने वाले सुमित कुमार वर्मा ने बताया कि गुरुवार शाम वह वृन्दावन के सेक्टर 2 स्थित मिलेनियम क्लब में अपने मामा की बाइक से शादी समारोह में वीडियोग्राफी करने आये थे। रात में कार्यक्रम खत्म होने के बाद बाइक गायब थी। पीड़ित ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और थाने जाकर तहरीर दी। वहीं सुशांत गोल्फ सिटी के बरौना निवासी संतोष कुमार ने बताया कि उसके भाई सर्वजीत की भी बाइक वृन्दावन सेक्टर 2 स्थित सामुदायिक केन्द्र से हो गई। वह भी एक समारोह में वीडियोग्राफी करने गये थे।

पंचैव पूजयन् लोके यशः प्राप्नोति केवलं।
देवान् पितॄन् मनुष्यांश्च भिक्षून् अतिथि पंचमान्॥

देवता, पितर, मनुष्य, भिक्षुक तथा अतिथि-इन पांचों की सदैव सच्चे मन से पूजा-स्तुति करनी चाहिए। इससे यश और सम्मान प्राप्त होता है।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर मंथन

तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हमें किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहने की आवश्यकता है। हमें न केवल अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखना है, बल्कि साइबर युद्ध और आतंकवाद जैसी नई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के लिए भी तैयार रहना है। देश आगे बढ़ रहा है और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत के विकास को दुनिया स्वीकार कर रही है। परंतु भारत की भू-राजनैतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं। आज हालात ऐसे हैं कि बाह्य और आंतरिक सुरक्षा में भेद करना कठिन हो गया है। हमारी सुरक्षा को वास्तविक खतरा गुप्त कार्रवाइयों, विद्रोही और आतंकवादी गतिविधियों से है। ऐसे में भुवनेश्वर में शुक्रवार से शुरू हुआ अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों का सम्मेलन देश के आंतरिक सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को बढ़ाने पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण है कि तीन दिवसीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाग ले रहे हैं। आंतरिक सुरक्षा का सामान्य अर्थ एक देश की अपनी सीमाओं के भीतर की सुरक्षा से है। आंतरिक सुरक्षा बहुत पुरानी शब्दावली है, लेकिन समय के साथ ही इसके मायने बदलते रहे हैं।

स्वतंत्रता से पूर्व जहां आंतरिक सुरक्षा के केंद्र में धरना-प्रदर्शन, रैलियां, सांप्रदायिक दंगे, धार्मिक उन्माद थे वहीं स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं तकनीकी की विकसित होती प्रणालियों ने आंतरिक सुरक्षा को अधिक संवेदनशील और जटिल बना दिया है। आज भारत में आंतरिक सुरक्षा के लिए आतंकवाद, उग्रवाद, सांप्रदायिक हिंसा, साइबर हमले, संगठित अपराध व अलगाववादी आंदोलन जैसी कई चुनौतियां हैं। निश्चित ही सरकार ने इस दिशा में आंशिक प्रयास जरूर किए हैं, जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की स्थापना, भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की स्थापना, रक्षा नियोजन समिति की स्थापना आदि, लेकिन ये सभी निकाय अपने-अपने स्तरों पर कार्यरत हैं। आवश्यकता है ऐसी नीति और संरचना की जो इन सभी को एक साथ लेकर चले। आंतरिक सुरक्षा को बेहतर करने के लिए सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक खुफिया तंत्र में तत्काल सुधार की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और सुरक्षा पर गठित कैबिनेट समिति को पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई से उत्पन्न सुरक्षा खतरों के खिलाफ एक प्रभावी जवाबी रणनीति तैयार करनी चाहिए। हमारी रणनीति प्रतिक्रियाशीलता के बजाय अधिक सक्रियता की होनी चाहिए। संगठित अपराध से निपटने के लिए अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। केंद्र सरकार को सभी राज्य सरकारों को उनके द्वारा सुरक्षा प्रबंधन के विषय को प्राथमिकता देने की आवश्यकता के संदर्भ में जागरूक किया जाना चाहिए।

# विद्या केंद्रों तक ही सीमित नहीं नैतिक बोध


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है।

"बच्चों को शिक्षा के जरिए संस्कार नहीं दिए जा रहे।" एक यात्रा के दौरान ऐसा मेरे सहयात्री का कथन था। "यह आप किस आधार पर कह रहे हैं?"- मैंने प्रश्न किया। उनका जवाब था "यह हम इसलिए कह सकते हैं कि आजकल जहां देखिए वहां पर्यावरण से खूब छेड़छाड़ की जा रही है। प्राकृतिक संपदाओं का भरपूर दोहन हो रहा है। हम लोग जहां भी जाते हैं कचरा-गंदगी फैलाकर निकल आते हैं। हर पर्यटन स्थल पर यही आलम है। सरकारी संपत्तियों का लोग किस कदर दुरुपयोग कर रहे हैं यह दिखता ही है। कदाचित अपवादों को छोड़ दें तो नैतिक अवमूल्यन भी यत्र-तत्र प्रदर्शित है। यह सब शिक्षा का दोष नहीं है तो आकइर किसका है?"

मित्र का यह आक्षेप कई मुद्दों पर पुनर्विचार की आवश्यकता का अनुभव करा रहा था। यह कि क्या वाकई स्कूल बच्चों में अपेक्षित संस्कारों व मूल्यों का विकास नहीं कर पा रहे हैं? अगर ऐसा नहीं हो पा रहा है तो क्या इसके लिए सिर्फ स्कूल ही जिम्मेदार या जवाबदेह हैं? क्या इस संबंध में पारिवारिक और सामाजिक दायित्व बिल्कुल नहीं हैं? शिक्षा को किसी भी समाज के निर्माण की धुरी कहा जाता है, जिसका उद्देश्य शिक्षार्थी की अंतर्निहित शक्तियों का प्रकटीकरण करते हुए उसे सामाजिक विकास हेतु उपयुक्त व सक्षम बनाना होता है।

इस हेतु शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के संज्ञानात्मक, भावात्मक एवं कौशलात्मक विकास का प्रयास करती है। अध्ययनकाल में बच्चे विषयगत ज्ञान-कौशलों को प्राप्त करते हैं। अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को तराशते हैं। सामाजिकता के सबक सीखते हैं तथा सामाजिक विकास में योगदान के हुनर अर्जित करते हैं। शिक्षा में उत्तरोत्तर सुधार हेतु समय-समय पर गठित आयोग और शिक्षा नीतियां अपने नीति- निर्देशक तत्वों द्वारा यह मार्गदर्शन करती है कि शिक्षा के द्वारा किस प्रकार के नागरिकों का निर्माण किया जाए और इसके तरीके क्या हों? उद्देश्य यही होता है कि शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप व्यक्तित्वों का निर्माण हो। इस उद्देश्य को वास्तविकता के धरातल पर उतारने हेतु शिक्षा का एक बड़ा ढांचा संगठित तथा योजनाबद्ध प्रयास करता है, जिसमें विद्यालय प्रमुख एवं प्रभावी भूमिका का निर्वाह करते हैं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों-संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए।

परिणामस्वरूप एक शिक्षित एवं विकसित समाज आकार लेता है, पर यहां यह विचारणीय बिन्दु यह है कि क्या सामाजिकता के सारे सबक स्कूल में ही सीखे-सिखाए जाते हैं? क्या विद्यालय ही सीखने-सिखाने के एकमात्र अभिकरण हैं? निःसंदेह नहीं। सीखना-सिखाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जो निरंतरता के साथ चलती रहती है। हर समय, हर जगह। वह भी घोषित-अघोषित तमाम माध्यमों के द्वारा।

बेशक विद्यालय इस हेतु सर्वमान्य और सर्वस्वीकृत संस्था हैं, पर विद्यालय के उपरांत पूरा समय शिक्षार्थी विभिन्न व्यक्तियों, संदर्भों, साधनों-संसाधनों और माध्यमों के संपर्क में आता है। ये सभी माध्यम प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से शिक्षार्थी की सोच-समझ को प्रभावित करते हैं। इनमें से कुछ विद्यालय में सीखी-जानी बातों का समर्थन करते हैं, कुछ नहीं। विशेषकर मूल्य ,मान्यताओं और संस्कारों के संदर्भ और इन संदर्भों की आधी-अधूरी, अधकचरी या भ्रामक जानकारी ही व्यवहारगत असंगति, विसंगति या अवमूल्यन के रूप में समाज के सामने आती है।

पहले बात करते हैं मूल्यों की। मूल्य वे मार्गदर्शक सिद्धांत हैं, जिनका दैनन्दिन जीवन में अनुपालन हमें सही अर्थों में 'इंसान' बनाता है। इस दृष्टि से देखें तो 'मूल्य शिक्षा' किसी भी व्यक्ति को 'पशुवत व्यवहार' से 'मनुष्यता' की ओर ले जाने की यात्रा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु शिक्षा में प्रत्येक स्तर पर कार्य किया जाता है। इसका परिणाम समाज में मानवीय मूल्यों को समर्पित तमाम व्यक्तित्वों के रूप में हमारे सामने आता है। इसके इतर मूल्यहीनता के भी उदाहरण यदा-कदा हम सबके अनुभव में आते रहते हैं। निश्चित तौर पर दुनियाभर में विद्यालय नाम की कोई भी संस्था मूल्यहीनता का न तो समर्थन करती है और न ही ऐसे किसी भी आचरण की सीख देती है। यह विद्यालय की परिधि के बाहर की दुनिया का ही बुना गया जाल होता है, जो किसी के मन-मस्तिष्क को दुष्प्रवृत्तियों में उलझा लेता है। नतीजा यह कि जो एक बार इस जाल में उलझा फिर उसका बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। यहां समाज के हर वर्ग और व्यक्ति की ज़िम्मेदारी होती है कि मानवीय मूल्यों का समर्थन और प्रोत्साहन करे तथा कहीं भी कुछ इसके विपरीत हो रहा है, तो उसके सुधार हेतु प्रयास करे।

अब बात करते हैं सामाजिक मान्यताओं और संस्कारों की। संस्कार का आशय होता है व्यक्ति को सामाजिक मानकों और मान्यताओं के अनुरूप ढालना। व्यक्ति को समाज में रहने के उपयुक्त बनाना। उसके मन, मस्तिष्क और शरीर को पवित्र बनाना तथा ऐसे गुणों का विकास करना कि व्यक्ति सामाजिक नियमों के अनुरूप विकसित हो तथा सामाजिक विकास में सकारात्मक योगदान दे। शिक्षा प्रारंभिक वर्षों से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देती है। इसके लिए शिक्षार्थी को संज्ञानात्मक तथा संज्ञान सहगामी क्रियाकलापों से होकर गुजरना पड़ता है। शिक्षकों की देखरेख में विद्यालय इस हेतु उपयुक्त वातावरण भी प्रदान करते हैं। इसी का परिणाम होता है कि ज्ञान-विज्ञान, कला-शिल्प, खेलकूद जैसे क्षेत्रों में विभिन्न बाल प्रतिभाएं उभर कर आती हैं।

यहां हम पुनः इस बात पर आते हैं कि फिर चूक कहां रह जाती है? एक विद्वान का कथन है कि " बच्चों को जो सिखाते हैं, उस पर बड़े स्वयं अमल करें तो यह पृथ्वी स्वर्ग बन जाए।" जाहिर सी बात है कि चूक बड़ों के स्तर से होती है और बड़ी तत्परता से इसका जिम्मेदार शिक्षा को ठहरा दिया जाता है। विचार करें कि हम अपने आसपास जो भी नियम विरुद्ध चीजें होते देखते हैं, उन्हें कौन कर रहा होता है? निश्चित तौर पर अधिकांश बड़े ही। बच्चे बहुत ही कम, जो कि समझा देने पर प्रायः उसकी पुनरावृत्ति नहीं करते, लेकिन बच्चे लगातार बड़ों की दुनिया में सामाजिक नियमों का उल्लंघन तथा स्कूली शिक्षा के विपरीत आचरण किया जाते हुए देख रहे होते हैं। छल-फरेब, प्रपंच, भाषा का गिरता स्तर, अश्लीलता, हिंसा, अनाचार जैसे तमाम अवांछित दृश्य चाहे- अनचाहे बच्चों के सामने से गुजरते रहते हैं, जो उनके मन-मस्तिष्क को नकारात्मक संदेश दे रहे होते हैं। यह वह समय होता है जब बच्चे विद्यालय में सिखाई जा रही बातों और परिवेश में घट रही घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करते हैं और उनमें बहुधा विरोधाभास पाते हैं। जिन परिवारों में बच्चों से स्वस्थ संवाद की परंपरा होती है, वहां बच्चों की उक्त विषयक जिज्ञासाओं का तार्किक समाधान कर दिया जाता है। तब, विचारणीय यह है कि क्या इसका कोई हल है? निश्चित रूप से हल है। क्या हमने कभी इस बारे में विचार किया है कि देश - दुनिया में जो भी वैश्विक संकट या चिंताएं व्यक्त की जा रही हैं, उनके मूल में बड़ों की दुनिया द्वारा किए जा रहे कृत्य ही हैं। यह भी कि ज्यादातर दुनियावी संकट जिन कारणों से पैदा हुए हैं, उन्हीं में उनका समाधान भी निहित है। जरूरत सिर्फ यह है कि बड़े अपने आचरण में उन बातों को पूरी ईमानदारी से उतारें, जो विद्याकेंद्रों ने सिखाई-बताई थीं।

देश और समाज की चिंताएं सिर्फ व्यक्तिगत बयानों और फोटोग्राफ़ी तक सीमित न रहें। गंभीरतापूर्वक उनके पूर्णकालिक व सामूहिक समाधान खोजे जाएं तथा सामूहिकता एवं प्रतिबद्धता पूर्वक बेहतर क्रियान्वयन किया जाए। आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में साधनों- संसाधनों का प्रयोग सीमित किया जाए। साधनों - संसाधनों के दोहन से ज्यादा उनके संरक्षण और संवर्धन पर ध्यान दिया जाए। वसुधैव कुटुंबकम् का नारा पूरी दुनिया को देने वाले हम स्वयं भी इस पर अमल करें। प्राकृतिक और सरकारी संपदाओं का संरक्षण हम सबका व्यक्तिगत दायित्व तथा नैतिक जिम्मेदारी है। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन है। अगर हम इस बदलाव का रचनात्मक हिस्सा नहीं हैं, तो यह हमारा व्यक्तिगत दोष है, शिक्षा का नहीं। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत और कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

## प्रसंगवश

# अब भी क्यों इतने पसंद किए जाते हैं जिम्मी अमरनाथ

मोहिन्दर अमरनाथ ने जब वेस्ट इंडीज के खिलाफ जनवरी, 1988 में अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला था तब तक विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत का जन्म नहीं हुआ था। इसके बावजूद मोहिन्दर अमरनाथ के चाहने वाले अब भी कम नहीं हैं। वह सत्तर वसंत देख चुके हैं। मोहिन्दर अमरनाथ को उनके चाहने वाले जिम्मी पाजी भी कहते हैं। वे एक अर्से के बाद फिर अपने शहर दिल्ली लौटे। मौका था उनकी आत्मकथा का बीते गुरुवार को विमोचन का, उन्होंने 1993 में दिल्ली से मुंबई शिफ्ट कर लिया था।

मोहिन्दर अमरनाथ जब 19 साल से कम के थे तब उन्हें आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई टेस्ट के लिए चुना गया था। अपने पहले ही टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया के दो बेहतरीन बल्लेबाजों किथस्टेकपॉल और इटयान चैपल को आउट करने के बाद भी मोहिन्दर अमरनाथ को अपने दूसरे टेस्ट को खेलने के लिए सात साल का लंबा इंतजार करना पड़ा था। उनकी क्रिकेट के मैदान में बेहतरीन कामयाबियों के साथ-साथ क्रिकेट की बारीकियों की समझ भी असाधारण है। वे जब क्रिकेट पर अपनी बात रखते हैं, तो उसका मतलब होता है। वे सच बोलने में यकीन रखते हैं। बेशक से किसी को बुरा लगे। उनके चाहने वालों में भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी हैं।


विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

मोहिन्दर अमरनाथ की आत्मकथा के विमोचन के मौके पर उन्होंने कहा कि "वे स्कूल में पढ़ रहे थे जब मोहिन्दर अमरनाथ ने अपना पहला टेस्ट खेला था। वे उन्हें तब से फॉलो कर रहे हैं। मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट काम तलब है दृढ़ता, साहस और धैर्य"। सुनील गावस्कर कहते हैं, "मोहिन्दर अमरनाथ अपने युग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे, लेकिन अजीब तरह से, उन्हें भारतीय टीम से बार-बार बाहर कर दिया गया और बाद में वे अपनी वापसी के लिए प्रसिद्ध हुए, जिससे उन्हें 'कमबैक किंग' का उपनाम मिला। वे एक ऐसे खिलाड़ी थे, जिसने झुकना नहीं सीखा था।" मोहिन्दर अमरनाथ कहते हैं, "मेरे क्रिकेट करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, जिन्हें समझाना मुश्किल है, लेकिन जिसने मुझे समझदार और मजबूत बनाया। मैंने कठिन परिस्थितियों में, सभी बाधाओं के खिलाफ दबाव को बेहतर तरीके से संभालना सीखा। क्रिकेट ने मेरे सपनों को पूरा किया। भारत के क्रिकेट प्रेमियों को मुझ पर बहुत विश्वास था और इसने मुझे गरिमा और गर्व के साथ हर कठिन परिस्थिति से लड़ते हुए आगे बढ़ाया। मैं लगातार पेशेवर रूप से काम करने में विश्वास करता हूं, असफल होने पर बहाने नहीं ढूंढता, और गलतियों से सीखता हूं। साथ ही हार में भी सामान्य रहता हूं।"

मोहिन्दर अमरनाथ ने दिल्ली के रेलवे स्टेडियम और कोटला में खूब क्रिकेट खेली। अब भी बहुत से लोगों को याद होगा जब वे किसी मैच से पहले तिपहिया स्कूटर पर कोटला पहुंचते थे अपने बड़े भाई सुरेन्द्र अमरनाथ के साथ। मैच खत्म होने के बाद वापस भी दोनों भाई तिपहिया स्कूटर पर ही घर जाते। उन्हें तिपहिया पर बैठने से पहले उनके कुछ फैन्स सलाह भी दिया करते थे कि उन्हें किस तरह से बल्लेबाजी या गेंदबाजी करनी चाहिए। दोनों भाई ध्यान से अपने चाहने वालों की बातें सुनते और हाथ मिलाकर निकल लेते। बहरहाल,तेज गेंदबाजों का बेखौफ होकर मुकाबला करना तो कोई मोहिन्दर अमरनाथ से सीखे। उन्हें दुनिया का कोई भी तेज गेंदबाज डरा नहीं सका था। वे मूल रूप से बैटिंग ऑल राउंडर थे। ठोस बल्लेबाजी के साथ उनकी मध्यम तेज गति के गेंदों में भरपूर विविधता रहती थी। उसी का कमाल था कि भारत को 1983 के एकदिवसीय विश्व कप को जीतने में बहुत कठिनाई नहीं हुई। वे विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में मैन ऑफ द मैच रहे थे। मोहिन्दर अमरनाथ के क्रिकेट करियर के लिए कहा जा सकता है कि यह राख से उठने वाले फीनिक्स की तरह है। मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर और लेखक डॉ. मोहिन्दर अमरनाथ की क्रिकेट करियर को करीब जानने वाले कहते हैं कि वे बेहतरीन ऑल-राउंडर थे,जो गेंद और बल्ले दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर सकते थे। उनकी मध्यम तेज गेंदबाजी और निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी ने उन्हें टीम के लिए अमूल्य बना दिया था। वे मैच के नतीजे बदलने की क्षमता रखते थे। उनकी बल्लेबाजी या गेंदबाजी, दोनों ही से उन्होंने कई बार मुश्किल परिस्थितियों में भारत को जीत दिलाई थी। मोहिन्दर अमरनाथ कभी हार नहीं मानते थे और हमेशा जीत के लिए संघर्ष करते थे।

# कृषि क्षेत्र में नवाचार और चुनौतियां


जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके।

भारत का कृषि क्षेत्र इन दिनों एक ऐसे मेले से गुजर रहा है, जहां हर तरफ नई-नई तकनीकों के स्टॉल सजे हैं। कहीं ड्रोन उड़ रहे हैं, कहीं सैटेलाइट से खेत की फोटो खींची जा रही है, तो कहीं मिट्टी के स्वास्थ्य की रिपोर्ट सीधे मोबाइल पर आ रही है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ये तकनीकी नवाचार उन किसानों तक पहुंच पा रहे हैं, जिनकी छतें आज भी टपकती हैं और जिनके पास एक सीजन का भी खर्च निकालने में पसीने छूट जाते हैं?

ड्रोन की बात करें तो ये नई तकनीक किसी साइंसफिक्शन फिल्म की तरह है। किसान के खेत पर उड़ता हुआ ड्रोन, जो हर पौधे को देखे, परखे और फिर मोबाइल पर रिपोर्ट भेजे। हां, यह सब सुनने में तो अच्छा लगता है, लेकिन जब छोटे किसान से कहा जाता है कि 'बाबूजी, 50,000 का ड्रोन खरीद लो,' तो वह वही सोचता है कि क्या बैंक वाले कर्ज दे देंगे या फिर उसी कर्ज के बोझ में दबा देंगे। किसानों के लिए ये ड्रोन और सैटेलाइट कोई मेला देखने का सपना बन गए हैं, जो तो हां, दिखते जरूर हैं, लेकिन छूने का मन करे तो जेब में हवा चलने लगती है। अब सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने की बात करती है।

जैविक खेती के नाम पर एक जश्न सा है, लेकिन खेतों में जाने पर स्थिति अलग ही दिखती है। जैविक खेती की लागत भी बढ़ी है और इस खेती से जुड़ी जानकारी तक पहुंचना आसान नहीं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि 2024 तक जैविक खेती का लक्ष्य हासिल करना है, लेकिन इसके लिए सही ढांचा चाहिए। किसान जैविक खेती करना चाहते हैं, लेकिन जब वह महंगे जैविक खाद खरीदने जाते हैं, तो मंहगाई उनके हौसले को ढीला कर देती है। खुद सरकार भी जानती है कि जैविक उत्पादों की बाजार तक पहुंच आसान नहीं है। जैविक उत्पाद अभी भी उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले कई मिडिलमैन से गुजरते हैं, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। अब फसल उगाने के बाद किसान को बाजार में ले जाना पड़ता है, जहां उसकी मेहनत का मोल लगाने के लिए एक पूरी व्यवस्था बैठी है।


हर साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का ऐलान होता है, लेकिन वह एमएसपी की लिस्ट देखता है जैसे त्योहार की तारीख-देखने में बढ़िया, लेकिन हकीकत में त्योहार कब आता है, पता ही नहीं चलता। मंडी में उसकी उपज का दाम वैसे ही घट जाता है, जैसे सब्जी की तौल में दुकानदार का हाथ थोड़ा हल्का हो जाता है। सरकार कहती है कि "किसानों को उचित मूल्य मिलना चाहिए।" अब किसान कहता है कि "बिल्कुल मिलना चाहिए, पर मिलेगा कैसे?" एमएसपी का नियम तो बना है, पर बाजार का नियम एमएसपी से अलग ही चलता है। एक रिपोर्ट के अनुसार केवल 6 प्रतिशत किसान ही अपनी उपज को एमएसपी पर बेच पाते हैं। बाकी लोग तो मंडी के खेल में फंस जाते हैं। किसान के पास मोबाइल है, लेकिन कीमतों की जानकारी से कहीं ज्यादा चिंता उसे ये रहती है कि अगली फसल का कर्ज कैसे उतारेगा। इस सबके बीच, कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि किसानों को वास्तव में इन तकनीकों का लाभ मिल सके। सरकार कहती है कि वह किसानों के साथ है। अब समय है कि वह अपनी जेब से कुछ मदद दे। हर छोटे किसान को ड्रोन या स्मार्टफोन नहीं चाहिए, उसे एक सस्ता और टिकाऊ हल चाहिए।

क्यों न हर गांव में एक-एक "टेक्नोलॉजी सेंटर" खोला जाए, जहां किसान मुफ्त में अपनी मिट्टी, पानी और फसल का परीक्षण करवा सके? जैविक खेती अच्छी है, पर किसान को इसमें हाथ लगाने के लिए मजबूत कंधा चाहिए। हर राज्य में जैविक केंद्र बनाए जाने चाहिए, जहां किसान बिना महंगे बिल के जैविक खेती के गुर सीख सकें और सस्ते जैविक खाद पा सकें। मंडी का मजमा छोड़, क्यों न अब मंडियों में डिजिटल सिस्टम लागू किया जाए? एक ऐप हो, जहां किसान अपनी फसल का सीधा मूल्य देख सके और डिजिटल तरीके से बेच सके, ताकि मिडिलमैन की भीड़ कम हो और किसानों को उनका हक मिले। आखिरकार किसान भी तो चाहता है कि उसके पास मदद कम और समझदारी का सिस्टम ज्यादा हो। उसे वही चाहिए जो शहरी लोग अपने व्यापार में करते हैं। आसान, पारदर्शी और बिना रुकावट के। सरकार को नीतियों में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि किसान के हाथ में 'हल' के साथ-साथ सही तरीके से 'हिसाब' भी आए।

## सोशल फोरम

# अनादि और अनंत

संसार परिवर्तनशील है। ठीक बात है, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क-यह था, है और रहेगा। अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है, तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानी उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पास टाइम होता है।

बुरा आदमी कभी गलती करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो वह परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, वह अभिभूत हो गया था, किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा, जब कि दूसरों की नीयत को बात-बात पर खोटी बताता रहता है।

अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं घूमता। बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है, तो उसके सामने, अकेले में कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# मस्तिष्क और यंत्र का मिलन

लकवाग्रस्त लोगों को चलने-फिरने और बात करने की सुविधा देने वाले उपकरणों में निरंतर परिष्कार किया जा रहा है। इस कड़ी में मनुष्य के विचार और उसकी यादों को समझना एवं उनमें बदलाव लाना भी सम्मिलित है। मनुष्य समझ रहा है कि मानव के विचार क्या होते हैं और हम उन्हें यंत्रों से कैसे जोड़ सकते हैं। वह समझ रहा है कि मनुष्य का 'मैं' क्या होता है और हम उसमें बदलाव कैसे ला सकते हैं। जीव विज्ञान, भौतिकी और तकनीक के क्षेत्र में अब ऐसी खोजें की जा रही हैं जो मनुष्य के विचार को यंत्रों से जोड़ कर मनुष्य की क्षमता को बहुत अधिक बढ़ा देंगी। मस्तिष्क की चिप इस श्रृंखला में नवीनतम खोज है।


डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

नोलैंड ऑरबॉ एक लकवाग्रस्त व्यक्ति हैं। वह 2016 में गर्दन के नीचे के हिस्से में लकवे की समस्या से ग्रस्त हो गए थे। उनके मस्तिष्क में अमेरिका की न्यूरालिंक कंपनी द्वारा बनाई गई ब्रेन चिप को शल्य चिकित्सा से प्रत्यारोपित किया गया। इस तरह की ब्रेन चिप का इस्तेमाल करने वाले वह पहले व्यक्ति थे। तब से ऑरबॉ फोन और कंप्यूटर को अपने विचारों से संचालित करते हैं। वह वेब सर्फिंग करते हैं और शतरंज खेलते हैं। यह ब्रेन चिप कैसे सोचने-समझने की क्षमता और शारीरिक क्षमता को बढ़ा सकती है, इसको समझने के लिए एक सामान्य व्यक्ति ने ऑनलाइन गेम 'वेब ग्रिड' खेला। ग्रिड पर अप्रत्याशित रूप से दिखाई पड़ने वाले वर्गों पर क्लिक करने के लिए लैपटॉप के ट्रैकपैड पर उसने अपनी उंगली का उपयोग किया, जिसकी गति 42 वर्ग प्रति मिनट थी। लेकिन जब ऑरबॉ- जो लकवा ग्रस्त थे और जो अपने हाथों का इस्तेमाल नहीं कर सकते थे - ने अपने मस्तिष्क में स्थापित चिप की मदद से अपने विचारों से इस गेम को खेला तो उन्होंने टेलीपैथिक सिग्नलों द्वारा 49 वर्ग प्रति मिनट की गति से इस खेल को खेला। इसी प्रकार नोलैंड ऑरबॉ ने यह भी प्रदर्शित किया कि वह केवल अपने दिमाग का उपयोग करके शतरंज खेल सकते हैं। 8 साल तक पक्षाघात झेलने के बाद उन्होंने न्यूरालिंक द्वारा डिजाइन की गई ब्रेन चिप की मदद से उन कार्यों को करने की क्षमता हासिल कर ली जो पहले उनके लिए असंभव थे। ऑरबॉ ने एक लाइव स्ट्रीम में कहा, "कर्सर के हिलने की कल्पना करना मेरे लिए सहज हो गया। मैं केवल स्क्रीन पर कहीं भी देखता रहता हूं और यह वहीं चला जाता है जहां मैं चाहता हूं।"

वैज्ञानिकों के अनुसार मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस का उपयोग करके इंसानी मस्तिष्क को मशीनों के साथ मिलाने का यह प्रयोग सफल रहा है। रीढ़ की हड्डी की चोटों, स्ट्रोक या किसी हादसे से लकवाग्रस्त होने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में इस तकनीक से वह अपनी खोई हुई क्षमताओं को वापस पा सकते हैं। कैलिफोर्निया में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के न्यूरोसर्जन जैमी हेंडरसन के अनुसार ये सफलताएं दिखाती हैं कि मनुष्य का विचार क्या है, मनुष्य का 'मैं' क्या है, उसकी स्मृतियां क्या होती है, उसका व्यक्तित्व क्या होता है और हम किस प्रकार इन चीजों को उसके शरीर एवं यंत्रों से जोड़ सकते हैं। कोई बड़ी बात नहीं है कि हम मनुष्य की स्मृतियों को भंडारित कर सकें एवं बाद में उन्हें उसके ही मस्तिष्क अथवा किसी अन्य मस्तिष्क में आरोपित कर सकें। हमारी यह समझ मनुष्य के हित में बहुत कुछ कर सकती है।

# ईपीएफओ में बढ़ रहे निष्क्रिय खाते

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाला एक वैधानिक निकाय है। यह संगठन भविष्य निधि से जुड़े कामों का प्रबंधन करता है और कर्मचारियों को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा से जुड़े फायदे देता है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

कर्मचारी भविष्य निधि से जुड़ा कानून, कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 है। इसे ईपीएफ अधिनियम भी कहा जाता है। फिलहाल ईपीएफओ के सदस्यों के वेतन (मूल वेतन और महंगाई भत्ता) का 12 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जाता है। वहीं नियोक्ता के 12 प्रतिशत योगदान में से 8.33 प्रतिशत ईपीएस-95 में जाता है, जबकि शेष 3.67 प्रतिशत ईपीएफ खाते में जमा किया जाता है।

सरकार कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी बढ़ा सकती है। केंद्र सरकार संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए एंपलॉय प्राविडेंट फंड (ईपीएफ) के तहत न्यूनतम वेतन सीमा को बढ़ाने की योजना बना रही है। कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में निष्क्रिय यानी इनऑपरेटिव अकाउंट में जमा रकम 8,505.23 करोड़ रुपये हैं। यह रकम वित्त वर्ष 2023-24 में जमा हुई है। साल 2018-19 में यह रकम 1,638.37 करोड़ रुपये थी। यानी छह सालों में निष्क्रिय ईपीएफ अकाउंट में जमा रकम पांच गुना बढ़ गई है। निष्क्रिय कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) की कुल राशि वित्त वर्ष 2018-19 में 1,638.37 करोड़ रुपये से पांच गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 8,505.23 करोड़ रुपये हो गई है।

लोकसभा में एक लिखित उत्तर में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि ईपीएफओ द्वारा संचालित ईपीएफ योजना में कोई भी दावा रहित खाता नहीं है, उन्होंने बताया कि 2023-24 में 21,55,387 निष्क्रिय ईपीएफओ खातों में 8,505.23 करोड़ रुपये जमा थे। जागरूक नागरिकों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वो पता करे कि उनका या उनके साथियों का ईपीएफओ का खाता कहीं निष्क्रिय तो नहीं हो गया है?

# मांगों को लेकर आयुष्मान मित्रों ने किया प्रदर्शन

## आउटसोर्सिंग का विरोध करने पर नौकरी से निकालने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




हजरतगंज स्थित आयुष्मान मुख्यालय पर प्रदर्शन करते आयुष्मान मित्र। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विभिन्न मांगों को लेकर आयुष्मान मित्रों ने शुक्रवार को हजरतगंज अशोक मार्ग स्थित आयुष्मान मुख्यालय में प्रदर्शन किया। सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान मित्र के तौर पर कार्यरत इन कर्मचारियों की मांग है कि वह किसी सेवा प्रदाता कंपनी के तहत काम नहीं करेंगे। उन लोगों को जबरन सेवा प्रदाता कंपनी में आउटसोर्स कर्मचारी के तौर पर मर्ज किया जा रहा है, जबकि शासन की ओर से आयुष्मान मित्रों को सीधे सरकारी अस्पताल में मानदेय पर रखा गया है।

काफी संख्या में आयुष्मान मित्र शुक्रवार दिन में आयुष्मान मुख्यालय पहुंचे। उन लोगों ने आयुष्मान भारत की प्रमुख संगीता सिंह से मुलाकात करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। इस पर कर्मचारियों ने नवचेतना केंद्र पर ही प्रदर्शन और नारेबाजी शुरू कर दी। कर्मचारियों का आरोप है कि सेवा प्रदाता कंपनी में आउटसोर्स पर काम न करने पर उन लोगों को गलत आरोप आदि लगाकर तुरंत नौकरी से निकाल दिया जा रहा है। जबकि वह सब प्रदेश भर के सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकार की ओर से वर्ष 2018 से आयुष्मान मित्र के तौर पर तैनात किए गए हैं। इस साल से उन लोगों को जबरन एक कंपनी के जरिए आउटसोर्स पर कर्मचारी तैनात किया जा रहा है।

# आउटसोर्सिंग व्यवस्था बंद करने की मांग, प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ उप्र. की ओर से आउटसोर्सिंग की व्यवस्था को बंद करने और कर्मचारियों को समायोजित किए जाने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में संघ की ओर से प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र भेजा गया है। पत्र के माध्यम से सरकारी अस्पतालों, चिकित्सा संस्थानों व दूसरे विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को वर्ष 2001 से पहले की तरह चल रही नियमावली के तहत समायोजित किए जाने की मांग की गई है।

संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ उप्र. के प्रदेश के महामंत्री सच्चितानंद मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री को पांच सूत्री मांग पत्र भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि आउटसोर्स व्यवस्था के तहत कार्यरत योग्य व अनुभवी युवाओं का समय और भविष्य खराब हो रहा है।

# शैक्षिक व सांस्कृतिक प्रगति का आधार होते हैं पुस्तकालय



मंत्री योगेंद्र उपाध्याय

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने पुस्तकालयों को शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रगति का आधार बताया है। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का हृदय होते हैं। डिजिटल युग में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि वे ज्ञान के संरक्षण और प्रसार का एक प्रमुख माध्यम हैं।

योगेन्द्र उपाध्याय बतौर मुख्य अतिथि शुक्रवार को गौतम बुद्ध नगर स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय में 12वें अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना पेशेवर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारी। अमृत विचार

### 400 से अधिक बच्चों को प्रदान कर रहे शिक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** इनोवेशन फॉर चेंज राजधानी के मलिन बस्ती के क्षेत्रों के 400 से अधिक वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहा है। विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में बच्चे फैशन डिजाइनिंग और फोटो, वीडियोग्राफी जैसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर सब्यसाची द्वारा इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए ब्राइडल थीम की वीडियो से प्रेरित होकर बच्चों ने दान किए गए कपड़ों और स्क्रैप का उपयोग करके ब्राइडल कलेक्शन को फिर से बनाया। उनके प्रयास ने तब व्यापक ध्यान आकर्षित किया, जब सब्यसाची ने स्वयं उनके काम को दोबारा पोस्ट किया और उन्हें विजेता घोषित किया। वंचित बच्चों के उत्थान और उन्हें सशक्त बनाने की दृष्टि से 2013 में स्थापित एनजीओ ने एक उल्लेखनीय यात्रा शुरू की, जो प्रेरणादायक है। लखनऊ के झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के लिए आशा की किरण बनकर लचीलेपन, प्रतिबद्धता और रचनात्मकता की कहानी है जिसे जिसमें 2015 में राष्ट्रपति पुरस्कार मिला है।

### दंपति सूत्र में बंधे चार जोड़े

**अमृत विचार, लखनऊ :** अलीगंज श्री महावीर जी ट्रस्ट और श्रीराम सेवा मंडल की ओर से शुक्रवार को अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के सचिव राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि सामूहिक विवाह विधि विधान से संपन्न कराया गया। जिसमें रामसिंह संग तन्नू, ललित निषाद संग अभिषेक अवस्थी, सरिता देवी संग सोनू कुमार और भावना निषाद संग रवि निषाद का विवाह संपन्न हुआ। ट्रस्ट की तरफ से सभी नवदम्पति को उपहार एवं घरेलू उपयोग का सामान दिया गया।

# उप्र. पुलिस प्रतियोगिता में लखनऊ और मेरठ जोन ने मारी बाजी

**अमृत विचार, लखनऊ :** 67वीं यूपी पुलिस वार्षिक अनुसंधान, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, डॉग स्क्वायड, कंप्यूटर एवं एंटी सेबोटाज चेक प्रतियोगिता 2024 में मेरठ जोन का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। एंटी सेबोटाज चेक और वीडियोग्राफी में लखनऊ जोन विजेता बना।

शुक्रवार को समापन मौके पर एडीजे जोन लखनऊ एसबी शिरडकर, जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरी और विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक ने विजयी प्रतिभागियों और टीम को गोल्ड, सिल्वर, कांस्य पदक देकर सम्मानित किया। वैज्ञानिक अनुसंधान टीम चैम्पियनशिप की विजेता मेरठ जोन (द्वितीय टीम) रही व उपविजेता मेरठ जोन (प्रथम टीम) रही। प्रोफेशनल पुलिस फोटोग्राफी टीम चैम्पियनशिप की विजेता मेरठ जोन (द्वितीय टीम) व उपविजेता मेरठ जोन (प्रथम टीम) रही। कंप्यूटर प्रतियोगिता टीम चैम्पियनशिप की विजेता पीएसी पश्चिम जोन व उपविजेता पीएसी (पूर्वी जोन) रही। एंटी सेबोटाज चेक टीम चैम्पियनशिप का विजेता लखनऊ जोन व उपविजेता बरेली जोन रहा। वीडियोग्राफी टीम चैम्पियनशिप की विजेता लखनऊ जोन व उपविजेता मेरठ जोन रहा। श्वान ट्रैकर प्रतियोगिता का विजेता लखनऊ जोन व उपविजेता बरेली जोन रहा।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं **रईस पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम गोछौरा, पोस्ट मानपुर, थाना जैदपुर, जिला–बाराबंकी,** मेरे दो पुत्र मो0 अरबाज व अरफाज हैं। जिसमें बडा पुत्र मो0 अरबाज उसकी पत्नी शहेर बानो मेरा कहना नहीं मानते हैं और गलत संगत में पड़ गये हैं तथा आये दिन मेरे व परिवार वालों से गाली गलौज, लडाई झगड़ा करते हुऐ घरेलू कलह का माहौल व्याप्त रखते हैं जिस कारण मैं व मेरा परिवार काफी आहत है।वह लोग मुझे जान से मारने का प्रयास करते हैं तथा जहर देकर मारने की धमकी देते हैं। जिस कारण मैं उन्हें अपनी चल–अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र व बहू को बेदखल करता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 24/11/2024 को कैसरगंज बाजार में मेरे मकान की मूल रजिस्ट्री जिसकी गाटा संख्या 595 रकबा 0.120 हेक्टेयर ग्राम पबना, थाना व तहसील कैसरगंज कहीं गिर गई है यदि किसी व्यक्ति को प्राप्त होती है तो निम्नलिखित पते पर अथवा दिए गए मोबाइल नंबर पर सूचना दे सकता है। **रश्मि साहू, पत्नी– राजेश साहू, निकट रानीबाग, थाना व तहसील–कैसरगंज, बहराइच।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सुरेश रामचन्द्र यादव अंकित हो गया है जो सही नहीं है। मेरा सही नाम सुरेश कुमार है। अतः मेरे जिन अभिलेखों में सुरेश रामचन्द्र यादव अंकित है उनके स्थान पर मेरा सही नाम सुरेश कुमार अंकित किया जाये। सुरेश कुमार एवं सुरेश रामचन्द्र यादव दोनों एक ही व्यक्ति हैं। **सुरेश कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी पुराफगुई बाकराबाद मछली शहर जौनपुर, उ0प्र0– 222143**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **तेजी पुत्र स्व0 मन्ना निवासी ग्राम निकरोजपुर रधुनाथपुर थाना माल जनपद लखनऊ,** मेरा पुत्र लोकेन्द्र भारती जो बुरी संगत के लोगों के साथ बुरी आदतो मे पड़कर शराबी व जुआडी हो गया है उसके इस कृत्य से मैं व मेरा पूरा परिवार काफी परेशान एव दुखी है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अर्चित यादव पुत्र राजमणि यादव, निवासी– आवास विकास कालोनी थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जनपद–बाराबंकी, उत्तर प्रदेश, गाडी सख्या 12230 लखनऊ मेल के कोच संख्या एस2 सीट नं0–7 पर नई दिल्ली से लखनऊ जं0 दिनांक 11.05.2024 को यात्रा के दौरान मेरा एक ट्राली बैग ट्रेन से उतरते समय भीड अधिक होने के कारण कहीं गुम हो गई उक्त बैग में आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम जाति प्रमाण–पत्र व निवास प्रमाण–पत्र व हाईस्कूल अंक पत्र/प्रमाण–पत्र जिसका अनुक्रमांक 0774576 इण्टर अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र अनुक्रमाक 225594539 में बी. पी. एड. प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय सेमेस्टर व तृतीय सेमेस्टर बैच–2023 के अंकपत्र व अन्य प्रपत्र वास्तव में खो गये है।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2020 का अंकपत्र अनुक्रमांक 1362110 तथा इंटरमीडिएट का अंकपत्र वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2226015847 वास्तव में खो गए हैं। **– आजिद अली पुत्र जानिफ अली, निवासी–टड़हा, सराय प्रयाग, कन्नौज (यूपी)**

**नीलामी सूचना**

राही पर्यटक आवास गृह (यू0 पी0 टी0 होटल), पहलवारा, बलरामपुर मे 04 शीशम सूखा वृक्षों की नीलामी दिनांक 20.12.2024 प्रातः 11: 00 बजे की जायेगी।, **प्रबन्धक, मो0नं0 9415013781**

**सूचना**

मैंने अपना नाम MAHMOOD KHAN MOHAMMAD से बदलकर MOHD MAHMOOD KHAN रख लिया है, अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD AMEEN ADD-448/254 KHA G L M ROAD NAGARIYA THAKURGANJ LUCKNOW-226003 (U.P.)

**सूचना**

मेरी एल आई सी पॉलिसी सं0 275907425 में मेरा घरेलू नाम हरेंद्र कुमार दर्ज है। जबकि आधार व स्कूल के अभिलेखो में कपिल कुमार पुत्र रामगोपाल दर्ज है। दोनों नाम मेरे ही हैं। **–कपिल कुमार पुत्र रामगोपाल, निवासी–ग्राम सुल्तानपुर जाला, पोस्ट– ऐहार, जिला– रायबरेली।**

# बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिवसेना राज्य प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार, उत्पीड़न और हिंदुओं के धार्मिक स्थानों, धर्मिक आयोजनों पर तोड़फोड़ के खिलाफ रोष प्रकट किया है। शिवसेना ने पूरे प्रदेश में पार्टी की जिला इकाइयों को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख का पुतला फूंकने और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजने का आह्वान किया है। अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले के मुद्दे पर रोष जाहिर करते हुए पर राज्य प्रमुख ने कहा कि देश में हिंदूवादी प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर खामोश है। आज तक बांग्लादेशी हिंदुओं पर हमलों के मामले को संयुक्त राष्ट्र संघ में नहीं उठा सके हैं। देश की हिंदूवादी सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याओं व हमले पर कब चुप्पी तोड़ेगी।

# महिला कल्याण योजनाओं का किया जाए प्रचार-प्रसार

▸▸ **कार्यशाला में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने दिए निर्देश**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता चौहान ने महिला कल्याण से जुड़ीं योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया है, ताकि राज्य की महिलाओं को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने संबधित अधिकारियों को सभी जिलाधिकारी व निदेशक सूचना को पत्र भेजकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किये जाने के निर्देश दिये।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को गोमती नगर स्थित उप्र. राज्य महिला आयोग के सभागार में महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य महिला कल्याण विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समुचित जानकारी आयोग की पदाधिकारियों को देना, जिससे इन योजनाओं का और भी बेहतर ढंग से संचालन किए जाने के लिए आयोग के पदाधिकारीगण अपना सहयोग दे सकें और सदस्यों द्वारा की जाने वाली जनसुनवाई के दौरान इन योजनाओं का पर्यवेक्षण भी किया जा सकेगा।

जागरूकता कार्यक्रम के प्रथम सत्र में पुनीत कुमार मिश्र उपमुख्य परिवीक्षा अधिकारी, महिला कल्याण विभाग द्वारा वर्तमान में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में उ.प्र. राज्य महिला आयोग के पदाधिकारियों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

## उत्तर रेलवे

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| **एडमिन यूनिट/जोन** | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **PnU-LKO-PRG-WRL-106-24-1 (Pay and Use Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:30 बजे |
| **नीलामी सूची सं./लॉट सं.** | **PnU-LKO-PFM-WRL-103-24-1 (Pay and Use Lounges/Waiting/Retiring/Cloak Rooms)** |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 07.12.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 07.12.2024 समय 10:40 बजे |
| **नीलामी का प्रकार** | Close Ended |
| **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।** | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3688/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नए एचआईवी मरीजों की संख्या में कमी लाने पर जोर




जागरूकता कार्यशाला में मौजूद संयुक्त निदेशक डॉ. एके सिंघल। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वर्ष 2030 तक एड्स को पूरी तरह से खत्म करना है तो वर्ष 2025-26 में नए संक्रमित मरीजों में 80 प्रतिशत की कमी के साथ पांच लक्ष्य पूरे करने होंगे। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (एनएसीपी) चरण-पांच अंतर्गत भारत में एड्स महामारी को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा के रूप में समाप्त करना है। यह बात शुक्रवार को यूपी राज्य एड्स नियंत्रण द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यशाला में संयुक्त निदेशक (केयर सपोर्ट एवं उपचार सेवा) डॉ. एके सिंघल ने दी।

एपीसेन रोड स्थित एनएचएम कार्यालय के सोसाइटी सभागार में आयोजित कार्यशाला में उन्होंने इस साल के पांच लक्ष्य की जानकारी देते हुए बताया कि नए संक्रमणों में 80 प्रतिशत में कमी लाना, एड्स से होने वाली मृत्यु दर को घटाना और एचआईवी संक्रमित माताओं से बच्चों में होने वाले संक्रमण का खतरे को पूरी तरह समाप्त करना है। आईईसी के उप निदेशक पवन चंदेल ने बताया कि राज्य में एचआईवी जांच के लिए 399 इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर (आईसीसीसी) उपलब्ध हैं।

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाराबंकी।

पत्रांक :मु0चि0अ0/एन0एच0एम0/वॉक-इन-इन्टरव्यु/2024-25/30428 दिनांक- 27 नवम्बर 2024

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-एस0पी0एम0यू0/CH/DAP/73/2024-25/2105-2 दिनांक-12.07.2024 एवं एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/डी0एच0एस0/03/2024-26/3583-3 दिनांक-11.09.2024 में प्राप्त निदेशानुसार एवं जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, बाराबंकी के अनुमोदनोपरान्त निम्नलिखित कार्यक्रमों के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदों पर एम0बी0बी0एस0 चिकित्सकों (संविदा) की नियुक्ति संविदा के आधार पर वॉक-इन-इन्टरव्यु के माध्यम से की जानी है।

| क्र0सं0 | कार्यक्रम का नाम | पदनाम | अर्ह शैक्षिक योग्यता | वांछित अनुभव | रिक्त पदों की संख्या (आरक्षण सहित) | रिक्त पदो के सापेक्ष अनुमोदित मानदेय (रू0 प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (एस0एन0सी0यू0) | चिकित्साधिकारी | एम0बी0बी0एस0 डिग्री तथा उ0प्र0/भारतीय चिकि0परि0 पंजीयन | - | 05 (UR-02, OBC-1, SC-02) | रू0 1,00,000/- प्रतिमाह |
| 2 | जिला पुरूष चिकित्सालय, | ई0एम0ओ0 | एम0बी0बी0एस0 डिग्री तथा उ0प्र0/भारतीय चिकि0परि0 पंजीयन | Min. 1 year's Experience in an Emergency ward of any 100 bedded hospital preferable | 02 (UR-01, SC-01) | रू0 1,00,000/- प्रतिमाह |

आवेदन हेतु निर्देशः-

1. उपरोक्त समस्त पदों पर वॉक-इन-इन्टरव्यु दिनांक- 12.12.2024 को प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बाराबंकी में सम्पन्न कराया जायेगा।
2. इच्छुक अभ्यर्थी वॉक-इन-इन्टरव्यु के समय नवीनतम् बायोडाटा, समस्त वांछित मूल अभिलेख, रजिस्ट्रेशन, दो नवीनतम कलर फोटोग्राफ तथा वांछित प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों के 01 सेट के साथ साक्षात्कार में प्रतिभाग कर सकते हैं।
3. यह पद पूर्णतयः नियत मानदेय पर संविदा की शर्तो के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण कोई दावा स्वीकार नही होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
4. उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिये मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
5. साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
6. इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।
7. चयन प्रक्रिया में उ0प्र0 शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जायेगी।
8. कोई प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर चयनित अभ्यर्थी की संविदा समाप्त की जा सकती है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक | अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आर0सी0एच0 | मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**UP-223072 दिनांक 28.11.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बहराइच

**कार्यालय का पता निकट इन्दिरा उद्यान, कपूरथला, बहराइच**

पत्रांक : 890/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा(2)/2024–25 दिनांक : 18.11.2024

### ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस (द्वितीय कॉल)

1. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बहराइच द्वारा .महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से स्वीकृति की प्रत्याशा में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के श्रेणी ए, बी, सी, डी एवं ई में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई–टेन्डरिंग के माध्यम से जिनकी निर्माण लागत निर्माण कार्य के सम्मुख अंकित है, प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है।
2. कार्य का विवरण :– (विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि)

| क्रम सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू0 में (GST छोड़कर) | बिड सिक्योरिटी लाख रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में तीरथराम लोधी के घर के पास जयरामपुरवा में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 2. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में खैरिहनपुरवा मन्दिर के पास जयरामपुरवा में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 3. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में परसियन टोला मन्दिर के पास जयरामपुरवा में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 4. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में बुद्धूपुरवा कब्रिस्तान के पास जयरामपुरवा में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 5. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में कैलाश बढ़ई के घर के पास जयरामपुर में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 6. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में वैश्य राम के घर के पास जयरामपुर में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 7. | बहराइच | ग्रामसभा कुड़वा में राधे किशन के घर के पास जयरामपुर में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 8. | बहराइच | ग्रामसभा गौड़रिया में अहिरनपुरवा में देव स्थान के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 9. | बहराइच | ग्रामसभा गौड़रिया में जीत राम के दुकान के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 10. | बहराइच | ग्रामसभा गौड़रिया में बृज लाल के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 11. | बहराइच | ग्रामसभा गौड़रिया में टेपरा आबादी में मस्दिज के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 12. | बहराइच | ग्रामसभा गौड़रिया में रशीद के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 13. | बहराइच | ग्रामसभा गूढ़ में निबिया गौढ़ी मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 14. | बहराइच | ग्रामसभा गूढ़ में भोलापुरवा मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 15. | बहराइच | ग्रामसभा गूढ़ में दुर्गा माता जी के मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 16. | बहराइच | ग्रामसभा गूढ़ में मंशापुरवा मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 17. | बहराइच | ग्रामसभा खड़िया में लालजी मौर्या के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 18. | बहराइच | ग्रामसभा खड़िया में पुलिया चौराहे पर एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 19. | बहराइच | ग्रामसभा खड़िया में अम्बेडकर मूर्ति के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 20. | बहराइच | ग्रामसभा खड़िया में तौलारामपुरवा में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 21. | बहराइच | ग्रामसभा राजापुर कला में राम सुमिरन के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 22. | बहराइच | ग्रामसभा राजापुर कला में उमेश मिश्रा के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 23. | बहराइच | ग्रामसभा राजापुर कला में औराहा बाबा मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 24. | बहराइच | ग्रामसभा राजापुर कला में ओम नारायण विश्वकर्मा के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 25. | बहराइच | ग्रामसभा कतर्निया में रामादल के मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 26. | बहराइच | ग्रामसभा कतर्निया में हरिश्चन्द्र के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 27. | बहराइच | ग्रामसभा चफरिया में बालाजी मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 28. | बहराइच | ग्रामसभा चफरिया में मेन मार्केट में धर्मेन्द्र के दुकान के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 29. | बहराइच | ग्रामसभा चफरिया में हरिजन समाज दुर्गा पण्डाल के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 30. | बहराइच | ग्रामसभा चफरिया में राजा हीरा सिंह कोठार मण्डी के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 31. | बहराइच | ग्रामसभा चफरिया के बलदानपुरवा में छेद्दू कहार के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 32. | बहराइच | ग्रामसभा चहलावा में ढकिया गीता प्रसाद के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 33. | बहराइच | ग्रामसभा चहलावा में कैलाशपुरी त्यागी बाबा मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 34. | बहराइच | ग्रामसभा चहलावा में सिरसियनपुरवा बाजार में एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 35. | बहराइच | ग्रामसभा चहलावा में मंगलपुरवा में शंकर सिंह के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 36. | बहराइच | ग्रामसभा चहलावा में लक्खा बाबा काहुराहे के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 37. | बहराइच | ग्रामसभा चहलावा में विजय नगर गोपाल यादव के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 38. | बहराइच | ग्रामसभा बरदिया में कोचिंग सेन्टर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 39. | बहराइच | ग्रामसभा बरदिया में बी0एस0एन0एल0 टावर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 40. | बहराइच | ग्रामसभा बरदिया में दिलदार के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 41. | बहराइच | ग्रामसभा आम्बा जीवन फार्म क्लीनिक के सामने एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 42. | बहराइच | ग्रामसभा बाजपुर बनकटी में चफरिया चौराहे पर एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 43. | बहराइच | ग्रामसभा मटेही में गुरूद्वारे के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 44. | बहराइच | ग्रामसभा मटेही में त्यागी बाबा मन्दिर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 45. | बहराइच | ग्रामसभा मटेही में गुरूदास सिंह के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 46. | बहराइच | ग्रामसभा जंगलगुलरिया में भैसा बड़ना में रामदास के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 47. | बहराइच | ग्रामसभा जंगलगुलरिया में धर्मपुर में रतन लाल के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 48. | बहराइच | ग्रामसभा जंगलगुलरिया में सम्मतपुरवा में परशुराम के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 49. | बहराइच | ग्रामसभा जंगल गुलरिया में धनियाबेली में द्वारिका के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 50. | बहराइच | ग्रामसभा जंगल गुलरिया में नौकपुरवा में सिर्फनाथ के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 51. | बहराइच | ग्रामसभा कतर्निया के राजापुर में मिथलेश के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 52. | बहराइच | ग्रामसभा कतर्निया के राजापुर में मस्जिद के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |
| 53. | बहराइच | ग्रामसभा कतर्निया के राजापुर में जवाहिर के घर के पास एक अदद हाईमास्क लाइट | 1.91 | 0.040 | 854.00 | 06 माह |

1. ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से बिड डाक्युमेन्ट उपलब्ध होने की तिथि–02.12.2024
2. ई–प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक 09.12.2024 अपरान्ह 12.00 बजे।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि 09.12.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे।
4. नियोक्ता को आईटीबी क्लॉज 10 ऑनलाइन के अनुसार परिशिष्ट/शुद्विपत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं/बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निगरानी रखें और ई–निविदा पोर्टल पर जाए।
5. विस्तृत विवरण देखने हेतु "http://etebder.up.nic.in" को खोलें तथा बिड् डाउनलोड करें।

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बहराइच**

**UP-223016 दिनांक 28.11.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

## एक नजर

### मुठभेड़ में चोर के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

**इटावा, अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। चोरी के सामान की बरामदगी के लिए पकड़े गए आरोपी को पुलिस लेकर गई तो मौका पाकर चोर ने वहां छिपाकर रखे तमंचा से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। बाद में पुलिस के द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी जिससे वह घायल हो गया। चोर के पास से चोरी का मोबाइल सामान को बेचने से प्राप्त रूपया व तमंचा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने पकडे गए चोर को आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

## कुलसचिव अंजनी कुमार मिश्र हटाए गए, जिम्मेदारी परीक्षा नियंत्रक उमानाथ को

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलसचिव अंजनी कुमार मिश्र को शुक्रवार को अचानक हटा दिया गया है। उनके स्थान पर परीक्षा नियंत्रक उमानाथ को कुलसचिव की जिम्मेदारी दी गई है। परीक्षा नियंत्रक ने शुक्रवार देर शाम कुलसचिव का पदभार भी ग्रहण कर लिया है। विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी की ओर से जारी आदेश के तहत अंजनी कुमार मिश्र को तत्काल प्रभाव से महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में कुलसचिव पद पर तैनात किया गया है। निर्देशित किया गया है कि अंजनी कुमार मिश्र तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करें। कुलसचिव को अचानक हटाए जाने को लेकर खासी चर्चा है। अभी एक साल पहले ही उन्होंने कुलसचिव पद पर यहां जिम्मेदारी संभाली थी।

# अयोध्या-काशी-प्रयागराज सर्किट में चलेगीं विशेष ट्रेनें

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रयागगराज महाकुंभ को लेकर रेल प्रबंधन अयोध्या-काशी-प्रयागराज सर्किट में विशेष ट्रेनों का संचालन करेगा। भीड़ नियंत्रण के लिए रेल प्रबंधन ने फाफामऊ रेलवे स्टेशन का विस्तार किया है। वहां पर यात्रियों के लिए अतिरिक्त होल्डिंग एरिया तथा सुविधाओं की व्यवस्था कराई जा रही है। अयोध्या धाम जंक्शन पर तीन प्लेटफार्मों का जीर्णोद्धार पूरा हो चुका है। यहां कुल पांच प्लेटफार्म बनाए जाने हैं। दूसरे चरण में कराए जाने वाले विकास कार्यों के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है।



- अयोध्या धाम जंक्शन पर प्लेटफार्मों की संख्या होगी पांच
- दर्शन नगर से लेकर सलारपुर तक उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने लिया जायजा

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान मैप देखते उत्तर रेलवे के जीएम अशोक कुमार वर्मा।

यह जानकारी शुक्रवार को उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक अशोक कुमार वर्मा ने दी। महाकुंभ की तैयारियों के बीच अयोध्या धाम समेत आसपास के रेलवे स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेने पहुंचे महाप्रबन्धक अयोध्या धाम जंक्शन पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि भविष्य की जरूरत के मद्देनजर अयोध्या धाम स्टेशन परिसर का निर्माण और विकास कराया जा रहा है। प्रयाग कुंभ को लेकर रेलवे प्रशासन ने वर्ष 2019 की तुलना में इस बार दोगुनी ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। जिनका संचालन प्रयागराज जंक्शन और फाफामऊ रेलवे स्टेशन को केंद्र में रखकर किया जाएगा। कुंभ में आने वाले श्रद्धालु अयोध्या और वाराणसी भी जाएंगे। जिसको लेकर इस सर्किट पर विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

### उत्तर रेलवे के जीएम ने लिया विकास कार्यों का जायजा

विशेष सैलून से निरीक्षण को निकले महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने मातहत अधिकारियों के साथ शुक्रवार को अयोध्या धाम तथा आसपास के स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि महाप्रबन्धक ने निर्माण और विकास कार्य को समय से गुणवत्ता के साथ पूरा कराने और यात्रियों की सुविधा तथा सुरक्षा के लिए हर एहतियाती इंतजाम किए जाने की हिदायत दी है। इनके साथ मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा, एपीआरओ सुशील कुमार जायसवाल, मण्डल के अन्य अधिकारी, विभागाध्यक्ष, निर्माण विभाग व राइट्स के अधिकारी तथा जीआरपी, आरपीएफ व स्टेशन के अधिकारी मौजूद रहे।

# पूजा-अर्चना के साथ महादेवा महोत्सव शुरू

## विश्व कल्याण द्वार पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने फीता काटकर की शुरुआत, सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध



विश्व कल्याण द्वार पर महादेवा महोत्सव की शुरुआत करते डीएम सत्येंद्र कुमार।



जलाभिषेक करते डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश सिंह, पूर्व विधायक शरद अवस्थी।

### सुरक्षा रही चाक-चौबंद

महादेवा महोत्सव में करीब आधा दर्जन आईटी सीसीटीवी कैमरे, दो दर्जन सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन के साथ तीन सीओ, पांच इंस्पेक्टर, 30 सब इंस्पेक्टर, 110 कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल, 41 महिला कांस्टेबल, 30 होमगार्ड, ट्रैफिक पुलिस के 6 जवान, अपराध निरोधक दस्ता की टीम, फायर ब्रिगेड व एम्बुलेंस तैनात किये गए हैं। चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार:** श्री लोधेश्वर महादेवा में सात दिवसीय महोत्सव शुरू हो गया। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को दोपहर दो बजे महादेवा पहुंचकर 10वीं वाहिनी पीएसी की बैंड की धुनों के बीच विश्व कल्याण द्वार पर फीता काटकर व बाबा के दरबार में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर महोत्सव की शुरुआत की।

महादेवा पहुंचने पर डीएम का स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वागत किया। यूनियन इंटर कॉलेज के स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने पुष्प वर्षा की। पूरा मंदिर परिसर फूल मालाओं से सजा धजा लोगों का मन मोह रहा था। गर्भगृह को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। विश्व कल्याण द्वार पर डीएम सत्येंद्र कुमार के पहुंचते ही पंडित आदित्यनाथ तिवारी, अनिल शास्त्री, शिवमंगल पाठक, रामानुज पाठक और अखिलेश तिवारी ने परंपरागत तरीके से पूजा अर्चना संपन्न करवाई। इसके बाद डीएम वस्त्र, नारियल, पुष्प, अक्षत, दूध, गंगाजल, शहद लेकर शिव आराधना के साथ मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना कर अमन चैन के लिए कामना की। श्री लोधेश्वर महादेव के दरबार में पूजन के दौरान हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय, हरि ॐ स्वस्ति न इंद्रो स्वस्ति। स्वस्ति नः पूषा स्वस्ति न वृहस्पति दधाति... के वैदिक मंत्र गूंजते रहे। इसके बाद डीएम मेला मैदान में सांस्कृतिक मंच पर पहुंचे और महादेवा महोत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर पुजारी आदित्यनाथ तिवारी एवं अनिल शास्त्री के द्वारा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस कप्तान दिनेश कुमार सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक, ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी, उपजिलाधिकारी पवन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ श्रीवास्तव और पूर्व विधायक शरद अवस्थी को अंग वस्त्र देकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मेला प्रशासन के द्वारा महोत्सव शुभारंभ के अवसर पर पूरे मेला क्षेत्र को नई नवेली दुल्हन की तरह सजाया गया। सुंदरता लोगों का मन मोह रही थी।

**योजनाओं का प्रचार-प्रसार:** सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई थी। स्वयं सहायता समूह, खादी एवं ग्रामोद्योग व उद्यान समेत अन्य विभागों के द्वारा हस्त निर्मित वस्तुएं, कपड़े इत्यादि के स्टॉल प्रदर्शनी में लगाए गये हैं। जहां से लोगों के बीच सरकार के स्तर पर संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी...



प्रस्तुति देतीं गायिका स्वाती मिश्रा।

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी रामभजन से प्रख्यात बिहार के छपरा सदर प्रखंड के एक छोटे गांव माला की निवासिनी गायिका स्वाती मिश्रा मुंबई में रहकर अपने गानों के माध्यम से प्रसिद्धि हासिल कर रही हैं। लोधेश्वर महादेवा महोत्सव के प्रथम दिन सांस्कृतिक मंच पर एक से बढ़कर एक भक्ति भजनों की प्रस्तुति देकर उन्होंने श्रोताओं को खूब झुमाया। पूर्व विधायक शरद अवस्थी, सीडीओ अ. सुदन, एडीएम इंद्रसेन सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रख्यात गायिका स्वाती मिश्रा ने सर्वप्रथम तेरी मंद-मंद मुस्कनिया पर बलिहार राघव जी की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अपना मशहूर राम भजन राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी सुनाकर दर्शकों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया इसके बाद भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा जैसे ही सुनाया पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ये चमक ये दमक फुलवन मा महेक सब कुछ सरकार तुम्हई से है। आपकी कृपा से सब काम हो रहा है। उन्होंने रामा रामा रटते रटते बीती रे उमरिया सुनाकर खूब तालियां बटोरी। पता नहीं किस भेष में आकर नारायण मिल जाएंगे निमिया की डार मैय्या, राम सिया राम, राम है अंकित सिंह तबला वादक मोहित म्यूजिशियन प्रोड्यूसर साकेत सुमन कंपोजर अभिषेक बांसुरी क्षितिज डमरू संतोष पियानो अमन ड्रम पर सहयोगी दिव्यांशु मिश्रा। इस मौके पर एसडीएम पवन कुमार, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

### नृत्यांगना पर्णिका ने बिखेरा जलवा

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित 14 वर्ष की कथक नृत्यांगना पर्णिका ने लोधेश्वर महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर अपना जलवा बिखेरा। शंकर अति प्रचंड नाचत शिव डमरू बाजे पर शानदार प्रस्तुति दी, तो श्रोता झूम उठे। इसके बाद शिव स्तुति एवं राधा संग छेड़खानी करें नंदलाला आदि पर कथक नृत्य प्रस्तुत किया। बता दें कि पर्णिका 6 साल की अवस्था से नृत्य की शिक्षा ले रही है। वह लोयोला इंटरनेशनल स्कूल में नौवीं की छात्रा हैं और अंतरराष्ट्रीय गुरु डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव से कथक नृत्य का प्रशिक्षण ले रही हैं। पर्णिका प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित होने वाले महोत्सव में विगत चार से पांच वर्षों से लगातार अपनी प्रस्तुतियां देती आ रही हैं।

# सात बातें अपना लें तो रहेंगे स्वस्थ



कांफ्रेंस में मौजूद मेडिकल कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा, सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह, डॉ नर सिंह वर्मा,मेडिसिन विभाग के डॉ. अरविंद, आयोजन सचिव व एसोसिएट प्रो. डॉ. वीरेंद्र वर्मा, डॉ. पीयूष गुप्ता, डॉ. मनीष वर्मा, डॉ. अफरोज खान व अन्य।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज गंजा में शुक्रवार से 10वीं अंतरराष्ट्रीय क्रोनोमेडिसिन-2024 कांफ्रेंस शुरू हुई। तीन दिवसीय कांफ्रेंस के पहले दिन मल्टीपर्पज हॉल में चिकित्सकों की पाठशाला लगी। इस दौरान मेडिसिन के विशेषज्ञों ने साफ कहा कि दवा से ज्यादा महत्वपूर्ण दिनचर्या होती है। हर कोई अगर सात बातें जीवन में उतार लें तो बीमारी नहीं पकड़ेगी। पहले दिन शाम छह बजे तक नौ सेशन चले।

### मेहनत न करें तो मांस खाना बहुत नुकसानदायकः डॉ. अनुज

अमेरिका कॉलेज ऑफ फिजिशियन के भारत में गवर्नर डॉ. अनुज माहेश्वरी योगा, सरकेडियम रिदम विषय पर बोलने पहुंचे थे। क्रोनोमेडिसिन कांफ्रेंस से इतर बोलते हुए उन्होंने कहा कि दिनचर्या में लोगों को योग जरूर शामिल करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हो या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ये दोनों ही पूरी नींद नहीं ले पाते, लेकिन योग जरूर करते हैं। यही कारण है वे फिट रहते हैं। आज के लोग दवा भी टाइम से नहीं खाते हैं। डॉक्टर सुबह, दोपहर व शाम की खुराक देंगे तो मरीज सुबह वाली खुराक दोपहर में, दोपहर वाली रात में और रात वाली अगले दिन सुबह खाता है। हर चीज का समय निर्धारित करना चाहिए।

# 40 हजार घूस लेते लिपिक गिरफ्तार

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** विजिलेंस विभाग की टीम ने शुक्रवार को बीएसए कार्यालय में तैनात एक लिपिक को 40 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। लिपिक को लेकर विजिलेंस टीम बकेवर थाना पर पहुंची। बीएसए कार्यालय में तैनात लिपिक शिवकुमार शुक्रवार दोपहर अपने कार्यालय में बैठे सरकारी कामकाज निपटा रहे थे। उसी वक्त एक शिक्षक से उनकी बातचीत हुई। अचानक बिजिलेंस टीम ने छापा मारकर उन्हें पकड़ लिया। आरोप है कि शिक्षक से चालीस हजार रुपये लेते समय उसे पकड़ा गया है। गिरफ्तारी से कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति रही। विजिलेंस टीम पकड़े गए लिपिक को लेकर बकेवर थाना पर पहुंची। पकड़े गए बाबू से कुछ पूछताछ के आधार पर अपनी कागजी कार्रवाई में जुटी रही। इस दौरान बीएसए राजेश कुमार अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बकेवर थाना पर पहुंचे । विजिलेंस कानपुर की 12 सदस्यीय टीम ने इंस्पेक्टर सीमा सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की। बीएसए राजेश कुमार ने बताया कि जसवंतनगर ब्लाक के गांधी उमा विद्यालय बनकटी बुजुर्ग में शिक्षक विनय त्रिपाठी की नियुक्ति वर्ष 2018 में की गई थी। उनके किसी परिचित ने शैक्षिक प्रमाणपत्र फर्जी होने की शिकायत की। उसी मामले में शिक्षक विनय त्रिपाठी अपने हाथों से बीएसए कार्यालय में तैनात बाबू शिवकुमार चालीस हजार रुपये देने पहुंचे। उसी दौरान विजिलेंस टीम ने आकर पकड़ लिया।

# उन्नाव ने लखनऊ को हराकर जीती ट्रॉफी

पुलिस क्रिकेट स्पर्धा

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बाईपास स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को लखनऊ जोन की अंतर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच उन्नाव व लखनऊ के बीच खेला गया। उन्नाव की टीम ने लखनऊ को 67 रनों से हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। एसपी दीपक भूकर ने विनर व रनर टीमों को शील्ड देकर उनका उत्साह बढ़ाया।

फाइनल मैच में लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करते हुए उन्नाव की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 163 रन बनाए। जिसमें रोहित भड़ाना ने 55 व प्रशांत यादव ने 52 रन बनाए। लखनऊ की ओर से गेंदबाजी करते हुए इंद्रजीत यादव ने तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की टीम 15.5 ओवर में 96 रन पर ऑलआउट हो गई। जिसमें लखनऊ के राहुल विश्वकर्मा ने सर्वाधिक 35 रन का योगदान दिया। उन्नाव से गेंदबाजी करते हुए रोहित भड़ाना व प्रशांत यादव ने 3-3 विकेट झटके। इससे उन्नाव ने 67 रन से अंतर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता लखनऊ जोन का फाइन मैच जीतकर ट्राफी अपने नाम की।

# एसपी ने ली परेड की सलामी

**बाराबंकी, अमृत विचारः** पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के बाद परेड का निरीक्षण किया और सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिए। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार को परेड की सलामी ली। इसके बाद परेड में शामिल पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई, वहीं पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने एवं आने वाली समस्याओं के संबंध में वार्ता की गई।

# ट्रक-स्कॉर्पियो भिड़ंत में तीन की मौत

संवाददाता, अमेठी





अमृतेश व नरेंद्र प्रताप सिंह (फाइल फोटो)।



रूपक (फाइल फोटो)।

- अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज हादसे में चार लोग घायल

**अमृत विचार :** गौरीगंज थाना क्षेत्र में सुलतानपुर मार्ग पर ट्रक और स्कॉर्पियो की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना के बाद ट्रक मौके पर खड़ी कर चालक फरार हो गया। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार गुरुवार रात सुलतानपुर के करौंदी कला से दसगरपारा बबुवान रवनिया से जयप्रकाश सिंह के पुत्र रजनीश सिंह की बारात गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के विशुनदासपुर गांव में विजय बहादुर सिंह के यहां आई थी। रात लगभग 11 बजे बारात में आई एक स्कार्पियो सात-आठ बारातियों को लेकर वापस सुलतानपुर लौट रही थी। इसी बीच जैसे ही स्कॉर्पियो सुलतानपुर रोड पर भारतीय स्टेट बैंक गौरीगंज के सामने पहुंचे ही थी, तभी स्कॉर्पियो ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने तत्काल स्कॉर्पियो में सवार लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने नरेंद्र प्रताप सिंह पुत्र कीरत सिंह 50 वर्ष, रूपक विश्वकर्मा पुत्र महन्त 28 वर्ष व अमृतेश सिंह पुत्र सुनील सिंह 20 को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रदीप सिंह पुत्र तेज सिंह 26, लक्ष्य प्रताप सिंह पुत्र दीप सिंह 14, देव पुत्र दीपक 13 व ऋषभ सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिंह 20 को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मामले में एएसपी हरेंद्र सिंह ने बताया कि स्कार्पियो मालिक विष्णुकांत दुबे निवासी ग्राम पट्टी नरेन्द्रपुर थाना सरायतहा जिला जौनपुर की तहरीर पर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### युवती का अधजला शव चादर में लपेटकर फेंका

**कानपुर, अमृत विचार :** सचेंडी थानाक्षेत्र में हत्यारों ने एक युवती का अधजला शव बेडशीट और पन्नी में लपेटकर रेलवे ट्रैक किनारे फेंक दिया। शुक्रवार शाम लोगों की नजर उस पर पड़ी तो इलाके में सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में आसपास के सैकड़ों लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक और डॉग स्क्वॉड के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन रात तक शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार कहीं और हत्या करके शव यहां फेंकने की आशंका है। सचेंडी के गढ़ी गांव के रेलवे अंडरपास पुलिया के पास शुक्रवार शाम 33 वर्षीय युवती की चादर के अंदर काली पन्नी में बंधी अधजली लाश मिली। थोड़ी ही देर में मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस, फोरेंसिक और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की। जांच के दौरान डॉग स्क्वॉड कुछ दूर तक गया इसके बाद लौट आया। पुलिस को आशंका है कि कहीं और युवती की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक और सड़क के बीच झाड़ियों में फेंक दिया गया। महिला की पहचान छुपाने के लिए उसके शव को जलाने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में सचेंडी प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह लग रहा है कि युवती के शव को कहीं और से लाकर यहां फेंका गया है। युवती की पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है।

### मां के सामने ही दामाद ने बेटे को मारी गोली, मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** रिश्तेदार की शादी में शामिल होने व बेटी-दामाद के बीच चल रहे मनमुटाव को दूर करने के लिए बेटे के साथ बेटी के घर मां पहुंची तो विवाद बढ़ गया। बातों से उग्र होकर दामाद ने उसके बेटे को गोली मार दी और भाग निकला। घायल युवक को पुलिस अस्पताल लाई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां की तहरीर पर दामाद समेत पांच नामजद आरोपी बनाए गए हैं। सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने बताया कि आरोपी बहनोई संतोष को पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। धनपतगंज थाना क्षेत्र के नरसड़ा गांव निवासी लखपती देवी ने नगर कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह उसका बेटा बहू व परिवार के अन्य लोग दिल्ली में रहते हैं। रिश्तेदार की शादी व बेटी व दामाद में चल रहे मनमुटाव को देखते हुए वह लोग गांव आए थे। बल्दीराय निवासी रिश्तेदार की बारात गुरुवार को जिला मुख्यालय के एक लॉन में आनी थी। मैं और मेरा बेटा रमेश चंद्र अग्रहरि (44) शादी में सम्मिलित होने के लिए सुलतानपुर आए व सुलतानपुर में रह रहे दामाद व बेटी के पास चले गए। बेटी व दामाद से बात चल रही थी, इसी बीच दामाद संतोष कुमार ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से बेटे रमेश को गोली मार दी।

### हत्या के केस में दो भाई और बहन को आजीवन कैद

**कानपुर, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश-1 राजेश चौधरी की कोर्ट ने युवक की हत्या में दोषसिद्ध दो भाइयों व बहन को आजीवन कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने तीनों पर 5-5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार साहू ने बताया कि मोनू निवासी कच्ची बस्ती शारदा नगर कल्याणपुर ने 26 नवंबर 2021 को कल्याणपुर प्रभारी निरीक्षक को तहरीर दी थी। जिसमें बताया कि वह 26 नवंबर को अपने घर जा रहा था, तभी देखा कि मोहित टेंटहाउस विनायकपुर के सामने एक व्यक्ति का शव पड़ा था। जानकारी की तो मरने वाले का नाम राहुल उर्फ अनुज पता चला। राहुल उर्फ अनुज, धनीराम गौतम, मनीराम गौतम व मंजू गौतम सभी लोग मोहित टेंटहाउस के सामने रहते थे। मोहल्ले वालों ने बताया कि धनीराम गौतम, मनीराम गौतम व मंजू गौतम ने शराब के नशे में युवक को ईंट-पत्थर से मारा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियुक्त धनीराम गौतम, मनीराम गौतम और मंजू गौतम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया।

# राम दरबार के साथ ही स्थापित होंगे पंचायतन मंदिरों में देवी-देवता

अयोध्या कार्यालय



राम जन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राम मंदिर के बीच चल रहा दर्शन-पूजन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** राम मंदिर के शिखर निर्माण का कार्य 40 प्रतिशत हो चुका है। जनवरी 2025 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही मंदिर के परकोटा में निर्माणाधीन पंचायतन मंदिरों के शिखर का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसे दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार की प्रतिमा को स्थापित करने के दौरान इन मंदिरों में देवी-देवताओं को स्थापित कर दिया जाएगा। तैयारी शुरू दी गई है। 70 एकड़ परिसर में संपूर्ण निर्माण कार्य अगले एक वर्ष में पूरा कर लिया जायेगा। राम मंदिर में भूतल, प्रथम तल और द्वितीय तल के बाद शिखर का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ मंदिर की भव्यता और सुरक्षा को लेकर बन रहे 800 मीटर की परिधि में परकोटा का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें गणेश, शिव, हनुमान जी, सूर्य माता भगवती और अन्नपूर्णा देवी के मंदिर का भवन बनकर तैयार हो गया है। अब शिखर का निर्माण किया जा रहा है। जिसे दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके साथ ही इन मंदिरों में स्थापित होने वाले देवी देवताओं की मूर्तियों का निर्माण भी जयपुर में किया रहा है।

### परकोटे की मूर्तियां दिसम्बर में हो जाएंगी तैयार

मूर्तिकार सत्य नारायण पाण्डेय ने बताया कि परकोटा में लगने वाले मूर्तियों को दिसंबर तक पूरा कर लिया जायेगा। इसके साथ परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों के लिए भी मूर्तियों को तैयार करने की जिम्मेदारी मिली है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर के शिखर निर्माण के साथ परकोटा के निर्माण का कार्य चल रहा है। परकोटा में बन रहे मंदिरों का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब उसके शिखर का कार्य किया जा रहा है। यह दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

### राम मंदिर में अखंड ज्योति के लिए आया 200 किलो घी

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** राममंदिर में रामलला के गर्भगृह में जलने वाली अखंड़ ज्योति निरंतर जलती रहे इसके लिए राजस्थान के जोधपुर बंगाड़ा से 200 किलो घी शुक्रवार को ट्रस्ट को समर्पित किया गया है। घी से भरे ड्रम लेकर आए महर्षि सांदीपनि ने बताया कि राजस्थान के जोधपुर स्थित गोशाला में 350 गोवंशों के दूध से निकले घी, मंदिर के लिए और गुड़, मेवा, सोंठ से बने विशेष मिठाई भी रामलला को अर्पित करने के लिए राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को समर्पित किया है। इस दौरान उन्हें श्रीराम नाम लिखी पगड़ी को भी पहनाया। बताया कि बीते वर्ष जोधपुर के गोशाला से 600 किलो घी कलशों में भर कर आया था। इसके अलावा 200 किलो घी टंकी में भर कर लाया गया। आज 200 किलो घी लेकर आये हैं। यह घी रामलला के अखंड ज्योति के लिए है।

## लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–6200 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15 ) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000–3100 आटा 2700–2900 रवा 3000–3050

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडर्ड | 79,150 |
| सोना रवा | 79,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 63,000 |
| चांदी तैयार | 92,600 |
| चांदी (999) | 92,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 1,20,000 |

# आवास मूल्य सूचकांक 4.3% बढ़ा : आरबीआई

## एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 और पिछले साल 3.5 प्रतिशत की हुई थी वृद्धि

मुंबई, एजेंसी



- 10 प्रमुख शहरों से प्राप्त जानकारी के आधार पर केंद्रीय बैंक ने जारी किया आंकड़ा
- बेंगलुरु में सर्वाधिक 8.8 तो कानपुर में दर्ज की गई 2 प्रतिशत की गिरावट

अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) में चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार एचपीआई में अप्रैल-जून तिमाही में 3.3 प्रतिशत और पिछले साल इसी तिमाही में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

आरबीआई ने शुक्रवार को 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए अपना आवास मूल्य सूचकांक जारी किया। यह 10 प्रमुख शहरों में पंजीकरण अधिकारियों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों पर आधारित है। ये शहर अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं। आरबीआई ने कहा कि वार्षिक एचपीआई वृद्धि विभिन्न शहरों में व्यापक रूप से भिन्न रही। बेंगलुरु में यह सर्वाधिक 8.8% रही। जबकि कानपुर में दो प्रतिशत की गिरावट तक देखी गई। तिमाही आधार पर, अखिल भारतीय एचपीआई में जुलाई-सितंबर अवधि में 0.1 प्रतिशत की कमी आई। अहमदाबाद, लखनऊ, कोलकाता और चेन्नई में सितंबर तिमाही के दौरान मकान की कीमतों में पिछली तिमाही की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### उद्योगों के लिए बैंक ऋण आठ प्रतिशत बढ़ा


वाणिज्यिक बैंकों ने अक्टूबर 2024 में उद्योगों को सालाना आधार पर 8% अधिक ऋण दिया, जबकि एक साल पहले यह वृद्धि 4.8 % थी। रिजर्व बैंक के आंकड़ों से पता चला कि कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण अक्टूबर 2024 में सालाना आधार पर 15.5% बढ़ा। इसमें पिछले साल 17.4% की वृद्धि हुई थी। प्रमुख उद्योगों में, रसायन और रासायनिक उत्पाद, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा इंजीनियरिंग के लिए एक साल पहले के मुकाबले अक्टूबर 2024 में ऋण वृद्धि अधिक रही। अक्टूबर में व्यक्तिगत ऋणों की वृद्धि दर घटकर 15.8% रह गई, जबकि एक साल पहले यह 18% थी। ऐसा मुख्य रूप से अन्य व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण और क्रेडिट कार्ड बकाया की वृद्धि में कमी के चलते हुआ। समीक्षाधीन अवधि में व्यक्तिगत ऋण खंड के सबसे बड़े घटक आवास में पिछले साल की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई।

### सेवा निर्यात 22.3% बढ़कर 34.3 अरब डॉलर पर

भारत का सेवा निर्यात लगातार दूसरे महीने बढ़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में यह 22.3 प्रतिशत बढ़कर 34.3 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर, अक्टूबर में आयात 27.9 प्रतिशत बढ़कर 17.21 अरब डॉलर हो गया है। जुलाई के मुकाबले अगस्त में गिरावट के बाद सितंबर में सेवा निर्यात बढ़कर 32.57 अरब डॉलर हो गया था। आयात में भी लगातार दूसरे महीने वृद्धि हुई।

# चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक हो जाएगा 20 अरब डॉलर : सीआईआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- निर्यात में तेजी के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता

देश में चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग का निर्यात 2030 तक 20 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, इस क्षेत्र को निर्यात में तेजी लाने के लिए अधिक सरकारी प्रोत्साहन और कारोबारी सुगमता की आवश्यकता है। उद्योग मंडल सीआईआई ने शुक्रवार को यह कहा।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के राष्ट्रीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी मंच के अध्यक्ष हिमांशु बैद ने कहा कि चिकित्सा प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना फिलहाल चुनिंदा चिकित्सा उपकरणों के लिए उपलब्ध है। इसके दायरे में सभी उत्पादों को लाने की आवश्यकता है, जबकि विनिर्माताओं को छिपी लागत को पूरा करने के लिए निर्यात प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज हम देश में जरूरत के हिसाब से 60 से 70% मेडिकल उपकरण आयात कर रहे हैं। जबकि, हमारा विनिर्माण अभी भी बहुत कम है क्योंकि 30% उपकरण देश में ही बनते हैं। हमारा आयात हमारे निर्यात से ज्यादा है। हमारा आयात आठ अरब डॉलर है और हमारा निर्यात चार अरब डॉलर है। बैद ने कहा कि भारत में इस उद्योग को अगले स्तर तक बढ़ाने की सबसे अच्छी क्षमता है तथा वह एक विशेष देश पर आयात निर्भरता कम करने के लिए विश्व द्वारा अपनाई जा रही चीन प्लस वन रणनीति का लाभ उठा सकता है। सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और चीन की तुलना में कम लागत वाले श्रम के मामले में भारत में उपलब्ध प्रतिभा के आधार पर देश इसका लाभ उठाने को तैयार है। भारतीय चिकित्सा प्रौद्योगिकी उद्योग की निर्यात क्षमता पर उन्होंने कहा कि 2030 तक भारत का निर्यात 15 से 20 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है और हमारा आयात आठ अरब डॉलर से घटकर तीन से चार अरब डॉलर रह जाएगा।

# सोना 700 रुपये तेज, चांदी 1,300 बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी



- सोने की कीमत 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी हुई 92,200 रुपये प्रति किलो

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख और स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली बढ़ने से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये की तेजी के साथ 79,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

गुरंवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी की कीमत भी 1,300 रुपये उछलकर 92,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। जबकि गुरुवार को चांदी 4,900 रुपये टूटकर 90,900 रुपये प्रति किलो रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 79,000 रुपये पहुंच गया जो गुरुवार को 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सकारात्मक रुख और घरेलू मांग में वृद्धि से बाजार धारणा मजबूत हुई, जिससे मुख्यतः सोने की कीमतों में तेजी आई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष, शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग के कारण एमसीएक्स पर सोने में सकारात्मक कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना वायदा 20.60 डॉलर प्रति औंस या 0.77 प्रतिशत बढ़कर 2,685.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि खरीदारी और फेडरल रिजर्व द्वारा दिसंबर में ब्याज दर में कटौती की संभावना से तेजी आई।

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर पर

- सितंबर के अंत में 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंचा था

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.58 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 15 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.76 अरब डॉलर की रिकॉर्ड गिरावट के साथ 657.89 अरब डॉलर रहा था। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। उसके बाद से इसमें पिछले कई हफ्ते से गिरावट आ रही है। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.04 अरब डॉलर घटकर 566.79 अरब डॉलर रही।

# प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन वृद्धि घटकर 3.1 प्रतिशत पर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अक्टूबर की वृद्धि दर सितंबर में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रहा। पिछले साल के इसी महीने में यह 12.7 प्रतिशत था। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अक्टूबर 2024 की वृद्धि दर हालांकि इससे पिछले महीने सिंतबर 2024 में दर्ज 2.4 प्रतिशत के मुकाबले अधिक है। अक्टूबर में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में कमी आई है। कोयला, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में वृद्धि क्रमशः 7.8 , 0.4 , 4.2 और 0.6 प्रतिशत रही। पिछले साल अक्टूबर में यह आंकड़ा क्रमशः 18.4, 5.3, 16.9 और 20.4 प्रतिशत था। समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन बढ़कर 5.2 प्रतिशत हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अक्टूबर के दौरान प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों - कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली - की वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 8.8 प्रतिशत थी। ये आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्र औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।



## एक नजर

### 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने 2,800 करोड़ के चिटफंड घोटाले में कोलकाता में व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। अदालत ने प्रयाग ग्रुप ऑफ कंपनीज के प्रवर्तक बासुदेब बागची और उनके बेटे अविक को दस दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी ने 26 नवंबर को कोलकाता-मुंबई में इन दोनों और कुछ अन्य के परिसरों पर छापा मारा थस।

### पूर्व प्रवर्तकों की नकदी और लग्जरी कारें जब्त

**नई दिल्ली।** ईडी ने 1,400 करोड़ के कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले में डेयरी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रवर्तकों की तलाशी के बाद 1.3 करोड़ नकद और मुखौटा कंपनियों से संबंधित साक्ष्य जब्त किए है। ईडी ने शुक्रवार को कहा कि साढ़े छह करोड़ मूल्य के लग्जरी वाहन और डीमैट खाते भी फ्रीज किए गए हैं। संघीय एजेंसी ने इस मामले में 27 नवंबर को दिल्ली व एनसीआर में 15 स्थानों पर छापेमारी की थी।

### तमिलनाडु में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

**तिरुपुर।** तिरुपुर के गांव में शुक्रवार को एक बुजुर्ग, उनकी पत्नी और बेटे की घर में घुसकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि घायल देवसिगामनी ने अस्पताल में दम तोड़ा, उनकी पत्नी अलामेलु व बेटे सेंथिलकुमार घर के अंदर मृत मिले।

### मप्र में मशाल जुलूस के दौरान 30 लोग झुलसे

**खंडवा (मप्र)।** मध्यप्रदेश के खंडवा में मशाल जुलूस के दौरान महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। खंडवा के एसपी मनोज राय ने बताया कि जुलूस शहर के क्लॉक टॉवर पर समाप्त हो रहा था। जलती मशालों को बुझाने के दौरान आग धधक उठीं, जिससे आसपास के लोग झुलस गए। महिलाओं और बच्चों समेत 30 लोगों को जिला अस्पताल ले जाया गया।

### एक अस्पताल में नहीं होगा बांग्लादेशियों का इलाज

**कोलकाता।** उत्तर कोलकाता के मनिकतला इलाके के एक अस्पताल ने शुक्रवार को कहा कि वह पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचारों के विरोध में बांग्लादेश के मरीजों का इलाज नहीं करेगा। जेएन रे अस्पताल के अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा भारतीय ध्वज का अपमान किए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया। अस्पताल के अधिकारी सुभ्रांशु भक्त ने कहा कि हमने अधिसूचना जारी की कि आज से हम किसी बांग्लादेशी को उपचार के लिए भर्ती नहीं करेंगे।

# तय होगी जवाबदेही, लेंगे कठोर निर्णय

## कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में बोले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

- चुनाव के नतीजों की समीक्षा में हार को बताया बड़ा झटका
- कहा-ईवीएम ने पूरी चुनावी प्रक्रिया को बना दिया है संदिग्ध

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में मौजूद पार्टी अध्यक्ष खरगे, राहुल गांधी व अजय माकन।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में हार को पार्टी के लिए बड़ा झटका करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि अब जवाबदेही तय करने के साथ ही कठोर निर्णय लेने होंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में यह भी कहा कि पार्टी नेताओं को अनुशासन का सख्ती से पालन करना चाहिए और पार्टी को पुराने ढर्रे की राजनीति से हर बार सफलता नहीं मिल सकती।

खरगे ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है और ऐसे में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करवाना निर्वाचन आयोग का संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने वायनाड से प्रियंका गांधी वाद्रा और नांदेड़ से रवींद्र चव्हाण के लोकसभा उपचुनाव जीतने पर उन्हें बधाई दी।

कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष के नेतृत्व में हुई इस बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश और अन्य नेता शामिल हुए। कांग्रेस और उसके सहयोगियों को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले उसे हरियाणा में भी आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा था। खरगे ने कहा हमें तुरंत चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए संगठन के स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत है। ये नतीजे हमारे लिए संदेश हैं। उन्होंने कई प्रदेशों में पार्टी के भीतर गुटबाजी की ओर इशारा करते हुए कहा कि सबसे अहम बात जो मैं बार-बार कहता हूं कि आपसी एकता की कमी और एक-दूसरे के ख़िलाफ़ बयानबाजी हमें काफी नुकसान पहुंचाती है। खरगे ने कहा कि जब तक हम एक हो कर चुनाव नहीं लड़ेंगे, आपस में एक-दूसरे के ख़िलाफ़ बयानबाजी का सिलसिला बंद नहीं करेंगे, तो अपने विरोधियों को राजनीतिक शिकस्त कैसे दे सकेंगे? उन्होंने कहा कि इसलिए जरूरी है कि हम सख्ती से अनुशासन का पालन करें। हर हालत में एकजुट रहना है।

# गुणवत्ता संबंधी याचिका पर विचार से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंदिरों में बांटे जाने वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर नियमन की मांग वाली याचिका पर विचार से इनकार करते हुए शुक्रवार को कहा यह मामला सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 26 नवंबर को कहा था कि कार्यपालिका अपनी सीमा में कार्य कर रही है। पीठ ने कहा कि हम इस याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि यह सरकार के नीति क्षेत्र के अंतर्गत आती है। यदि याचिकाकर्ता चाहे तो वह उचित प्राधिकार के समक्ष निवेदन कर सकता है। याचिकाकर्ता के वकील ने प्रसाद खाने के बाद लोगों के बीमार पड़ने की बात का जिक्र करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर नहीं की गई है।

# टूटे हुए रिश्ते आत्महत्या के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं आते

नई दिल्ली, एजेंसी

## सुप्रीम फैसला



- सुनवाई के बाद शीर्ष न्यायालय ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को पलटा

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि टूटे हुए रिश्ते भावनात्मक रूप से कष्टदायक होते हैं और यदि आत्महत्या के लिए उकसावे का कोई इरादा न हो तो यह खुद-ब-खुद उकसाने के अपराध की श्रेणी में नहीं आते। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने एक फैसले में यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें कमरुद्दीन दस्तगीर सनदी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने के अपराध में दोषी ठहराया गया था। फैसले में कहा गया कि यह टूटे हुए रिश्ते का मामला है, न कि आपराधिक आचरण का। सनदी पर शुरू में आईपीसी की धारा 417 (धोखाधड़ी), 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) और 376 (दुष्कर्म) के तहत आरोप लगे थे। निचली अदालत ने उसे सभी आरोपों से बरी किया, जबकि उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की अपील पर उसे धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी ठहराया तथा पांच साल कैद की सजा सुनाई। मां की दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, उसकी 21-वर्षीय बेटी 8 साल से आरोपी से प्यार करती थी और अगस्त 2007 में उसने आत्महत्या कर ली थी।

# वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ नहीं देगी महाराष्ट्र सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य वक्फ बोर्ड को 10 करोड़ देने के आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया। राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने यह जानकारी दी। राज्य प्रशासन ने एक दिन पहले एक सरकारी प्रस्ताव जारी कर प्रदेश के वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 10 करोड़ की निधि जारी करने का आदेश दिया था। सरकारी प्रस्ताव के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य वक्फ बोर्ड को मजबूत करने के लिए 2024-25 के वास्ते 20 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई थी। इसमें से दो करोड़ रुपये बोर्ड को हस्तांतरित किये गए थे।

# दिल्ली में धमाके के एक दिन बाद स्कूल को मिली बम की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशांत विहार में हुए विस्फोट स्थल से एक किलोमीटर दूर है स्कूल

दिल्ली में रोहिणी के स्कूल को शुक्रवार को बम की धमकी का ईमेल मिला। यह स्कूल प्रशांत विहार के उस स्थल के एक किलोमीटर दायरे में है जहां गुरुवार को कम तीव्रता का धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि स्कूल में गहन तलाशी के बाद धमकी अफवाह साबित हुई। स्कूल को सुबह 10.57 बजे आए बम की धमकी के ईमेल की पुलिस को जानकारी मिली। स्कूल उस जगह से एक किलोमीटर की दूरी है, जहां गुरुवार को धमाका हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस, बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्तों का दस्ता ने स्कूल परिसर की तलाशी ली और कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। स्कूल अधिकारियों ने अभिभावकों को सुबह 11 बजे तक बच्चों को स्कूल से ले जाने का अनुरोध किया था। स्कूल से अभिभावकों को भेजे संदेश में कहा गया है कि स्थिति नियंत्रण में है।

# मृत बच्चे के पिता को गुमराह करने में 6 चिकित्सकों पर केस

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में निजी अस्पताल के 6 चिकित्सकों के खिलाफ उपचार के दौरान जान गंवाने वाले बच्चे के पिता को गुमराह करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी चिकित्सकों ने साक्ष्यों से छेड़छाड़ भी की। पांच वर्षीय बच्चे को 26 अप्रैल को सुतगिरणी में वेदांत अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 10 दिन बाद बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के पिता अविनाश अघव के आरोप है कि गलत उपचार से उनके बेटे की मौत हुई। साक्ष्य मिटकर संबंधित कागजात उन्हें नहीं दिए गए।

# 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, मंदिर कैसे आया

अजमेर, एजेंसी

## अजमेर दरगाह



- दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान बोले- सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती

अजमेर दरगाह शरीफ के दीवान और ख्वाजा साहब के वंशज दरगाह दीवान जैनुअल आबेदीन अली खान ने कहा है कि दरगाह का इतिहास 800 वर्ष पुराना है, जब गरीब नवाज यहा आए, यह कच्चा मैदान रहा, 150 वर्ष तक कच्ची मजार रही, फिर नीचे मंदिर कैसे आ गया।

आबेदीन ने शुक्रवार को दरगाह में मंदिर विवाद पर पहली बार मीडिया के सामने कहा कि द प्लेस ऑफ वर्शिप 1991 में स्पष्ट है कि 15 अगस्त 1947 को भारत के अंदर जितने भी धर्मस्थल हैं, उनको वैसे ही रखने का सरकार का आदेश है। सरकार अपने लिखे को थूक कर चाट नहीं सकती। उन्होंने सवाल किया कि वाद दायर करने वाले की पृष्ठभूमि क्या है, इसे भी देखना चाहिए। ख्वाजा के वंशज को पक्षकार ही नहीं बनाया गया। जबकि एएसआई का यहां से कोई लेना देना नहीं है। तो फिर सर्वे कैसा? हमारे पास भी कानूनी अधिकार है, हम भी न्यायालय में जाएंगे, लेकिन आम जन कोई ऐसा काम न करें, जिससे विवाद पैदा हो।

### बाबर-औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनाईं: दिलावर

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि बाबर और औरंगजेब ने मंदिरों पर मस्जिदें बनवाई थीं। अदालत खुदाई का आदेश देती है तो मिलने वाले अवशेषों के आधार पर फैसला होगा। दिलावर का यह बयान दरगाह शिव मंदिर पर बने होने के दावे से संबंधित विवाद के बीच आया।

# महंगी गाड़ियों के मालिक ले रहे पेंशन का लाभ

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- वित्त विभाग के गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की समीक्षा में सच हुआ उजागर

केरल के वित्त विभाग ने एक नगरपालिका में गरीबों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों की समीक्षा की है, जिसमें पता चला है कि बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग इस योजना का लाभ उठा रहे हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि मलप्पुरम जिले में कोट्टक्कल नगर पालिका के अंतर्गत की गई समीक्षा में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। इसके बाद राज्य के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल ने अधिकारियों को पूरे राज्य में ऐसा ऑडिट करने और लाभार्थी सूची से सभी अपात्र व्यक्तियों को हटाने का निर्देश दिया है। केरल में राजपत्रित अधिकारियों और कॉलेज के प्रोफेसरों समेत 1,500 सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने से जुड़ी खबरों को लेकर व्याप्त आक्रोश के बीच यह नया खुलासा हुआ है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि स्थानीय स्वशासी निकायों को बैंक खातों से पेंशन राशि प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की पात्रता का नियमित मूल्यांकन करने का निर्देश दिया जाएगा। राज्य के वित्त मंत्री ने कोट्टक्कल मामले पर शुक्रवार को उन अधिकारियों की सतर्कता जांच के आदेश दिए, जिन्होंने योजना में समृद्ध व्यक्तियों को शामिल किया था। वित्त मंत्री ने पात्रता का सत्यापन करने वाले, आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले अधिकारियों और पेंशन को मंजूरी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सतर्कता जांच की बात कही है।

# संसद की कार्यवाही दो दिसंबर तक के लिए स्थगित

- अडाणी और संभल मुद्दे पर गतिरोध बरकरार नहीं चले दोनों सदन

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह पर लगे आरोपों और संभल हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर संसद में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को भी गतिरोध कायम रहा तथा राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद, जबकि लोकसभा की बैठक एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12:10 बजे दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। अब कार्यवाही सोमवार 2 दिसंबर को शुरू होगी। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 25 नवंबर को हुई थी और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण पहले सप्ताह दोनों सदनों में गतिरोध कायम रहने से महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो पाया।

# मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन में : शिंदे

नई दिल्ली, एजेंसी



- कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार गठन पर गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ हुई सकारात्मक बातचीत

महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सरकार गठन के मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा के साथ उनकी अच्छी और सकारात्मक बातचीत हुई।

शिंदे ने मुंबई जाने से पहले कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर फैसला एक या दो दिन में महायुति की बैठक में होगा। शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने राज्य में सत्ता साझेदारी समझौते पर बातचीत के लिए गुरुवार रात शाह और नड्डा से मुलाकात की थी। निवर्तमान मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक या दो दिन में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पर निर्णय लेंगे। हमने चर्चा की है और यह जारी रहेगी। जब हम अंतिम निर्णय लेंगे तो आपको पता चल जाएगा। शिंदे ने कहा कि वह राज्य में सरकार गठन में बाधा नहीं बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शाह द्वारा लिए गए निर्णय का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि लाडका भाऊ (प्यारा भाई) का दर्जा मेरे लिए किसी भी अन्य चीज से ऊपर है।

# लक्ष्य, प्रियांशु और पीवी सिंधु सेमीफाइनल में पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप
- कपिला-तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल और अश्विनी-तनीषा महिला युगल के अंतिम चार में



**अमृत विचार :** शीर्ष वरीय स्टार भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रदर्शन के साथ महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। साथ ही पुरुष एकल में शीर्ष वरीय भारतीय शटलर लक्ष्य सेन व दूसरी वरीय प्रियांशु राजावत भी जीत के साथ अंतिम चार में पहुंच गए हैं। महिला युगल में दूसरी वरीय त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. भी सेमीफाइनल में पहुंच गईं। 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो मिश्रित युगल व पिछली उप विजेता भारत की शीर्ष वरीय अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो महिला युगल के अंतिम चार में जगह बना चुकी हैं।

गोमती नगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में चैंपियनशिप में राष्ट्रमंडल खेल के स्वर्ण व विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को जीत के लिए शुक्रवार को अधिक मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने हमवतन माइसनम लुआंग मेरबा को 21-8, 21-19 से हरा कर आसान जीत दर्ज की। लक्ष्य सेन को दूसरे गेम में थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा। एक समय ऐसा भी लगने लगा था कि लक्ष्य यह गेम गवां बैठेंगे। अंतिम पलों में लक्ष्य ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए आसानी से जीत अपने नाम की। लक्ष्य ने जीत के बाद खुशी जताते हुए कहा कि दूसरे गेम में कुछ कठिनाई हुई थी, लेकिन जीतना अच्छी बात है। पुरुष एकल में दूसरी वरीय भारत के प्रियांशु राजावत ने वियतनाम के गुयेन हे डांग को आसानी से 21-13, 21-8 से हराया। महिला एकल में शीर्ष वरीय भारत की पीवी सिंधु ने चीन की डाई वांग को 21-15, 21-17 से हराया।

### इशान और शंकर प्रसाद ने भी किया अंतिम चार में प्रवेश

पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में भारत के इशान भटनागर व शंकर प्रसाद, उदय कुमार के साथ साई प्रतीक व पृथ्वी के.राय भी अंतिम चार में पहुंचे गए। महिला एकल में थाईलैंड की एल. चाइवान ने भारत की तसनीम मीर को 21-13, 21-15 से और चीन की वू लुओ यू ने भारत की श्रीयांशी वली शेट्टी को 20-22, 21-14, 21-19 से हराया।

### इन भारतीय स्टार खिलाड़ियों पर आज होंगी सभी की निगाहें

- लक्ष्य का मुकाबला आज जापान के शोगो ओगावा से होगा, जिन्होंने 8वीं वरीय भारत के आयुष शेट्टी को 21-7, 21-14 से हराया।
- प्रियांशु की अब सेमीफाइनल में सिंगापुर के चौथी वरीय जिया हेंग जेसन तेह से टक्कर होगी, जिन्होंने भारत के आर. संजीवी सतीश कुमार को हराया।
- पीवी सिंधु की टक्कर अब भारत की उन्नति हुड्डा (ओडिशा ओपन 2022 विजेता) से होगी, जिन्होंने एक अन्य मुकाबले में अमेरिका की इशिका जायसवाल को 21-16, 21-9 से हराया।

### आज के अन्य परिणाम

- मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में 5वीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो ने मलेशिया के लू बिंग कू व हो लो यी को 21-16, 21-13 से हराया।
- महिला युगल में ओलंपियन अश्विनी पोनप्पा के साथ उतरी तनीषा क्रैस्टो ने 5वीं वरीय हमवतन श्रुति मिश्रा व प्रिया कोन्जेंगबम को 21-12, 17-21, 21-16 से हराया।
- महिला युगल क्वार्टर फाइनल में त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. ने छठी वरीय मलेशिया की गो पेई की व तेओह मेई जिंग को 21-8, 21-15 से और चीन की बाओ ली जिंग व ली कियान ने रूतुपर्णा पांडा व स्वेतपर्णा पांडा को 21-9, 21-4 से हराया।
- मिश्रित युगल में थाईलैंड के डी. पुवारानुक्रोह व सुपिसारा पेवसम्प्रान ने भारत के दूसरी वरीय सतीश कुमार करुणाकरन व आद्या वरियानाथ को हराकर बड़ा उलटफेर किया।



## गुकेश-लिरेन ने ड्रॉ खेली चौथी बाजी

विश्व शतरंज चैंपियनशिप

सिंगापुर, एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने शुक्रवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की चौथी बाजी ड्रॉ खेली जिससे दोनों खिलाड़ी बराबरी पर बने हुए हैं।

दोनों खिलाड़ियों ने 42 चाल के बाद बाजी ड्रॉ कराने पर सहमति जताई। इस तरह से 14 दौर के इस मुकाबले में चार दौर के बाद दोनों खिलाड़ी दो-दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला खेल रहे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश ने बुधवार को तीसरी बाजी जीतकर बराबरी की थी। चीन के 32 वर्षीय खिलाड़ी लिरेन ने पहली बाजी जीतकर अच्छी शुरुआत की थी। दूसरी बाजी ड्रॉ रही थी।

## खेल डायरी

### मालागा गोल्फ में संयुक्त दूसरे स्थान पर प्रणवी

**मालागा (स्पेन)।** भारत की प्रणवी उर्स ने एंडालुशिया कोस्टा डेल सोल ओपन डे एस्पाना गोल्फ के पहले दौर के बाद बोगीरहित छह अंडर 66 स्कोर करके संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वह फिनलैंड की नूरा कोमुलेनेन से एक शॉट पीछे है। लेडीज यूरोपीय टूर पर पहली बार खेल रही प्रणवी ने छह बर्डी लगाए। उनके साथ जर्मनी की हेलेन ब्रीम, पैट्रिशिया इसाबेल एस और स्पेन की अना पालेज ट्रिविनो दूसरे स्थान पर है। भारत की अदिति अशोक संयुक्त 20वें, दीक्षा डागर संयुक्त 32वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 41वें स्थान पर हैं।

### श्रीलंका सीरीज से बाहर हुए चोटिल मुल्डर

**डरबन।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर अंगुली में चोट लगने के कारण श्रीलंका के खिलाफ खेली जा रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए। किंग्समीड स्टेडियम में खेले जा रहे टेस्ट के दूसरे दिन वियान मुल्डर दाएं हाथ की अंगुली में चोट लगने के कारण फ्रेक्चर हो गया था। इस चोट के कारण मुल्डर श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में बल्लेबाजी के दौरान मुल्डर के हाथ में चोट लग गई थी और बाद में एक्स-रे से फ्रेक्चर की पुष्टि हुई। इस पारी में मुल्डर नौ रन बनाकर नाबाद रहे थे।

### हॉकी इंडिया ने लॉन्च किया आधिकारिक मोबाइल एप

**नई दिल्ली।** खेल की अधिक लोगों तक पहुंच और प्रशंसकों के अनुभव को समृद्ध करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग से पहले आधिकारिक रूप से मोबाइल एप लॉन्च किया है। करीब सात वर्ष के अंतराल के बाद हो रही हॉकी इंडिया लीग की वापसी को लेकर खिलाड़ी और प्रशंसक उत्साहित है। इस एप के लिए अब दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक जुड़े रह सकते है। यह एप नवीनतम फोटो और प्रेस रिलीज से लेकर आंकड़ों की विस्तृत जानकारी का अनुभव प्रदान करता है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने एप को लेकर कहा आधिकारिक हॉकी इंडिया और हॉकी इंडिया लीग एप खेल को अपने प्रशंसकों के करीब लाने की दिशा में एक कदम है। हमारा लक्ष्य अपडेट, लाइव एक्शन और विशेष सामग्री सहजता प्रदान करना है। हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा यह एप न केवल प्रशंसकों के लिए है, बल्कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए भी है, जो खेल का जश्न मनाने और खेल को आगे बढ़ाने के लिए एक एकीकृत मंच बना रहा है। कई विशेषताओं को एकीकृत करके हमारा लक्ष्य खेल और प्रशंसकों के बीच की खाई को पाटना है। यह एप सभी के लिए सुलभ एक जीवंत हॉकी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के हमारे दृष्टिकोण का प्रमाण है।

### भारतीय महिला टीम की वनडे जर्सी का अनावरण



**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शुक्रवार को यहां बोर्ड मुख्यालय में टीम की वनडे के लिए नई जर्सी का अनावरण किया। महिला टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से वडोदरा में खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान नई जर्सी पहनेगी। हरमनप्रीत ने कहा जर्सी का अनावरण करना सम्मानजनक है और वास्तव में खुशी है कि हम पहली टीम हैं जो वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ यह जर्सी पहनने जा रही है। मुझे यह जर्सी बहुत अच्छी लगी और यह वास्तव में खुशी की बात है कि हमें वनडे के लिए विशेष जर्सी मिली है। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले हरमनप्रीत की अगुवाई वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी जहां वह पांच से 11 दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे श्रृंखला खेलेगी। हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम की जर्सी पहनना हमेशा खास होता है क्योंकि इसे हासिल करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। मैं चाहती हूं कि भारतीय प्रशंसक भी यह जर्सी पहन कर गर्व महसूस करें।

### कैनबरा में आज से शुरू होगा दो दिवसीय अभ्यास मैच, बल्लेबाजी संयोजन तय करना चाहेगी भारतीय टीम

# बल्लेबाजों को परखेगी पिंक बॉल

कैनबरा, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ शनिवार से मानुका ओवल पर शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच में भारतीय टीम एडीलेड में दिन रात के टेस्ट से पहले अपना बल्लेबाजी संयोजन तय करने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अब तक दिन-रात के चार टेस्ट खेले हैं और एकमात्र पराजय चार साल पहले एडीलेड में मिली जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। इसके बाद हालांकि भारत ने वापसी करके चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला जीती थी।

गुलाबी गेंद सूर्यास्त के समय खेलना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। चूंकि अभ्यास मैच को प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं है लिहाजा भारत के अधिकांश बल्लेबाज अभ्यास करना चाहेंगे। पर्थ टेस्ट 295 रन से जीतने के बाद भारतीय टीम का मनोबल ऊंचा है। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे कप्तान रोहित शर्मा और अंगूठे के फ्रेक्चर से उबरे शुभमन गिल टीम में लौटे हैं जिससे छह दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए बल्लेबाजी क्रम में बदलाव हो सकता है। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल सलामी बल्लेबाज हैं लेकिन पर्थ टेस्ट में जायसवाल और केएल राहुल ने अच्छा प्रदर्शन किया।



**मैच : सुबह 9:10 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश :** जैक एडवडर्स (कप्तान), चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, स्कॉट बोलैंड, जैक क्लेटन, एडेन ओकोनोर, ओली डेविस, जेडेन गुडविन, सैम हार्पर, हान्नो जैकब्स, सैम कोंस्टास, लॉयड पोप, मैथ्यू रेनशॉ, जेम रियान।

ऐसे में रोहित बल्लेबाजी क्रम में नीचे भी उतर सकते हैं। ऐसा होने पर गिल का क्रम भी बदलेगा। भारत को अभ्यास मैच में ही ये प्रयोग करने होंगे।

यह दो दिवसीय मैच ही है जिसमें गेंदबाजों की बजाय बल्लेबाजों को अधिक अभ्यास की जरूरत है। सरफराज खान जैसे बल्लेबाज भी हाथ आजमाना चाहेंगे हालांकि किसी के चोटिल होने की दशा में ही उन्हें मौका मिल सकता है। गिल ने नेट्स पर टीम के साथ अभ्यास किया। भारतीय टीम इस दौरे पर अभ्यास मैच नहीं खेल रही है क्योंकि अमूमन वे प्रतिस्पर्धी नहीं होते। प्रधानमंत्री एकादश टीम की कमान जैक एडवडर्स के हाथ में है। टीम में आस्ट्रेलिया के अंडर 19 स्टार चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, एडेन ओकोनोर और सैम कोंस्टास भी हैं।

### तैयार है मैकस्वीनी : हैरिस

**मेलबर्न।** नाथन मैकस्वीनी भले ही अपने टेस्ट पर्दापण में संघर्ष करते दिखे हों लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इस युवा सलामी बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए कहा कि वह इस भूमिका के लिए पूरी तरह तैयार हैं। डेविड वॉर्नर की जगह मैकस्वीनी को टीम में जगह मिली थी लेकिन वह पर्थ में पहले टेस्ट में भारत के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ महज 10 रन और शून्य ही बना सके। हैरिस दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की प्रथम श्रेणी टीम में मैकस्वीनी को कोचिंग देते हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि वह सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है लेकिन हर किसी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है।

### ऑस्ट्रेलिया ने विराट कोहली को शतक बनाने का मौका दिया : एलन बॉर्डर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर ने पर्थ में पहले टेस्ट के दौरान विराट कोहली के बल्ले पर अंकुश लगाने में उनकी टीम की असमर्थता पर निराशा जताते हुए कहा कि इससे मेजबान को पांच मैचों की श्रृंखला गंवानी पड़ सकती है। पिछले डेढ साल में एक भी टेस्ट शतक नहीं लगा सके कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में फॉर्म में लौटे और नाबाद 100 रन बनाए। भारत ने वह टेस्ट 295 रन से जीता। बॉर्डर ने सेन रेडियो से कहा जिस तरह से उन्होंने कोहली को शतक बनाने दिया, मैं बहुत निराश हूं। हम नहीं चाहते कि पूरी श्रृंखला में कोहली इस तरह आत्मविश्वास के साथ खेले। बॉर्डर ने कप्तान पैट कमिंस की रणनीति पर भी सवाल उठाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में जूझते नजर आए कोहली को उन्होंने फॉर्म मे लौटने का मौका दिया। पूर्व सलामी बल्लेबाजी मैथ्यू हेडन ने कहा विराट को उसकी पारी की शुरूआत में ही आउट करना चाहिए था। फील्ड प्लेसमेंट ऐसे थे कि उसने आसानी से रन बनाए जबकि वह इससे पहले दबाव में था। शॉर्ट गेंद डालने में भी आस्ट्रेलिया ने देर की। जायसवाल शॉर्ट गेंद नहीं खेल पा रहा था।

### राहुल करें पारी का आगाज और तीसरे नंबर पर उतरें रोहित : पुजारा

**कैनबरा।** चेतेश्वर पुजारा चाहते हैं कि केएल राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरूआत करें और कप्तान रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर उतरें। रोहित की गैर मौजूदगी में पर्थ में पहले टेस्ट में राहुल ने मध्यक्रम की बजाय शीर्षक्रम पर बल्लेबाजी की थी। ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों पर भारतीय बल्लेबाजी की रीढ रहे पुजारा का मानना है कि पहले टेस्ट में 295 रन से मिली जीत के बाद सलामी जोड़ी में बदलाव नहीं होना चाहिए। जायसवाल ने पहले टेस्ट में शतक जमाया जबकि राहुल ने 26 और 77 रन की पारियां खेली। पुजारा ने कहा मुझे लगता है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव नहीं होना चाहिए। केएल और यशस्वी पारी का आगाज करें और रोहित तीसरे, शुभमन पांचवें नंबर पर उतरें। अगर रोहित पारी की शुरूआत करना चाहते हैं तो केएल तीसरे नंबर पर उतरें लेकिन उससे नीचे नहीं। मुझे लगता है कि उसे शीर्षक्रम में ही उतरना चाहिए क्योंकि यह उसकी शैली को रास आता है। अंगूठे के फ्रेक्चर के कारण पहले टेस्ट से बाहर रहे गिल छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाला दिन रात का टेस्ट खेलेंगे। पुजारा ने कहा गिल को पांचवें नंबर पर उतरना चाहिए क्योंकि इससे उसे समय मिलेगा। दो विकेट जल्दी गिरने पर भी वह नई गेंद को बखूबी खेल सकता है। तीन विकेट जल्दी गिरने पर वह आ सकता है और पुरानी गेंद के लिए ऋषभ पंत रहेगा।

## बोपन्ना-नागल ने आईओसीएल के लिए पीएसपीबी टेनिस खिताब जीता

पुणे, एजेंसी

इंडियन ऑयल कोरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की पुरुष और महिला टीमों ने क्रमशः ओएनजीसी और गेल को हराकर पीएसपीबी अंतर इकाई लॉन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया।

आईओसीएल ने ओएनजीसी को पुरुष टीम के फाइनल में 2-1 से हराया जबकि मिला टीम ने गेल को 2-0 से मात दी। डेविस कप खिलाड़ी दिविज शरण और रोहन बोपन्ना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए विष्णु वर्धन और युकी भांबरी के खिलाफ तीन सेट का रोमांचक मुकाबला 6-7(5), 7-6(5), 10-7 से जीत लिया। दोनों टीमों ने एक एक एकल मुकाबले जीते थे। ओएनजीसी के वर्धन ने शुरूआती एकल में दिविज को 6-3, 6-3 से हराया जिसके बाद सुमित नागल ने युकी को 6-2, 6-3 से हराकर आईओसीएल को बराबरी पर ला दिया। महिलाओं की टीम स्पर्धा में आईओसीएल की रिया भाटिया ने गेल की लक्ष्मीसिरी दांडू को 6-3, 6-3 से ओलंपियन प्रार्थना थोम्बरे ने भी सोहिनी मोहंती को समान अंतर से मात दी।

## ब्रूक के शतक ने इंग्लैंड की तरफ मोड़ा मैच का रुख

क्राइस्टचर्च, एजेंसी



- न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे दिन इंग्लैंड ने पांच विकेट गवांकर बनाया 319 रन का स्कोर

« पारी के दौरान शॉट लगाते स्टोक्स

हैरी ब्रूक ने सातवां टेस्ट शतक लगाया और ओली पोप के साथ पांचवें विकेट के लिए 151 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच का रुख अपनी तरफ मोड़ दिया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ब्रूक 132 और बेन स्टोक्स 37 रन पर खेल रहे थे। यह दोनों छठे विकेट के लिए अभी तक 97 रन जोड़ चुके हैं।

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 319 रन बनाए हैं और वह न्यूजीलैंड से केवल 29 रन पीछे है जिसने अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए थे। ब्रूक और पोप के बीच साझेदारी कितनी महत्वपूर्ण रही इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जब ब्रूक ने क्रीज पर कदम रखा तब इंग्लैंड तीन विकेट पर 45 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। जल्द ही यह स्कोर चार विकेट पर 71 रन हो गया। पोप ने यहां से ब्रूक का अच्छा साथ निभाया और वे स्कोर को 222 रन तक ले गए। पोप अंतिम सत्र में 77 रन बनाकर आउट हुए।

न्यूजीलैंड का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा और उसने ब्रूक को 18, 41, 70 और 112 रन के निजी योग पर जीवनदान दिये। ब्रूक ने इसका पूरा फायदा उठाया। वह अभी तक 163 गेंद की अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगा चुके हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी आठ विकेट 319 रन से आगे बढ़ाकर 348 रन तक पहुंचाई। उसकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स 58 रन बनाकर नाबाद रहे।

## बॉलीवुड हलचल



### बेस्टसेलर द किडनी स्कैम में काम करेंगी प्रभलीन

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रभलीन संधू आगामी फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम में काम करती नजर आयेंगी। वास्तविक घटनाओं से प्रेरित, फिल्म बेस्टसेलर द किडनी स्कैम भारत के सबसे बड़े मानव अंग तस्करी रैकेट के उजागर होने की दिलचस्प सच्ची घटनाओं को उजागर पर आधारित है। इस फिल्म में प्रभलीन संधू काम करती नजर आयेंगी। उन्हें फिल्म बकिंघम मर्डर्स में उनके अभिनय के लिए व्यापक रूप से प्रशंसा मिली है। फिल्म बेस्टसेलर : द किडनी स्कैम की कहानी तीन युवा मेडिकल कॉलेज के छात्रों की है, जिन्हें सड़क के बीच में एक गरीब रिक्शा चालक मिलता है, जिसके घाव गहरे हैं। उन्हें नहीं पता था कि वे भारत के सबसे बड़े किडनी घोटाले का भंडाफोड़ करने वाले हैं। गरीब पीड़ितों की मदद करने के लिए, कीर्ति, राहुल और गुरकीरत अपने कॉलेज के अधिकारियों, प्रमुख डॉक्टरों और यहां तक कि राजनेताओं से भी संपर्क करते हैं। अपनी जान को खतरे में डालने, सबूतों को गायब करने और अपने परिवारों पर मंडराते खतरे के बीच, क्या वे अंत तक लड़ने का साहस कर पाएंगे? प्रभलीन संधू ने कहा, यह हाल के समय की सबसे प्रासंगिक, महत्वपूर्ण और डरावनी कहानियों में से एक है जो सच्ची घटनाओं पर आधारित है।

### पॉप-स्टार एड शीरन भारत के छह शहरों में देंगे प्रस्तुति



**मुंबई।** वैश्विक पॉप स्टार एड शीरन 2025 में छह भारतीय शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन मार्च 2024 में अपने मुंबई कॉन्सर्ट के बाद भारत के अपने अब तक का सबसे बड़ा दौरा करने वाले हैं, जहां वह अपने संगीत के साथ दिल्ली सहित छह शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों के साथ रोमांचक खबर साझा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, आपके खूबसूरत देश के अपने अब तक के सबसे बड़े दौरे के लिए भारत वापस आ रहा हूं। साथ ही पहली बार भूटान में भी आ रहा हूं, एक दशक में पहली बार कतर वापस आ रहा हूं और बहरीन के खूबसूरत एम्फीथिएटर में फिर से आने वाला हूं। वर्ष 2025 की शुरुआत कितनी अच्छी हो रही, आप सभी को वहां देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। भारत में 11 दिसंबर से टिकट की बिक्री, भूटान में 30 नवंबर को, कतर और बहरीन में छह दिसंबर को। दौरे का भारत चरण 30 जनवरी को पुणे में शुरू होगा और इसमें हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, शिलांग और दिल्ली भी शामिल होंगे। चुनिंदा कार्डधारकों के लिए प्री-सेल टिकट बुकमायशो पर नौ दिसंबर से उपलब्ध होंगे, जबकि सामान्य टिकटों की बिक्री 11 दिसंबर से शुरू होगी। एड शीरन पुणे : 30 जनवरी यश लॉन्स में, हैदराबाद : 2 फरवरी रामोजी फिल्म सिटी में, चेन्नई : 5 फरवरी वाईएमसीए ग्राउंड में, बेंगलुरु : 8 फरवरी एनआईसीई ग्राउंड्स में, शिलांग : 12 फरवरी जेएन स्टेडियम में और दिल्ली एनसीआर : 15 फरवरी लेजर वैली ग्राउंड में प्रदर्शन करेंगे।

### मुनव्वर फारुकी ने मॉरीशस में पूरी की फर्स्ट कॉपी की शूटिंग

**मुंबई।** मुनव्वर फारुकी ने अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज फर्स्ट कॉपी की पूरी कर ली है। फर्स्ट कॉपी का अंतिम शेड्यूल मॉरीशस के शानदार स्थानों पर शूट किया गया, जो इस रोमांचक प्रोजेक्ट का एक बेहतरीन समापन था। मुनव्वर ने फर्स्ट कॉपी के साथ अभिनय में कदम रखा है, यह एक ऐसी सीरीज़ है जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा के एक नए पहलू को उजागर करने का वादा करती है। शूटिंग के आखिरी दिन की एक तस्वीर पहले ही वायरल हो चुकी है, जिसमें कलाकार- मुनव्वर फारुकी, क्रिस्टल डिसूजा और आशी सिंह- नाव पर आराम करते हुए, सौहार्द और खुशी का इजहार करते हुए नजर आ रहे हैं। मुनव्वर ने अपने दिल की बात साझा की और बताया यह यात्रा अविश्वसनीय से कम नहीं रही है। मॉरीशस में फर्स्ट कॉपी को पूरा करना एक अवास्तविक एहसास है- जैसे इस प्रोजेक्ट में की गई सारी मेहनत, रचनात्मकता और जुनून का सही समापन हो। किरदार, कहानी और इस लुभावने स्थान ने इस अनुभव को वाकई खास बना दिया। मैं इस प्रक्रिया के माध्यम से एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में बहुत आगे बढ़ा हूं। मैं हर किसी को यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि हमने क्या बनाया है। फरहान पी जम्मा द्वारा निर्देशित और साल्ट मीडिया और आरवीसीजे द्वारा निर्मित फर्स्ट कॉपी दर्शकों को 1990 के दशक के उत्तरार्ध में ले जाती है, जो डीवीडी युग के दौरान फिल्म पाइरेसी की दुनिया में ले जाती है।

## फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स

**लखनऊ।** नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले केसीसी फाइटनाइट की तैयारियां पूरी हो चुकी है।

इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए जो एक दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले में जोर आजमाइश करेंगे। कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार शाम सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे।

इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटे, किकबॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्वांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइट से दर्शक रुबरु होंगे।

## उत्तराखंड को मिली नेशनल विंटर गेम्स की मेजबानी

ब्यूरो, देहरादून



- चमोली जिले के औली में 29 जनवरी से होगा आयोजन

**अमृत विचार :** 38 वें राष्ट्रीय खेलों के साथ ही उत्तराखंड को इस बार नेशनल विंटर गेम्स की भी मेजबानी मिल गई है। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ने उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के अनुरोध पर 29 जनवरी से मौसम को देखते हुए विंटर गेम्स करवाने के लिए अनुमति दी है।

राज्य में विंटर गेम्स को लेकर लगातार उत्तराखंड विंटर गेम संगठन कई सालों से काम कर रहा है। उत्तराखंड विंटर गेम संगठन के प्रेसिडेंट हर्ष मणि व्यास के मुताबिक इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी में अध्यक्ष शिवा केशवन द्वारा स्की एंड स्नो फेडरेशन इंडिया को उत्तराखंड में इस बार नेशनल विंटर गेम्स अलॉट हुए हैं। उम्मीद है कि इस साल अच्छी बर्फबारी देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में विंटर गेम्स आयोजन की जो टेंटेटिव डेट्स उन्हें प्राप्त हुई हैं, वह 29 जनवरी से 2 फरवरी तक दी गई हैं। हालांकि यह पूरी तरह से मौसम और बर्फबारी पर निर्भर करता है।

विंटर गेम के क्षेत्र में उत्तराखंड देश के सभी राज्यों में अग्रणी है। चमोली जिले के औली में पूर्व आईएएस अधिकारी के नाम पर बना एसएस पांगती स्लोप इंटरनेशनल स्की एंड स्नो बोर्ड फेडरेशन (एफआईएस) से अप्रूव्ड स्लोप मौजूद है। ऐसा पूरे देश में केवल उत्तराखंड में है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# भारत फिर चुना गया संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग का सदस्य

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग के सदस्य के रूप में फिर से चुना गया है। आयोग में भारत का वर्तमान कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त होगा। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत को 2025-2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग (पीबीसी) के लिए फिर से चुना गया है।

संस्थापक सदस्य और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में भारत वैश्विक शांति और स्थिरता की



दिशा में काम करने के वास्ते पीबीसी के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पीबीसी में 31 सदस्य देश हैं जो संयुक्त राष्ट्र महासभा, सुरक्षा परिषद और आर्थिक एवं सामाजिक परिषद से चुने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में शीर्ष वित्तीय योगदान देने वाले देश और शीर्ष सैन्य योगदान देने वाले देश भी इसके सदस्य हैं। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कर्मियों के रूप में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है। संयुक्त राष्ट्र के अभियानों के तहत वर्तमान में भारत के लगभग 6,000 सैन्य और पुलिसकर्मी अबेई, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, साइप्रस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, लेबनान, पश्चिम एशिया, सोमालिया, दक्षिण सूडान और पश्चिमी सहारा में तैनात हैं।

शांति अभियानों में लगभग 180 भारतीय शांति सैनिकों ने कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया है, जो योगदानकर्ता के रूप में किसी अन्य देश के मुकाबले अब तक की सबसे अधिक संख्या है।

# अंतरिक्ष के क्षेत्र में स्टार्टअप की भूमिका महत्वपूर्ण

- इसरो प्रमुख ने कहा- वैश्विक बाजार में अधिक हिस्सेदारी हासिल कर सकता है भारत

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ ने शुक्रवार को कहा कि भारत में अंतरिक्ष गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में निजी क्षेत्र व स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका है। इनकी मदद से देश वैश्विक बाजार में अधिक हिस्सेदारी हासिल कर सकता है। वह यहां केरल स्टार्टअप मिशन के कार्यक्रम हडल ग्लोबल 2024 में इसरो के विजन और भारत में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनियों के उदय पर बोल रहे थे।

सोमनाथ ने कोवलम में स्टार्टअप उत्सव के दूसरे दिन अपने संबोधन में कहा, एक स्वीकृत अंतरिक्ष ताकत होने के बावजूद, वैश्विक कारोबार में भारत की हिस्सेदारी सिर्फ दो प्रतिशत यानी 386 अरब अमेरिकी डॉलर है। भारत की योजना इसे 2030 तक 500 अरब डॉलर और 2047 तक 1,500 अरब डॉलर तक बढ़ाने की है। निजी क्षेत्र के लिए व्यावसायिक गतिविधियों की संभावनाओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के पास सिर्फ 15 परिचालन अंतरिक्ष उपग्रह हैं, जो अपेक्षाकृत कम है। सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की विशेषज्ञता और उपग्रह निर्माण कंपनियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए देश अंतरिक्ष में कम से कम 500 उपग्रह रखने की क्षमता रखता है। अब बाजार में कई निजी इकाइयां उभर रही हैं, जिनके पास उपग्रहों का निर्माण करने और उन्हें कक्षा में स्थापित करने की क्षमता है और यहां तक कि निजी 'लॉन्चपैड' भी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में जहां अंतरिक्ष से संबंधित सिर्फ एक स्टार्टअप था, वहीं 2024 तक यह संख्या बढ़कर 250 से ज्यादा हो गई है।



कार्यक्रम में संबोधित करते इसरो प्रमुख सोमनाथ।

## गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण पूरा

**चेन्नई।** अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर इसरो-नासा संयुक्त मिशन के लिए गगनयात्रियों के प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण पूरा हो गया है। अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को बताया कि आईएसएस के लिए इसरो-नासा के संयुक्त प्रयास को पूरा करने के लक्ष्य की ओर, एक्सिओम मिशन-4 (एक्स-4) के लिए नियुक्त दो गगनयात्रियों (प्राइम-ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और बैकअप-ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर) ने अगस्त, 2024 के पहले सप्ताह से अमेरिका में अपना प्रशिक्षण शुरू किया था और 28 नवंबर को प्रशिक्षण का प्रारंभिक चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। प्रारंभिक प्रशिक्षण के चरणों में ग्राउंड सुविधा पर्यटन, मिशन लॉन्च चरणों का प्रारंभिक अवलोकन, स्पेसएक्स सूट फिट चेक और चयनित अंतरिक्ष भोजन विकल्प शामिल थे। इसके अलावा, प्रशिक्षण में स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान और अंतरिक्ष से फोटोग्राफी, दैनिक संचालन दिनचर्या और संचार प्रोटोकॉल समेत आईएसएस की विभिन्न ऑनबोर्ड प्रणालियों के साथ परिचय सत्र भी शामिल थे।

## एक नजर

### वार्ताकार प्लास्टिक प्रदूषण संधि पर सहमति के करीब

**दक्षिण कोरिया।** प्लास्टिक प्रदूषण के वैश्विक संकट से निपटने के लिए काम कर रहे वार्ताकार शुक्रवार को एक संधि पर सहमति बनाने के और करीब पहुंच गए क्योंकि और भी देशों ने कहा है कि वे इस समस्या का समाधान करना चाहते हैं। वार्ता का सबसे विवादास्पद मुद्दा यह है कि क्या प्लास्टिक के उत्पादन की सीमा तय की जाए। पनामा ने प्लास्टिक उत्पादन के समाधान के लिए संधि के वास्ते एक मसौदे का प्रस्ताव किया। पनामा के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख जुआन कारलोस मोंटेरी ने कहा कि संधि के वास्ते आम सहमति बनाने के लिए यह प्रस्ताव लाया गया है और इसमें उत्पादन की सीमा शामिल नहीं की गई है। पनामा के प्रस्ताव को 100 से अधिक देशों का समर्थन मिला है।

### बुशरा बीबी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अधिकारी 19 करोड़ पाउंड के कथित भ्रष्टाचार मामले में अदालत में पेश नहीं होने पर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गिरफ्तार करने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक जवाबदेही अदालत द्वारा 22 नवंबर को सुनाए गए फैसले के बाद सख्ती की जा रही है। बुशरा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे, क्योंकि वह लगातार आठ सुनवाई में अनुपस्थित रही थीं।

### अरबपति मलेशियाई का 86 वर्ष की आयु में निधन

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल दूरसंचार, मीडिया, पेट्रोलियम और रियल इस्टेट उद्यमी आनंद कृष्णन का निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। कृष्णन की निवेश कंपनी उसाहा टेगास ने बताया कि उनके परिवार ने लोगों से निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। बयान में निधन का कारण नहीं बताया गया। इसके अनुसार आनंद ने राष्ट्र निर्माण और कॉर्पोरेट जगत में बड़ा योगदान दिया है। उनके परोपकार के कार्यों ने कई लोगों की जिंदगियों को प्रभावित किया है।

### ब्रिटेन की मंत्री ने धोखाधड़ी मामले में दिया इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन की परिवहन मंत्री लुइस हेग ने एक दशक पुराने सेलफोन धोखाधड़ी मामले में दोषी पाए जाने के बाद शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री कीअर स्टार्मर को लिखे एक पत्र में हेग ने कहा, मैं अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं, लेकिन अब मेरा मानना है कि पद से इस्तीफा देना ही सबसे उपयुक्त होगा।

### ईरान यूरेनियम संवर्धन पर शुरू करेगा कार्य: संरा

**दुबई।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) की एक निगरानी एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि ईरान अपने दो मुख्य परमाणु संयंत्रों (फोर्डो और नतानज) में हजारों उन्नत 'सेंट्रीफ्यूज' के साथ यूरेनियम संवर्धन का काम शुरू कर देगा। तेहरान के इस कार्यक्रम को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। आईएईए के नोटिस में कहा गया है कि केवल पांच प्रतिशत शुद्धता और नए सेंट्रीफ्यूज के साथ ईरान द्वारा यूरेनियम का संवर्धन किया जा रहा है, जो उसकी संवर्धन करने की मौजूदा क्षमता (60 प्रतिशत) से काफी कम है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की हो रक्षा

## भारत ने कहा- अंतरिम सरकार निभाए जिम्मेदारी, उग्र बयानबाजी व हिंसा की घटनाएं चिंताजनक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। साथ ही, उसने पड़ोसी देश में उग्र बयानबाजी और हिंसा की बढ़ती घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश सरकार के समक्ष हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ खतरों और लक्षित हमलों का मुद्दा लगातार और दृढ़ता से उठाया है। उन्होंने कहा इस मामले पर हमारा रुख स्पष्ट है।

अंतरिम सरकार को सभी अल्पसंख्यकों की रक्षा की अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जायसवाल ने कहा हम आक्रामक बयानबाजी, हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं से चिंतित हैं। इन घटनाक्रम को केवल यह कहकर खारिज नहीं किया जा सकता कि मीडिया में बढा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा हम एक बार फिर बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाने का आह्वान करते हैं। बांग्लादेशी अधिकारियों द्वारा हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर जायसवाल ने कहा कि भारत ने पाया है कि मामले में कानूनी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा जहां तक व्यक्तियों के खिलाफ मामलों का सवाल है, हमने पाया है कि कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं। जायसवाल ने कहा हमें उम्मीद है कि ये प्रक्रियाएं मामले को न्यायसंगत, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से निपटाएंगी, जिससे सभी संबंधित लोगों के कानूनी अधिकारों का पूरा सम्मान सुनिश्चित होगा।



जानकारी देते रणधीर जायसवाल।

### बांग्लादेश ने भारत से उसके राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

**ढाका।** बांग्लादेश ने कोलकाता स्थित उप उच्चायोग पर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन पर गहरी चिंता व्यक्त की और भारत से देश में उसके सभी राजनयिक मिशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। विदेश मंत्रालय के दावा किया प्रदर्शन में बांग्लादेश का झंडा फूंका गया।

### ब्रिटेन की संसद में उठा हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा

**लंदन।** ब्रिटेन के संसद सदस्य और ब्रिटिश हिंदुओं के ऑल पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप (एपीपीजी) के अध्यक्ष बॉब ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित हमलों को लेकर संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में चिंता जताई। संसद सत्र के दौरान उत्तरी लंदन में हैरो ईस्ट के सांसद ब्लैकमैन ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के कथित उत्पीड़न और हिंदू आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास को जेल भेजने की निंदा की।

### बांग्लादेश ने दोहरे मापदंड अपनाने का लगाया आरोप

**ढाका।** बांग्लादेश ने दावा किया कि भारत अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा पर दोहरे मानदंड अपना रहा है और पड़ोसी देश (भारत) की मीडिया पर ढाका के खिलाफ बहुत बड़े पैमाने पर दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया। कानून मामलों के सलाहकार आसिफ नजरूल ने कहा कि बांग्लादेश को लेकर भारत की गैर वाजिब चिंता जारी है। नजरूल ने लिखा भारत में अल्पसंख्यक के प्रति क्रूरता की अनगिनत घटनाओं का होना जारी है, लेकिन कोई पछतावा या शर्मिंदगी नहीं है।

### चिन्मय सहित 16 अन्य के बैंक खाते फ्रीज करने के आदेश



बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर जुटी भीड़।

**ढाका।** बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते 30 दिन के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। यह निर्देश गुरुवार को जारी किया गया और देश के विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को भेजा गया। ढाका ट्रिब्यून ने बीएफआईयू के हवाले से बताया कि इसमें खातों से एक महीने के लिए सभी लेन-देन निलंबित कर दिए गए हैं। इसके अलावा अन्य 16 लोगों में कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, बिस्वा कुमार सिंघा, चंडीदास बाला, जयदेव कर्माकर, लिपि रानी कर्माकर, सुधामा गौर दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और सजल दास शामिल हैं। बीएफआईयू ने बैंकों से इन व्यक्तियों के स्वामित्व वाले सभी व्यवसायों के लिए खाता खोलने के फॉर्म, केवाईसी फॉर्म और शुरुआत से लेन-देन का ब्यौरा सहित विस्तृत खाता जानकारी भी मांगी है। यह जानकारी तीन कार्य दिवसों के भीतर प्रदान की जानी चाहिए। यह कार्रवाई हाल ही में सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता चिन्मय की गिरफ्तारी के बाद की गई है। वहीं, मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को भी इस्कॉन पर प्रतिबां लगाने की मांग की।

# पाकिस्तानी महिला एजेंट को सात माह तक दी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी

- गुजरात एटीएस ने किया गिरफ्तार आरोपी के खाते में डालती थी पैसे

अहमदाबाद, एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी पाकिस्तानी एजेंट को देने के आरोप में गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस ) ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एटीएस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुजरात एटीएस को खुफिया सूचना मिली थी कि देवभूमि-द्वारका निवासी दीपेशभाई बटुकभाई गोहेल पिछले कुछ समय से व्हाट्सएप के जरिए पाकिस्तानी आर्मी या जासूसी एजेंसी आईएसआई के किसी अधिकारी या महिला एजेंट के संपर्क में है।

सूचना के आधार पर दीपेशभाई गोहेल को पूछताछ के लिये गुजरात के अहमदाबाद एटीएस ऑफिस बुलाया गया। पूछताछ में पता चला कि वह पिछले तीन साल से ओखा जेट्टी पर कोस्ट गार्ड की नावों की मरम्मत का काम कर रहा है। आज से करीब सात महीने पहले वह साहिमा नाम की एक फेसबुक प्रोफाइल के संपर्क में आया। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने उसे बताया कि वह एक महिला है और पाकिस्तान नौसेना के लिये काम कर रही है। साहिमा फेसबुक प्रोफाइल धारक ने वाटसएप के माध्यम से भी उसका संपर्क किया। इसी बीच, उक्त साहिमा ने दीपेश गोहेल से उसके काम के बारे में पूछा तब उसने बताया कि वह ओखा पोर्ट पर डिफेंस बोट में वेल्डिंग और इलेक्ट्रिकल तथा फर्नीचर संबंधी काम करता है। साहिमा ने तब उससे कहा कि वह उसे ओखा बंदरगाह पर तैनात किसी भी तटरक्षक जहाज का नाम और नंबर दे दें। वह उसे दो सौ रुपये रोज के हिसाब से हर महीने उसके बैंक खाते में पैसे जमा करेगी।



गिरफ्तार आरोपी दीपेशभाई गोहेल।

इसलिए दीपेश गोहेल ने व्हाट्सएप के जरिये साहिमा को पैसे के लिये हर दिन ओखा जेट्टी जाकर वहां मौजूद नावों के नाम और नंबर और अपने दोस्तों के यूपीआई-लिंक्ड नंबर भेजे। इसके लिये साहिमा ने उसके दोस्तों के बैंक खाते में पिछले सात-आठ महीने के दौरान यूपीआई के माध्यम से 42,000 रुपये जमा किये हैं। जिस व्हाट्सएप अकाउंट पर साहिमा ने दीपेश गोहेल के साथ चैट की वह पाकिस्तान से संचालित होता पाया गया।

## चक्रवात की आशंका



आईएमडी द्वारा समुद्र में न जाने की चेतावनी के बीच तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में मछुआरे अपनी नावों को समुद्र से दूर ले जाते हुए। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के चक्रवात फेंगल में तब्दील होने की आशंका है।

## अमेरिका ने परमाणु हथियार वितरण प्रणाली को किया उन्नत

**वाशिंगटन।** अमेरिका अपने परमाणु त्रिकोण परमाणु हथियार, मिसाइल और रणनीतिक बमवर्षक ले जाने वाली पनडुब्बियां को उन्नत कर रहा है। आरआईए नोवोस्ती की ओर से प्राप्त रोसकांग्रेस फाउंडेशन की एक रिपोर्ट में कहा गया नए एलजीएम-35 सेंटिनल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का विकास जारी है। जिसे पहले ग्राउंड-बेस्ड स्ट्रैटेजिक डिटरेंट (जीबीएसडी) के नाम से जाना जाता था। यह मौजूदा मिनटमैन तृतीय आईसीबीएम की पूरी तरह से जगह ले लेगा।

# असाध्य रोगियों के जीवन समाप्ति संबंधी विधेयक के पक्ष में मतदान

- ब्रिटिश सांसदों ने किया मतदान पक्ष में 330, विपक्ष में 275 मत पड़े

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में सांसदों ने इंग्लैंड और वेल्स में असाध्य रोग से पीड़ित व्यक्तियों को अपना जीवन समाप्त करने के लिए चिकित्सकीय सहायता का अनुरोध करने की अनुमति देने वाले ऐतिहासिक विधेयक के पक्ष में शुक्रवार को मतदान किया।

लेबर पार्टी की सांसद किम लेडबीटर द्वारा गैर सरकारी विधेयक के रूप में प्रस्तुत किए गए असाध्य रोग से पीड़ित वयस्कों (जीवन समाप्ति) विधेयक के पक्ष में 330 मत पड़े, जबकि विपक्ष में 275 मत पड़े। विधेयक को संशोधन एवं विचार के लिए संसद के उच्च सदन 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' में भेजा जाएगा। कानून में बदलाव का फैसला संसद को करना है और प्रधानमंत्री ने आधिकारिक तौर पर कहा है कि वह ऐसा कुछ नहीं कहेंगे या करेंगे, जिससे अन्य लोगों पर उनके वोट के संबंध में दबाव पड़े। हर सांसद को अपना मन बनाना होगा और तय करना होगा कि वे क्या करना चाहते हैं।

## युद्धविराम उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आह्वान


**बेरूत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने गुरुवार को इजराइल पर हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम समझौते के उल्लंघन को रोकने के लिए दबाव डालने का आग्रह किया। लेबनान के मंत्रिमंडल की मंत्रिपरिषद के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। मिकाती ने यह टिप्पणी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन के साथ फोन पर बातचीत के दौरान की। इस दौरान उन्होंने बुधवार तड़के संघर्ष विराम लागू होने के बाद लेबनान में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

# रूसी रक्षा मंत्री उ. कोरिया पहुंचे सैन्य विस्तार पर होगी बातचीत

सियोल, एजेंसी

रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव सैन्य अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं के साथ वार्ता के लिए शुक्रवार को उत्तर कोरिया पहुंचे। रूस के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रूस की समाचार एजेंसी तास ने मंत्रालय के हवाले से दी गई अपनी खबर में हालांकि यह नहीं बताया कि बेलौसोव किससे मिलेंगे या बातचीत का उद्देश्य क्या है। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस यात्रा की पुष्टि नहीं की है।

पूर्व अर्थशास्त्री बेलौसोव ने मई में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में पांचवां कार्यकाल शुरू करने के बाद रक्षा मंत्री के रूप में सर्गेई शोइगू का स्थान लिया था। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई तस्वीरों में बेलौसोव को उत्तर कोरियाई रक्षा मंत्री नो क्वांग चोल के साथ प्योंगयांग हवाई अड्डे पर 'रेड कार्पेट' पर चलते हुए दिखाया गया है। उत्तर कोरियाई सैन्य अधिकारियों को एक बैनर के तले ताली बजाते देखा गया, जिस पर लिखा था, लड़ रही रूस की सेना और उसके लोगों के प्रति पूर्ण समर्थन और एकजुटता। बेलौसोव ने अपने आगमन के बाद कहा कि दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग का विस्तार हो रहा है। उन्होंने प्योंगयांग में जून की बैठक के बाद पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन द्वारा हस्ताक्षरित रणनीतिक साझेदारी समझौते की सराहना की।




## उपराष्ट्रपति पर महाभियोग समय की बर्बादी : राष्ट्रपति

**मनीला।** फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें जान से मारने की सार्वजनिक रूप से धमकी देने के बाद से कानूनी संकट में घिरीं उपराष्ट्रपति सारा दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज करने से संसद के समय की बर्बादी होगी। कई समूह दुतेर्ते के खिलाफ महाभियोग की शिकायत दर्ज कराने की योजना बना रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बाद इन योजनाओं को रोक दिया जाएगा या नहीं। गोपनीय सरकारी धन का दुरुपयोग करने के आरोपों और राष्ट्रपति, उनकी पत्नी एवं प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को हाल में दी गई सार्वजनिक धमकी के कारण दुतेर्ते संकट में घिर गई हैं। दुतेर्ते ने कहा था कि यदि वह स्वयं किसी साजिश में मारी गईं तो राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष को भी मरवा दिया जाएगा। उन्होंने साजिश का विस्तृत विवरण नहीं दिया था।

खगोल विज्ञान | चकाचौंध कर देने वाली चमक है दूर की आकाशगंगा में

# वेब के कैमरे में पहली बार कैद हुई गैलेक्सी सोम्ब्रेरो

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार:** ब्रह्मांड की खोज खबर में जुटी जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने एक और कारनामा कर दिखाया है। इस बार 30 मिलियन प्रकाशवर्ष दूर की आकाशगंगा की तस्वीर कैमरे में कैद की है। यह आकाशगंगा चकाचौंध कर देने वाली चमक खुद में समाए हुए है, जो देखने में बेहद आकर्षक नजर आ रही है। जो महीन धूल से लेकर आंतरिक कोर क्षेत्र तारों के धब्बों को खुद मे समेटे है।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा (एम104) की नई तस्वीर को नासा ने दो दिन पहले जारी किया है। यह रोशनी से चकाचौंध कर देने वाली गैलेक्सी है। इसमें महीन धूल भरी पड़ी है। इसके आंतरिक कोर क्षेत्र में तारों को बखूबी देखा जा सकता है। नासा के अनुसार सोम्ब्रेरो आकाशगंगा विशेष रूप से अत्यधिक सक्रिय तारों का निर्माण नहीं करती है। इसके केंद्र में सुपरमैसिव ब्लैक होल मौजूद है। यह प्रति वर्ष एक से भी कम सौर द्रव्यमान वाले तारे उत्पन्न करती है। मगर बड़ी संख्या में तारों का उत्पादन होता है । मगर इसकी तुलना स्टारबर्स्ट गैलेक्सी M82 से करें तो मिल्की वे और सोम्ब्रेरो की तुलना में प्रति वर्ष 10 से 20 गुना अधिक तारे पैदा होते हैं। सोम्ब्रेरो आकाशगंगा के केंद्र में स्थित सुपरमैसिव ब्लैक होल का द्रव्यमान लगभग 9 बिलियन सौर द्रव्यमान है। सोम्ब्रेरो गैलेक्सी में लगभग 2,000 तारों का गोलाकार समूह है, जो गुरुत्वाकर्षण द्वारा गोलाकार झुरमुट में एक साथ बंधे होते हैं।

सोम्ब्रेरो आकाशगंगा कन्या राशि के निकट दक्षिणपूर्वी सीमा पर स्थित है। तस्वीरों में एम 104 एक आश्चर्यजनक आकाशगंगा नजर आती है। इसका परिमाण यानी चमक 8.3 मैनेट्यूट है। इसे छोटी दूरबीन से देख सकते हैं। यह एक चमकदार कोर वाली सर्पिल आकाशगंगा है।

### लगातार विस्तार की ओर ब्रह्मांड

**नैनीताल :** ब्रह्मांड का विस्तार निरंतर जारी है। यह कब तक जारी रहेगा, कहा नहीं जा सकता। खगोलविदों का कहना है कि जेम्स वेब की सुविधा उपलब्ध हो जाने से अंतरिक्ष की दुनिया को समझने व देखने में काफी मदद मिली है। इस तरह की अभी कई दूरबीन अंतरिक्ष में स्थापित करनी होगी, तभी हम ब्रह्मांड को भलीभांति समझ पाने में सक्षम हो पाएंगे। इस कार्य में दुनिया के सभी देशों को एकजुट होना होगा और सूचनाओं का आदान प्रदान करना होगा।